दैनिक अर्थ प्रकाश

उत्तर भारत का अनूठा अख़बार, प्रादेशिक व लोकल खबरों का एकमुश्त उपहार

आयुर्वेदिक टिप्स #380 by Veddhama Foundation

आधे सिर में दर्द

आधे सिर में दर्द होने पर एक चम्मच अजवायन आधा लीटर पानी में डालकर उबालें। पानी को छानकर रखें एवं दिन में दो-तीन बार थोड़ा-थोड़ा लेते रहने से काफी लाभ होगा।

Dr. (Vaidya) Vivek Ahuja
www.drvivekahuja.in (Ayurveda & Nadi Expert)

वर्ष 37 | अंक 232 | मूल्य 3:00 रुपये | पृष्ठ संख्या : 12 | चंडीगढ़, मंगलवार, 23 अगस्त, 2022 | भाद्रपद कृष्ण पक्ष-द्वादशी, विक्रमी संवत-2079

www.arthparkash.com
YouTube/Arth Parkash TV

प्रधानमंत्री मोदी कल जनता को समर्पित करेंगे अमृता अस्पताल

■ मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने मां अमृता आनंदमयी 'अम्मा' और प्रधानमंत्री का जताया आभार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। फरीदाबाद के सेक्टर-88 में 133 एकड़ क्षेत्र में बने अमृता अस्पताल का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अगस्त को उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित कई गणमान्य मौजूद रहेंगे। मां अमृता आनंदमयी 'अम्मा' द्वारा स्थापित किया गया यह अस्पताल इस क्षेत्र का सबसे बड़ा और अत्याधुनिक सुविधाओं वाला अस्पताल है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इस अस्पताल के शुरू होने से प्रदेश को लोगों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं में इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली एनसीआर सहित पड़ोसी राज्यों के लोग भी इस अस्पताल से लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने 'अम्मा' का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने इस अस्पताल के निर्माण के लिए हरियाणा को चुना। वहीं सीएम मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी धन्यवाद किया और कहा कि उन्होंने इस अस्पताल के उद्घाटन के लिए अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकाला।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा अधिक से अधिक गरीब परिवारों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा गया है। प्रदेश के लगभग 22 लाख परिवारों को आयुष्मान भारत योजना के जरिए 5 लाख रुपये तक की निशुल्क चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्याप्त चिकित्सकों की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए भी सरकार कई कदम उठा रही है। इसके लिए प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जाने की प्रक्रिया जारी है। इस समय प्रदेश में 13 मेडिकल कॉलेज है तथा 8 मेडिकल कॉलेज प्रक्रियाधीन है और लगभग 13 हजार चिकित्सक हैं। सरकार का लक्ष्य इनकी संख्या को बढ़ाकर 28 हजार करने का है, इसके लिए हर साल 2650 डॉक्टर्स तैयार किए जाएंगे।

2600 बेड का होगा अस्पताल

गौरतलब है कि पूर्ण रूप से तैयार होने के बाद फरीदाबाद के अमृता अस्पताल में 2600 बेड होंगे, जिनमें 534 क्रिटिकल केयर बेड शामिल हैं। अस्पताल में 64 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर होंगे। अस्पताल में एक पूरी मंजिल मां और बच्चों की देखभाल के लिए समर्पित होगी। अस्पताल में 800 डॉक्टर सहित 2500 पैरा मेडिकल स्टाफ कार्यरत रहेगा। पूरी तरह तैयार होने के बाद इस अस्पताल का कुल निर्मित क्षेत्र 1 करोड़ वर्गफुट होगा। इस अस्पताल को पूरी तरह तैयार करने में 6 हजार करोड़ का खर्च आएगा।

न्यूज़ ब्रीफ

अब्बास की तलाश में यूपी पुलिस की पंजाब में रेड

मोहाली (अप्रस)। उत्तर प्रदेश के कुख्यात गैंगस्टर मुख्तार अंसारी का बेटा अब्बास अंसारी पंजाब में छुपा हुआ है। इसी आशंका के चलते उत्तर प्रदेश की लखनऊ पुलिस ने पंजाब में रेड की। अब्बास के खिलाफ आर्म्स लाइसेंस में फर्जीवाड़े का केस है। उसके खिलाफ लखनऊ कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अब्बास का पिता मुख्तार अंसारी भी रोपड़ जेल में वीआईपी ट्रीटमेंट मिलने को लेकर घिरा हुआ है। दरअसल, अब्बास अंसारी की तलाश में जुटी यूपी की लखनऊ पुलिस को अब्बास की पंजाब में होने की लोकेशन मिली। जिसके बाद उन्होंने तुरंत पंजाब पुलिस से संपर्क साधकर ताबड़तोड़ छापामारी शुरू कर दी है। फिलहाल अब्बास पुलिस के हाथ नहीं लगा है। अब्बास पर आरोप है कि पुलिस को पहले सूचना दिए बिना ही उसने लखनऊ से जारी डबल बैरल बंदूक के लाइसेंस को नई दिल्ली के पते पर ट्रांसफर करा लिया। बता दें कि गैंगस्टर मुख्तार अंसारी 2 साल 3 महीने पंजाब की रोपड़ जेल में बंद रहा। मौजूदा आप सरकार के जेल मंत्री हरजोत बैंस ने दावा किया कि अंसारी को वीआईपी ट्रीटमेंट दिया गया। इसकी जांच भी कराई गई।

टेंशन ख़ल्लास

हरियाणा में शिक्षकों का,
हो गया हल्ला बोल।
शिक्षक कह रहे सरकार की,
अब खोलेंगे पोल।।

-अर्थ प्रकाश

दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया का भाजपा पर बड़ा आरोप, बोले-

भाजपा ने ऑफर दिया है, 'आप' छोड़कर हमारी पार्टी में आ जाओ, सीबीआई-ईडी के केस बंद करवा देंगे

■ सिसोदिया बोले- राणा का वंशज हूं, झुकूंगा नहीं

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली की नई शराब नीति में भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद सीबीआई जांच के दायरे में आए उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है। सिसोदिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि भाजपा ने उन्हें 'आप' छोड़ कर भाजपा में शामिल होने का ऑफर दिया है। भाजपा ने कहा है कि आप छोड़ दो, जब छोड़ो तो उस पार्टी को तोड़ भी दो। हमारी पार्टी में आ जाओ। सारे सीबीआई, ईडी के केस बंद करवा देंगे। मुख्यमंत्री भी बना देंगे।

गुजरात पहुंचे सिसोदिया ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री बनने के लिए सियासत में नहीं आया हूं। मैं यहां स्कूल में छात्रों को अच्छी शिक्षा मुहैया कराने के लिए आया हूं। मेरा भाजपा को जवाब है कि मैं महाराणा प्रताप का वंशज हूं, राजपूत हूं। सर कटा लूंगा, लेकिन भ्रष्टाचारियों-षड्यंत्रकारियों के सामने झुकूंगा नहीं। सिसोदिया के इस बयान के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल के घर के बाहर प्रदर्शन किया। भाजपा मनीष सिसोदिया को दिल्ली के डिप्टी सीएम पद से बर्खास्त करने की मांग कर रही है।

आप ने भी सिसोदिया को बताया महाराणा प्रताप का वंशज: सीबीआई जांच को लेकर आम आदमी पार्टी ने जाति कार्ड खेला। पार्टी ने सिसोदिया को महाराणा प्रताप का वंशज बताया। इस मामले में रविवार को सबसे पहले आप के राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव और गुजरात के नेता इसुदान गडवी ने सोशल मीडिया पर टिप्पणी की। उन्होंने लिखा कि महाराणा प्रताप के वंशज मनीष सिसोदिया को भाजपा झूठे आरोप में परेशान कर रही है। इसके चलते गुजरात के राजपूत युवाओं में रोष है।

दिल्ली में ऑपरेशन लोटस फेलः सीएम केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर दावा किया कि भाजपा अन्य राज्यों की तरह दिल्ली में ऑपरेशन लोटस चलाना चाहती थी, मगर यहां ऑपरेशन लोटस फेल हो गया। केजरीवाल ने आगे कहा कि सीबीआई के छापे भ्रष्टाचार की जांच करवाने के लिए नहीं, बल्कि सरकार गिराने के लिए डलवाए गए थे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हर सुबह केंद्र सरकार 'सीबीआई-ईडी' का खेल शुरू कर देती है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय जब आम आदमी महंगाई से जूझ रहा है, केंद्र को सभी राज्य सरकारों के साथ मिलकर बेरोजगारी और महंगाई से लड़ना चाहिए। उसकी बजाय ये पूरे देश से लड़ रहे हैं।'

आप ने भी सिसोदिया को बताया महाराणा प्रताप का वंशज

सीबीआई जांच को लेकर आम आदमी पार्टी ने जाति कार्ड खेला। पार्टी ने सिसोदिया को महाराणा प्रताप का वंशज बताया। इस मामले में रविवार को सबसे पहले आप के राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव और गुजरात के नेता इसुदान गडवी ने सोशल मीडिया पर टिप्पणी की। उन्होंने लिखा कि महाराणा प्रताप के वंशज मनीष सिसोदिया को भाजपा झूठे आरोप में परेशान कर रही है। इसके चलते गुजरात के राजपूत युवाओं में रोष है।

लो-फ्लोर बसों की खरीद के आरोप में भी एक और केस दर्ज

सीबीआई ने दिल्ली सरकार को एक और झटका दिया है। अब जांच एजेंसी ने 1000 लो-फ्लोर बसों की खरीद में कथित भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर प्रारंभिक जांच दर्ज की है। जांच केंद्रीय गृह मंत्रालय के संदर्भ पर दर्ज की गई है। दिल्ली सरकार ने बस खरीद में भ्रष्टाचार के 'आरोपों' का खंडन किया था और केंद्र सरकार पर सीबीआई का इस्तेमाल करके उसे 'परेशान' करने का आरोप लगाया है। जून में पूर्व उपराज्यपाल अनिल बैजल द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति ने बसों की खरीद के सालाना रखरखाव अनुबंध में प्रक्रियागत 'खामियां' पाई थी और इसे खत्म करने की सिफारिश की थी।

गुरुग्राम में दर्दनाक सड़क हादसा

बर्थडे पार्टी से लौट रहे चार दोस्तों की हादसे में मौत

■ मारुति कंपनी के स्टाफ को लेकर मानेसर जा रही थी बस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

गुरुग्राम। हरियाणा के गुरुग्राम जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में कार सवार 4 छात्रों की मौत हो गई है, जबकि दूसरे एक्सीडेंट में एक एमबीबीएस स्टूडेंट की मौत हुई। दोनों हादसों में 2 लोग भी घायल हुए हैं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया है।

जानकारी के अनुसार, सोमवार अलसुबह एक कार में सवार 5 दोस्त बर्थडे पार्टी के बाद घर लौट रहे थे। इसी दौरान फर्रूखनगर-वजीरपुर रोड पर गांव खेंटावास के पास एक तेज रफ्तार प्राइवेट कंपनी की बस ने जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में कार में सवार 4 युवकों की मौत हो गई। मरने वालों की पहचान अभिषेक, पारस, अविन व जसवंत शामिल है। बताया जा रहा है कि मरने वालों में 2 फरीदाबाद के और एक आगरा का रहने वाला था, जबकि चौथे मृतक का अभी पता नहीं चल पाया है। बस मारुति कंपनी के स्टाफ को चरखी-दादरी से लेकर मानेसर जा रही थी, तभी यह हादसा हुआ। हादसे में एक छात्र घायल हुआ है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसजीटी से एमबीबीएस कर रहा था सन्नी

दूसरा हादसा गुरुग्राम के ही गढ़ी हरसरू इलाके में हुआ। यहां फ्लाओवर से नीचे उतरते ही एक क्रेटा कार खड़े ट्रक में पीछे से जा टकराई, जिसमें सोनीपत निवासी सन्नी नामक छात्र की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर घायल हुआ है। दोनों गुरुग्राम की एसजीटी यूनिर्विसिटी में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे थे। रात 12 बजे डिनर करने के बाद दोनों वापस लौट रहे थे कि हादसा हो गया।

शहीद भगत सिंह पर पंजाब और हरियाणा राजी, दुष्यंत चौटाला ने पंचकूला जोड़ने की लगाई शर्त

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट को लेकर पेंच फंसता नजर आ रहा है। एयरपोर्ट का नाम शहीद भगत सिंह के नाम पर रखने को पंजाब और हरियाणा सरकार राजी है। इस बारे में वह पहले भी विधानसभा में प्रस्ताव पास कर चुके हैं। हालांकि हरियाणा सरकार का कहना है कि इसमें पंचकूला को भी जोड़ा जाए। पंजाब इसमें सिर्फ मोहाली को जोड़ने की बात कह रहा है। पंजाब की आप सरकार इस मुद्दे पर खुलकर कुछ भी कहने से कतरा रही है। इसे देखते हुए अकाली दल ने भी आम आदमी पार्टी सरकार से जवाब मांगा है।

हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि फिलहाल इसका नाम चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। हम केंद्र सरकार को संयुक्त तौर पर कहेंगे कि 28 सितंबर को शहीद भगत सिंह का115वां जन्मदिवस है। उससे पहले केंद्र इसका नाम शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट चंडीगढ़, मोहाली-पंचकूला करे। चंडीगढ़ हमारी राजधानी है। यह ट्राईसिटी का एयरपोर्ट है तो इसमें मोहाली और पंचकूला भी शामिल हो। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले सीएम भगवंत मान ने हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के बीच मीटिंग हुई थी। जिसके बाद मान ने कहा कि चंडीगढ़ एयरपोर्ट का नाम शहीद ए आजम भगत सिंह के नाम पर होगा। इसके लिए पंजाब और हरियाणा सरकार में सहमति बन गई है। हालांकि शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आगे सिर्फ मोहाली होगा या चंडीगढ़ और पंचकूला का नाम भी होगा, इस पर पंजाब सरकार खामोश है।

हिमाचल कैबिनेट की बैठक का अहम निर्णय

भवन निर्माण के लिए 15 लाख रुपये ले सकेंगे कर्मचारी

■ सितंबर में मिलेगी एरियर की किस्त

अर्थ प्रकाश/ संदीप उपाध्याय

शिमला। हिमाचल कैबिनेट की बैठक सोमवार को सीएम जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में हुई, बैठक में सरकार ने निर्णय लेते हुए कर्मचारियों को हाउस बिल्डिंग एडवांस के तौर पर 7.50 लाख रुपये की सीमा को बढ़ाकर 15 लाख रुपये करने का फैसला किया। अब कर्मचारी 15 रुपये लेकर भवन निर्माण कर सकेंगे। जाहिर है कि यह कर्मचारी वर्ग के लिए राहत की बात है। सचिवालय में मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया है। जल शक्ति विभाग में 320 पद पैरा वर्करों के भरने का प्रस्ताव लाया गया है। संभवत सरकार पैरा वर्करों के पद भरने की मंजूरी प्रदान करेगी।

स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा कर्मचारियों और पेंशनरों को एरियर की पहली किश्त देने की घोषणा की गई थी। वित्त विभाग की ओर से एरियर की पहली किस्त का भुगतान अगले महीने सितंबर में किया जाएगा। 1000 करोड़ रुपये की पहली किस्त के तौर पर कर्मचारियों को आठ से दस प्रतिशत एरियर प्राप्त होगा। जिसके तहत निचले स्तर के कर्मचारियों को 40 हजार रुपये तक प्राप्त होंगे, जबकि इससे ऊपर के पदों पर सेवारत कर्मचारियों को अधिकतम 80 हजार रुपये एरियर के तौर पर मिलेंगे।

चुनावी वर्ष में हर प्रयास करेगी सरकार: गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव इसी वर्ष होने हैं। सरकार का प्रयास है कि हर वर्ग को साधा जाए। हालांकि सरकार पर वित्तीय बोझ भी है किंतु उसे कई वर्गों की मांगों पर ध्यान देना ही पड़ेगा। हिमाचल प्रदेश में सरकारी नौकरी के लिए बरकरार आकर्षण को हर राजनीतिक दल समझता है। जलशक्ति विभाग में पैरा वर्करों को नियुक्त करना भी रोजगार देने की ओर एक कदम है।

न्यूज ब्रीफ

जूनियर कुराश चैंपियनशिप में छाई एसडी कन्या की छात्राएं

नरवाना (अप्रस/अनिल)। 13 व14 अगस्त को हरियाणा स्टेट कैडेट एवं जूनियर कुराश चैंपियनशिप 2022-23 का आयोजन रोहतक में किया गया। जिसमें एस डी कन्या महाविद्यालय नरवाना की छात्राओं ने भाग लिया तथा 12वीं कक्षा की छात्रा दीप्ति पुत्री धर्मवीर ने 44 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक एवं दसवीं कक्षा की छात्रा प्रीति पुत्री राजेश ने 40 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक एवं छठी कक्षा की छात्रा प्रीति पुत्री धर्मवीर ने 35 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर पूरे नरवाना क्षेत्र एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्राओं का विद्यालय पहुंचने पर फूल मालाओं द्वारा स्वागत किया गया तथा छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय के कार्यवाहक प्रिंसिपल विशाल गुप्ता एवं सुनीता मोर ने बताया कि छात्रा दीप्ति पहले भी स्टेट और नेशनल लेवल की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत चुकी है और अब की बार भी दीप्ति एवं प्रीति का चयन 26 से 28 अगस्त को रोहतक में होने वाली नेशनल प्रतियोगिता में हुआ है। प्रिंसिपल सुनीता मोर ने बताया कि छात्राओं की सफलता का श्रेय इनकी मेहनत और कोच सुनील को जाता है। छात्राओं की इस उपलब्धि पर संस्था के प्रधान सुरेश सिंघल, उपप्रधान राजकुमार गोयल, सचिव जीयालाल गोयल, कोषाध्यक्ष जवाहर लाल सिंगला ने स्कूल स्टाफ व बच्चों को बधाई दी।

कम्पार्टमेंट परीक्षा हेतु 25 तक करें आवेदन

सोनीपत (अप्रस)। जिला शिक्षा अधिकारी कौशल्या आर्य ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा सैकेण्डरी एवं सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) परीक्षा सितम्बर-2022 की कम्पार्टमेंट/अतिरिक्त विषय, आंशिक व पूर्ण विषय अंक सुधार की परीक्षा हेतु 25 अगस्त, 2022 तक बोर्ड की वेबसाइट www.bseh.org.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सैकेण्डरी एवं सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा सितम्बर-2022 के लिए एकमुश्त आवेदन शुल्क 800 रूपए के साथ कम्पार्टमेंट/अतिरिक्त विषय, आंशिक व पूर्ण विषय अंक सुधार से संबंधित परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन भरने की तिथि बिना विलंब शुल्क 18 से 25 अगस्त तक निर्धारित की गई है। इसके पश्चात 100 रूपए विलम्ब शुल्क सहित 26 से 29 अगस्त तक, ×00 रूपए विलंब शुल्क सहित ×0 अगस्त से 02 सितम्बर तक तथा 1000 रूपए विलंब शुल्क सहित × से 6 सितम्बर, 2022 तक आवेदन कर सकते हैं। आर्य ने बताया कि सैकेण्डरी एवं सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा के लिए आवेदन फार्म तथा शुल्क ऑनलाइन ही भरे जाने हैं। आवेदन फार्म व शुल्क जमा करवाने उपरान्त केवल अतिरिक्त विषय के परीक्षार्थी ही आवेदन-पत्र व अन्य दस्तावेजों की हार्ड कॉपी सहायक सचिव (सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी) हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के नाम भेजेगें एवं शेष परीक्षार्थी हार्ड कॉपी अपने पास सुरक्षित रखेगें।

हरिओम अत्री ने संभाला सोनीपत डीआरओ का पदभार

सोनीपत (अप्रस)। हरिओम अत्री ने सोमवार को सोनीपत के जिला राजस्व अधिकारी(डीआरओ)का पदभार संभाल लिया है।

पदभार संभालने हुए नवनियुक्त डीआरओ हरिओ अत्री ने कहा कि उनकी प्राथमिकता सरकार व जिला प्रशासन की ओर से चलाई जा रही लोक हितैषी नीतियों को अंतिम पात्र व्यक्ति तक पंहुचाने की रहेगी। उनकी पहली प्राथमिकता कार्य प्रणाली को पारदर्शी बनाए रखने की होगी। सोनीपत से पहले डीआरओ हरिओम अत्री हिसार व फतेहाबाद में डीआरओ तथा गुरूग्राम में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त के पद पर भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने सोनीपत व गन्नौर में तहसीलदार के पद को सुशोभित किया है, इसलिए सोनीपत जिला की प्राथमिकताओं से भलीभांति परिचित हैं। डीआरओ ने कहा कि उपायुक्त ललित सिवाच के मार्ग दर्शन में जिला के चंहुमुखी विकास के लिए अपना बेस्ट देने का प्रयास करेंगे और उनके नेतृत्व में लोगों के कार्य पूरी ईमानदारी तथा समयबद्ध तरीके से किए जाएंगे।

बीएमयू से करें कॉमर्स एंड मैनेजमेंट की पढ़ाई

रोहतक (अप्रस/सुकरमपाल)। फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के डीन डॉ. रवि राणा ने बताया कि बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स में विभिन्न पाठ्यक्रमों के तहत प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक विद्यार्थी बीबीए, बीसीए, बी.कॉम., बी.कॉम. ऑनर्स, एम.कॉम., एम.बी.ए., एम.सी. ए. आदि निम्न कोर्सेज में एडमिशन ले सकते हैं। विश्वविद्यालय का यह संस्थान वर्ष 1995 से कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाए हुए है। इस फैकल्टी में डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स, डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट, डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन शामिल हैं जो विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए एक साथ मिलकर कार्य करते हैं। यहां विद्यार्थियों के ज्ञान अर्जन के लिए एक विशाल पुस्तकालय, रीडिंग रूम, कंप्यूटर लैब, खेलने का विशाल मैदान, एनसीसी, एनएसएस आदि भी हैं जो शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक दृष्टि से उत्तम बनाने का कार्य करती हैं। दूरदराज के विद्यार्थियों के लिए हॉस्टल सुविधा भी उपलब्ध है। इस संस्थान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कौशल और ज्ञान के क्षेत्र में आत्म निर्भर बनाकर नौकरी प्रदान कराना ही नहीं बल्कि उद्योग के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकी के साथ पाठ्यक्रम का गहन अध्ययन कराना भी है जिससे वे स्वयं उद्योग के क्षेत्र में अपने आप को स्थापित कर सकें। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में ट्रेंनिंग एंड प्लेसमेंट सेल भी स्थापित जो प्रत्येक वर्ष अनेक कंपनियों के द्वारा विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य करता है। ट्रेंनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के तहत विद्यार्थियों को रोजगार के क्षेत्र में साक्षात्कार या लिखित परीक्षा की तैयारी के विषय में भी कोचिंग दी जाती है जिससे अच्छी कम्पनी में रोजगार प्राप्त कर सकें। यहां कैंपस पर हर साल छात्रों का चयन करके रोजगार उपलब्ध कराती हैं। अब तक यहां से सैकड़ों छात्र रोजगार प्राप्त कर चुके हैं।

हरियाणा के हजारों शिक्षकों का चंडीगढ़ में हल्लाबोल

रेशनेलाइजेशन के खिलाफ उठाई आवाज, सरकार के आदेशों को किया दरकिनार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 22 अगस्त। हरियाणा सरकार की रेशनेलाइजेशन नीति के विरोध में हरियाणा के हजारों शिक्षक स्कूलों से छुट्टी करके सोमवार को चंडीगढ़ पहुंच गए। शिक्षकों ने पंचकूला में शिक्षा सदन के बाहर प्रदर्शन के बाद चंडीगढ़ कूच किया। जहां पुलिस ने चंडीगढ़ की सीमा में प्रवेश करते ही उन्हें रोक लिया। काफी देर तक चंडीगढ़ व हरियाणा की सीमा पर हंगामा होता रहा।

हरियाणा सेकेंडरी शिक्षा विभाग द्वारा तबादलों के दौरान किए गए गलत रेशनलाइजेशन और नॉर्मलाइजेशन के विरोध में हरियाणा स्कूल लेक्चरर्ज एसोसिएशन (हसला) के हजारों शिक्षक आज पंचकूला में एकत्र हुए। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ और पंजाबी अध्यापक संघ ने भी हसला का समर्थन किया।

अध्यापक संगठनों द्वारा आज किए गए प्रदर्शन से पहले हरियाणा सरकार ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया था कि वह अपने-अपने जिलों में स्कूल अध्यापकों की उपस्थिति को यकीनी बनाएं। सरकार द्वारा यह भी कहा गया था कि आज के प्रदर्शन में शामिल होने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके बावजूद भारी संख्या में शिक्षक आज स्कूल छोड़कर चंडीगढ़ पहुंचे।

हसला राज्यप्रधान सतपाल सिंधु ने कहा कि शिक्षा मंत्री तथा विभागीय अधिकारियों के साथ हुई बैठकों में कोई परिणाम नहीं निकला।

हसला की मांगो को जायज मानते हुए प्रदेश के कई अध्यापक संगठन सर्मथन में आ गए। जिनमें हरियाणा प्राथमिक शिक्षक संघ, मौलिक अध्यापक संघ हरियाणा, पंजाबी भाषा अध्यापक संघ, हरियाणा शारीरिक शिक्षक संघ शामिल है।

अध्यापकों ने पंचकूला स्थित शिक्षा सदन के बाहर शक्ति प्रदर्शन करने के बाद चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास की तरफ कूच किया। इसके बाद अध्यापकों को पंचकूला तथा चंडीगढ़ पुलिस ने चंडीगढ़ की सीमा पर रोक लिया। जहां काफी देर तक हंगामे के बाद अध्यापकों का एक शिष्टमंडल मुख्यमंत्री के ओएसडी भूपेश्वर दयाल से मिले। इस बैठक में कोई समाधान नहीं निकला।

आज के धरने को पूर्व प्रधान किताब सिंह मोर, पूर्व महासचिव दयानन्द दलाल,पंचकूला जिला प्रधान सुनील वर्मा,यमुनानगर जिला प्रधान शशिकांत चौधरी,अंबाला जिला प्रधान रमाकांत मलासी, हिसार जिला प्रधान विक्रम सिसाय, जींद जिला प्रधान जोगिंदर लौहान, फतेहाबाद जिला प्रधान कृष्ण मंदेरना समेत कई नेताओं ने संबोधित किया।

ये है प्रमुख अन्य विसंगतियाँ

- हाई स्कूल में हिंदी,इंग्लिश के प्राध्यापक पदों को खत्म करना।
- आर्टस स्ट्रीम वाले सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में पीजीटी साइंस व पीजीटी मैथ के पदों को सरप्लस करना।
- कार्यभार होते हुए पांच साल से पहले अनेक पद कैप्ट करना।
- फिजिकल एजुकेशन,फाइन आर्ट सहित अनेक विषयों का नॉर्मेलाइजेशन ठीक नहीं करना।
- वाणिज्य संकाय वाले कई स्कूलों से अर्थशास्त्र विषय को कैप्ट करना।
- वोकेशनल लेक्चरर को पीजीटी पद के विरुद्ध ड्राइव में शामिल करना।
- आरओएच के पीजीटी को मेवात के स्कूल ऑप्शन नहीं देना।

अध्यापक संगठनों की मुख्य मांगे

- 300 पदों से कम संख्या वाले विषयों के लिए जोन की बाध्यता हटाना।
- क्लस्टर लेवल पर तीनों स्ट्रीम दिए जाएं।
- साइंस स्ट्रीम के तीनों विषयों फिजिक्स, केमिस्ट्री,बायोलॉजी में टोटल पार्टिसिपेट से पांच प्रतिशत अधिक पद उपलब्ध करवाए जाएं।
- जिन विद्यालयों में पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विषय को पोलिटिकल साइंस के पीजीटी पढ़ा रहे थे उन पदों को कैप्ट न करना।
- स्कूल ऑप्शन भरने का यथासंभव समय दिया जाए।

हर छात्र को शिक्षक और हर शिक्षक को छात्र की योजना पर होंगे तबादलेः शिक्षामंत्री

एक तरफ हरियाणा के अध्यापकों ने सरकार की तबादला नीति के विरोध में सोमवार को चंडीगढ़ में धरना दिया वहीं दूसरी तरफ ऑनलाइन ट्रांसफर ड्राइव पर शिक्षामंत्री कंवरपाल ने कहा कि यह तबादले हर छात्र को शिक्षक और हर शिक्षक को छात्र देने के लिए किए जा रहे हैं। शिक्षामंत्री कंवरपाल ने सोमवार को कहा कि शिक्षा विभाग की ओर से ट्रांसफर ड्राइव का कार्य निष्पक्ष और सही तरीके से किया जा रहा है। ट्रांसफर ड्राइव के दौरान विभाग की ओर से जब रेशनेलाइजेशन किया गया तो पाया कि कुछ स्कूलों में अध्यापक तो हैं लेकिन छात्र नही हैं जबकि कई स्कूलों में छात्र संख्या अच्छी है लेकिन शिक्षक कम हैं ,इसी कोई देखते हुए विभाग की कोशिश है कि सभी स्कूलों में सभी छात्रों को पूरे अध्यापक मिलें। रेशनेलाइजेशन पर जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि कई स्कूल ऐसे हैं जिनमे शिक्षक एक दिन में केवल 2 पीरियड ही पढ़ा पा रहे हैं वहां छात्र संख्या बिल्कुल कम है। शिक्षामंत्री ने बताया कि विभाग की कोशिश है कि विज्ञान संकाय का भी इन तबादलों में विशेष ध्यान रखा जाए ताकि विज्ञान विषय के छात्रों को भी पर्याप्त संख्या में शिक्षक मिल सके। स्कूलों को बंद करने और पदों को खत्म करने की खबरों को उन्होंने निराधार बताया। उन्होंने कहा कि कुछ स्कूल विभाग की ओर से मर्ज किए गए हैं जहां छात्र संख्या बिल्कुल ही कम थी और उन स्कूलो को भी 3 किलोमीटर के दायरे में आने वाले सबसे नजदीक के स्कूल में ही मर्ज किया गया है।

राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता यू 20 / यू 15 फेडरेशन कप 24 से 26 अगस्त तक

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

रोहतक, 22 अगस्त। रोहतक हरियाणा में होगा यह जानकारी हरियाणा कुश्ती संघ के नवनिर्वाचित प्रधान रोहताश सिंह नांदल एवं महासचिव राकेश सिंह की टीम ने देते हुए कहा कि हरियाणा में राष्ट्रीय स्तर की कोई प्रतियोगिता 20 वर्ष के बाद होने जा रही है जिसमें राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय विभिन्न विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे खिलाड़ी एवं हरियाणा वासियों के लिए बड़े महोत्सव की तरह होगा क्योंकि इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का शुभारंभ कुश्ती के मसीहा माननीय सांसद लोकसभा श्री बृज भूषण शरण सिंह जी अध्यक्ष भारतीय कुश्ती संघ मुख्य अतिथि के रूप में 24 अगस्त को आशीर्वाद देकर करेंगे श्री राजवीर सिंह लोहान कुलपति महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय एवं डायरेक्टर स्पोर्ट्स एमडीयू देवेंद्र विशिष्ट अतिथि होंगे 24 अगस्त 2022 को कुश्ती में कॉमन वेल्थ के मेडल विजेता सभी खिलाड़ियों को उनके माता-पिता के साथ भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया जाएगा हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष ने बताया जिस तरह हरियाणा राज्य दूध दही के खाने एवं अतिथि सत्कार में मशहूर है उसी तर्ज पे अच्छे इंतजाम किए हैं जिसमें हरियाणा उत्तर प्रदेश महाराष्ट्र दिल्ली समेत 16 राज्यों के कुश्ती खिलाड़ी भाग लेंगे इस नेशनल कुश्ती फेडरेशन कप में 15 वर्ष से 20 वर्ष तक के लड़के और लड़कियां भाग लेंगे। इस मौके पर आज आयोजन समिति ने सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा ली एवं प्रेस वार्ता सभा में डायरेक्टर स्पोर्ट्स एम डीयू देवेंद्र सिंह दुल हरवीर कौर रोहतास सिंह नांदल रमेश कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजेंद्र लोहान प्रदेश कुश्ती उपाध्यक्ष अशोक कुमार एन आई एस रणवीर ढाका भी आयोजन समिति सदस्य मौजूद थे हरियाणा के खिलाड़ियों में हरियाणा वासियों के लिए गर्व की बात है इस कुश्ती खेलों के राष्ट्रीय आयोजन में करीब 700 लड़के और लड़कियां हिस्सा लेंगे एवं देश प्रदेश से।

मुख्यमंत्री के निर्देशों के तहत स्कूलों में ट्रांसपोर्ट अधिकारी की देंगे जिम्मेदारी : उपायुक्त सिवाच

अर्थ प्रकाश संवाददाता

सोनीपत, 22 अगस्त। मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिले निर्देशानुसार उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतरीन संचार सुविधाएं दी जाएगी, जिसके अंतर्गत विद्यालयों में ट्रांसपोर्ट अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

उपायुक्त ललित सिवाच ने राज्य स्तरीय दिशा की बैठक उपरांत संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उनसे पहले दिशा की बैठक लेते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने निर्देश दिए कि स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए बेहतरीन संचार व्यवस्था के लिए ट्रांसपोर्ट अधिकारी की नियुक्ति की जाए। इस पर उपायुक्त सिवाच ने कहा कि स्कूलों में ट्रांसपोर्ट अधिकारी की व्यवस्था की जाएगी।

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने एजेंडा में शामिल सभी योजनाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए, जिस पर उपायुक्त सिवाच ने सभी दिशा-निर्देशों की अनुपालना का भरोसा दिया।

बैठक के दौरान मेरी फसल मेरा ब्यौरा, ग्राम पंचायतों में वाई-फाई की व्यवस्था, शिक्षा विभाग के तहत ड्रोप आउट स्थिति व 3 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहन देना व मिड-डे मील की समीक्षा, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, वृद्धावस्था पैंशन योजना, हर घर जल योजना, हर घर बिजली, स्वास्थ्य विभाग के तहत कोरोना वैक्सिनेशन, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए आवास की व्यवस्था के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना, अंत्योदय आधार कैंटिन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाएं, प्रधानमंत्री एंप्लोयमेंट जनरेशन प्रोग्राम, नेशनल हैल्थ मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, मनरेगा तथा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना इत्यादि योजनाओं की समीक्षा की गई।

जल भराव की समस्या के समाधान के लिए पोर्टल पर करवायें पंजीकरण

उपायुक्त ललित सिवाच ने किसानों का आह्वान किया कि वे जल भराव की समस्या के समाधान के लिए संबंधित पोर्टल पर पंजीकरण अवश्य करवायें। इससे समस्या के स्थाई समाधान में मदद मिलेगी। जल ठहराव की समस्या के स्थाई समाधान की दिशा में ठोस कदम बढ़ाये जा रहे हैं। जल भराव की समस्या को लेकर सोमवार को विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से एचडब्ल्यूआरए की चेयरपर्सन केशनी आनंद अरोड़ा की अध्यक्षता में उपायुक्तों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संबंधित विभागीय अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। विडियो कान्फ्रेंस के उपरांत उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश् दिए। उन्होंने कहा कि करवाये गये सर्वे अनुसार करीब बीस हजार एकड़ भूमि जल भराव से प्रभावित होती है, जिसके तहत 25 कलस्टर बनाये गये हैं। ताकि समस्या का समाधान करवाया जा सके। उपायुक्त सिवाच ने कहा कि लोगों को पंजीकरण पर आवेदन करने के लिए जागरूक करने के लिए नियमित रूप से कैंप आयोजित किये जायें। अब तक दस कैंप लगाये गये हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम मिले हैं। लोगों को जल भराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए और जागरूकता कैंप लगवायें।

महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह 2 अक्तूबर को राम भवन में

टोहाना (अप्रस/सुरेश)। महाराजा अग्रसेन जयंती रविवार 2 अक्तूबर को राम भवन में धूमधाम से मनाई जाएगी। इस बारे में अग्रवाल सभा के कार्यालय में अग्रवाल सभा के प्रधान रमेश गोयल की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए प्रवक्ता अजय गोयल ने बताया कि समारोह में अग्रवाल समाज के आर्थिक रुप से पिछड़े परिवारों के लिए कल्याणकारी योजना की घोषणा की जाएगी। इस अवसर पर टेकचंद मोदी, ज्ञानी राम बंसल, कमल जैन, नानूराम मित्तल, वाई. पी. गर्ग, संदीप चौधरी, सुभाष गोयल, अधिवक्ता रजनीश जैन, नंदलाल गर्ग, सुभाष गर्ग, बजरंग गोयल, कृष्ण बंसल, राधेश्याम सहित अग्रवाल सभा के सदस्य उपस्थित रहे।

चिराग योजना की आड़ में सरकारी स्कूलों को बर्बाद कर रही मनोहर सरकार : केवाईएस

धरोदी के सरकारी स्कूल के गेट पर ताला जड़ फूंका खट्टर सरकार का पुतला

अर्थ प्रकाश/अनिल कुमार

नरवाना, 22 अगस्त। क्रांतिकारी युवा संगठन के बैनर तले सैंकड़ों युवाओं ने इकट्ठा होकर हरियाणा सरकार द्वारा चिराग योजना और गैर जरूरी तबादला नीति के तहत सरकारी स्कूलों के बंद करने के खिलाफ धरोदी गांव में आक्रोश रैली निकाली और गांव के सरकारी स्कूल के गेट पर ताला जड़ कर ही स्कूल गेट पर हरियाणा सरकार का पुतला फूंक कर अपना विरोध जताया। छात्र राकेश ने कहा कि हरियाणा सरकार का 105 सरकारी स्कूलों को बंद करने का फैसला और चिराग योजना गरीब छात्रों को अनपढ़ रखने का रास्ता तैयार करता है। सरकारी स्कूलों को बंद करने का सब से ज्यादा खमियाजा गरीब परिवार के छात्रों को भुगतना पड़ेगा। सरकार कम संख्या के नाम पर सरकारी स्कूलों को बंद करती जा रही है, जहां इस नीति से बहुसंख्यक आबादी शिक्षा से वंचित होती चली जाएगी, वहीं दूसरी तरफ शिक्षा के क्षेत्र में अपना भविष्य देखने वाले युवाओं के लिए भी सरकारी रोजगार के अवसर कम होंगे। छात्र अभिषेक ने कहा कि सरकार का कहना है कि इन स्कूलों में छात्र संख्या कम है इसलिए इनको बंद किया जा रहा है, लेकिन सरकार इस पर कोई ध्यान नहीं दे थी की सरकारी स्कूलों में दिन प्रतिदिन छात्रों की संख्या कम होने के पीछे क्या कारण है ? सरकार ने खुद मानसून सत्र में स्वीकार किया है कि सरकारी स्कूलों में लगभग पैंतीस हजार शिक्षकों के पद खाली पड़े है। अगर स्कूलों में टीचर नहीं होंगे तो बच्चे कैसे पढ़ेंगे? धरोदी गांव के ही स्कूल से तीन अध्यापकों जिस में विज्ञान, मैथ और इंग्लिश के अध्यापक भी शामिल है उनका ट्रांसफर कर दिया है और उन की जगह नए अध्यापक कब तक आयेंगे इस बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन सरकार इस पर कोई ध्यान न देकर सिर्फ सरकारी स्कूलों को खत्म करने पर तुली हुई है।

न्यूज ब्रीफ

महर्षि वाल्मीकि का दर्शन आज भी अनुकरणीय

पिहोवा (अप्रस/पौलस्त्य)। जजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर रणधीर सिंह ने गांव ककराला गुजरान में वाल्मीकि समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि भारतवर्ष की धरती ऋषिओं,मुनियों, संतों, महात्माओं और पीर पैगंबरों की धरती है। इन्होंने सदा ही दुनिया को प्रेम, शांति और सद्भाव का मार्ग दिखाया है। इसी ऋषि परंपरा में महर्षि वाल्मीकि जी का नाम बड़े आदर के साथ लिया जाता है। महर्षि वाल्मीकि जी ने रामायण की रचना करके एक आदर्श रामराज्य का आदर्श विश्व के सामने रखा है। उन्होंने समस्त विश्व को शांति, प्रेम, करुणा, सद्भाव और मानवता का अनुकरणीय संदेश दिया है। उनका संदेश सदियां बीत जाने के पश्चात आज भी प्रासंगिक है और हमेशा रहेगा। वर्तमान के वैश्वीकरण के दौर में जहां चारो और अनाचार, भय और अशांति का वातावरण व्याप्त है, ऐसे समय में महर्षि वाल्मीकि जी के विचार और दर्शन समूची मानवता के लिए आज ही अनुकरणीय हैं।

जूनियर राज्य स्तर हाई जंप में जीता कांस्य पदक

पिहोवा (अप्रस)। राजीव गांधी खेल परिसर रोहतक में आयोजित 7वीं जूनियर राज्य स्तरीय एथलेटिक चैंपियनशिप में गूंज वेलफेयर क्लब द्वारा चल रही पांचाल स्पोर्ट्स अकादमी, पिहोवा के 15 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया । संस्था के अध्यक्ष व एथलेटिक कोच रजत कुमार ने बताया कि इस राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में आयु वर्ग 16 में सुनील ने हाई जंप में तृतीय स्थान प्राप्त किया । आयु वर्ग 14 में जसप्रीत कौर ने 60 मीटर में 9.58 सेकंड ओर 600 मीटर में 1ः56.86 मिनट, राजिंदर ने 60 मीटर में 10.17 सेकंड ओर 600 मीटर में 2ः01.23 मिनट, हर्षित ने 60 मीटर में 9.59 सेकंड ओर लॉन्ग जंप में 4.00 मीटर, हरगुण सिंह ने शॉटपुट 3 की. ग्रा में 11.61 मीटर ओर बॉल थ्रो में 45.54 मीटर, प्रिंस विरक ने 3 की. ग्रा में 9.00 मीटर, आयु वर्ग 16 में रमनजीत कौर ने 100 मीटर में 16.73 सैकंड ओर 300 मीटर 50.02 सैकंड, जतिन ने 300 मीटर 54.98 सैकंड, सुनील ने हाई जंप में 1.45 मीटर, आयु वर्ग 18 में जेवलीन में सोहिल ने 31.45 मीटर, देवेंद्र ने 38.00 मीटर, अभिषेक ने 200 मीटर में 27.71 सैकंड ओर 400 मीटर में 1ः02.94 मिनट, वरुण ने 400 मीटर में 1ः05.57 मिनट, लवप्रीत ने 200 मीटर में 26.76 मीटर ओर 400 मीटर में 1.02.22 मिनट, मनप्रीत ने 200 मीटर में 29.96 सैकंड ओर 400 मीटर में 1ः07.61 मिनट का समय दिया

राजकीय कन्या स्कूल में लगा यूथ पार्लियामेंट प्रशिक्षण शिविर

कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल में यूथ पार्लियामेंट प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। प्रशिक्षण शिविर में गुहला व सीवन ब्लाक के पीजीटी को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रधानाचार्य कश्मीर सिंह ने की। प्रशिक्षण पर वक्तव्य देते हुए नोडल अधिकारी रतन कुमार, प्राध्यापक हरपाल सिंह ने कहा कि यूथ पार्लियामेंट द्वारा बच्चे धरातल पर संसद की कार्यवाही में भाग लेकर संसद की गरिमा को बहुत अच्छे से सीखते हुए अपने जीवन के आचरण में डाल कर अच्छे वक्ता, मिलसनर और समसामयिक मुद्दों को उठाना और लिखना सीखेंगे। स्कूली बच्चे इस युवा संसद में प्रतिभागी बन कर देश को उन्नति की ओर ले जाने में सहायक होंगे। इस तरह के आयोजनों में बच्चे प्रतिभागी बनकर देश के प्रति राष्ट्र भक्ति, समाज सेवा के साथ राष्ट्र के ज्वलंत समस्याओं के बारे में जानकर अपने विचार बनाकर लोगों को दिशा दे सकेंगे। इस प्रशिक्षण में प्राध्यापक राजकुमार, वीरमति, वीरेंद्र कौर, कमल मुदगिल, राजीव शर्मा, तिलकराम, सुशीला, अरुण कुमार, जय गोपाल ने हिस्सा लिया।

आर्ट ऑफ लिविंग का आनंद उत्सव कार्यक्रम संपन्न

कैथल (अप्रस)। आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा आयोजित आनंद उत्सव कार्यक्रम का समापन हुआ। आर्ट ऑफ लिविंग आचार्या सोनिया मिगलानी की सहायता से आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से शिविर में साधकों ने योग-ध्यान, प्राणायाम, भजन-सत्संग एवं सुदर्शन क्रिया के साथ साथ छोटे-छोटे बिंदुओं की ज्ञानवर्धक व सार्थक जानकारी प्राप्त की। साधकों द्वारा आत्मबोध, आत्मदर्शन एवं आत्मसाक्षात्कर की दिव्य अनुभूति करते हुए परमशान्ति, आत्मिक आनंद तथा दिव्य ऊर्जा का अतुल्य अनुभव इस कार्यक्रम की प्रमुख विशेषता रही। सोनिया मिगलानी ने बताया कि सम्पूर्ण भारत में लगभग 20000 लोग इस शिविर से लाभान्वित हुए हैं। प्रतिभागियों में से मोहित जैन ने बताया कि अपने दुर्लभ मानव जीवन को एक नवीन दृष्टिकोण के साथ समझने का स्वर्णिम अवसर प्राप्त हुआ।

आईजी कॉलेज के नए शैक्षणिक सत्र का हवन यज्ञ के साथ शुभारंभ

कैथल (अप्रस)। इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय में हवन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में यजमान के रूप में सीनियर सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस मकसूद अहमद उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्यअतिथि ने कॉलेज की संस्थापिका सदस्या ओम प्रभा जैन की प्रतिमा पर माला अर्पण की। तत्पश्चात उन्होंने दीपदान कर गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हवन में आहुति डाली। मुख्यअतिथि द्वारा कमर्शियल आर्ट की प्रदर्शनी का निरीक्षण किया गया। संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा सुंदर भजन से रंगारंग कार्यक्रम का आगाज किया गया। महिला महाविद्यालय समिति के प्रधान जगदीश बहादुर खुरानिया ने मुख्य अतिथि का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में कहा कि अपने लक्ष्य को सार्थक करने के लिए जी तोड़ मेहनत करें। साथ ही उन्होंने नारी के सम्मान में स्वरचित कविता पढ़ी। कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान रामबहादुर खुरानिया ने मुख्याथिति का कॉलेज पहुंचने पर धन्यवाद किया। प्रबंधक समिति के महासचिव नरेंद्र मिगलनी ने छात्राओं को नए सत्र के शुभारंभ पर बधाई दी। कॉलेज प्रचार्या आरती गर्ग व सायंकालीन सत्र की प्रचार्या प्रभारी सुरभि शर्मा ने सभी का नए सत्र के शुभारम्भ पर कॉलेज आगमन पर स्वागत किया। अंत में मुख्यातिथि ने प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कॉलेज मैनेजमेंट ने मुख्यतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक समिति के उपप्रधान सुभाष शर्मा, कोषाध्यक्ष बालकृष्ण लाटका, नारसी मित्तल, सोम प्रकाश मंगल, प्रधान अनाजमंडी श्याम बहादुर खुरानिया, सतीश चावला व सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

हरियाणा में बने यूथ हॉस्टलों में सभी सुविधायें मुहैया करवाना सुनिश्चित करें अधिकारी : मुख्य सचिव

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 22 अगस्त। हरियाणा के मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खिलाड़ियों और युवाओं की सुविधा के लिए बनाए गए यूथ हॉस्टल में सभी प्रकार की सुविधायें मुहैया करवाना सुनिश्चित करें, ताकि युवाओं को वाजिब दामों पर रहने की सुविधा मिले।

मुख्य सचिव आज यूथ हॉस्टल से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्तों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में खेल एवं युवा मामले विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ महावीर सिंह और निदेशक श्री पंकज नैन भी उपस्थित रहे।

श्री संजीव कौशल ने कहा कि सरकार ने खिलाड़ियों व युवाओं को कम खर्चे पर आवासीय सुविधा प्रदान करने के लिए इन हॉस्टल का निर्माण किया है। इसलिए इन हॉस्टल का रखरखाव सुनिश्चित किया जाए।

मुख्य सचिव ने पंचकूला और कुरुक्षेत्र जिला उपायुक्तों को यूथ हॉस्टल का दौरा कर वहां उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का जायजा लेने और आवश्यकतानुसार सुधार करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि यमुनानगर और भिवानी के यूथ हॉस्टल में नेहरू युवा केंद्र का कार्यालय संचालित है। इस पर मुख्य सचिव ने जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए कि एक माह के अंदर इन हॉस्टल को खाली करवाया जाए और सभी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

रेवाड़ी के जिला उपायुक्त ने मुख्य सचिव को अवगत कराया कि वर्तमान में यूथ हॉस्टल में सैनिक स्कूल चल रहा है। सैनिक स्कूल का भवन तैयार हो चुका है और आगामी 15 दिनों में यूथ हॉस्टल को खाली कर दिया जाएगा। गुरुग्राम के उपायुक्त ने बताया कि यूथ हॉस्टल में अतिरिक्त श्रम आयुक्त का कार्यालय संचालित है, जिसे एक माह में स्थानांतरित कर हॉस्टल को खाली कर दिया जाएगा।

बैठक में खेल विभाग के निदेशक श्री पंकज नैन ने बताया कि इस समय प्रदेश में 7 जिलों नामतः रेवाड़ी, गुरुग्राम, यमुनानगर, भिवानी, सिरसा, कुरुक्षेत्र और पंचकूला में यूथ हॉस्टल स्थापित हैं। इन हॉस्टल उद्देश्य देश में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के लिए भ्रमण करने वाले खिलाड़ियों को कम लागत में आवासीय सुविधा प्रदान करने के लिए किया जा रहा है। इसके अलावा, स्टडी टूर या अन्य यात्राओं पर जाने वाले वाले युवा भी इन हॉस्टल का लाभ उठा सकते हैं।

मुख्य सचिव ने की हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास की प्रबंधक समिति की पहली बैठक की अध्यक्षता

हरियाणा के मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल ने व्यापारियों का आह्वान किया कि वे राज्य सरकार द्वारा उनके लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के हितों की रक्षा के दृष्टिगत सरकार द्वारा मुख्यमंत्री व्यापारी सामूहिक निजी दुर्घटना बीमा योजना तथा मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति बीमा योजना चलाई जा रही है। इन योजनाओं के तहत व्यापारियों को दुर्घटना में मृत्यु होने या विकलांग होने तथा उनकी संपत्ति का नुकसान होने पर उन्हें बीमा प्रदान किया जाता है। मुख्य सचिव आज यहां हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास की प्रबंधक समिति की पहली बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में 9 एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की गई। श्री कौशल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की घोषणाओं के अनुरूप उपरोक्त योजनाओं को सुव्यवस्थित ढंग से लागू करने के लिए हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास की स्थापना की गई है। इस न्यास का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही बीमा योजनाओं को एक छत के नीचे लाकर इनका उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री व्यापारी सामूहिक निजी दुर्घटना बीमा योजना तथा मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति बीमा योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि व्यापारी इन योजनाओं से अवगत हो सकें और पूर्ण रूप से इनका लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि न्यास द्वारा मुख्यमंत्री ?हरियाणा कर्मचारी दुर्घटना बीमा योजना लागू की जा रही है। इसके तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों (नियमित तथा अनुबंध आधार पर लगे कर्मचारी) को दुर्घटना के दौरान मृत्यु होने पर 5 लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाती है।

दलित अधिकार मंच ने सचिवालय पर धरना देकर किया प्रदर्शन

■ आरोप- देश में दलित, महिलाएं और अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल, 22 अगस्त। दलित अधिकार मंच ने जिला सचिवालय पर धरना प्रदर्शन करके जालौर राजस्थान, उत्तर प्रदेश व देश में पिछले कुछ सालों से लगातार बढ़ रही घटनाओं के खिलाफ नायब तहसीलदार आशीष कुमार गौड के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता दलित अधिकार मंच के संयोजक शिवचरण व संचालन विक्की टांक ने किया। प्रदर्शन में शामिल साथियों को संबोधित करते हुए शिवचरण, अमृत लाल, सत्यवान ने कहा कि एक ओर तो केन्द्र व राज्य सरकार देश की अजादी के 75वीं वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव मना रही है जबकि आज भी देश में दलित, महिलाओं और अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं है। यूपी, मध्य प्रदेश, राजस्थान में लगातार दलितों, अल्प संख्यकों पर हमले बढ़े हैं। केन्द्र सरकार एक ओर तो सबका साथ सबका विकास का ढिंढोरा पीट रही है जबकि लगातार दलितों को दोयम दर्जे पर रखते हुए शोषण किया जा रहा है। समाज के अंदर आज भी घौर जातिवादी मानसकिता के लोग रहते हैं जिसकी वजह से राजस्थान में व उत्तर प्रदेश में छात्रों को अपनी जान गवानी पड़ी। इस अवसर पर मंच की ओर से अमृत लाल, सत्यवान, मनजीत सिंह, गौरव टांक, सुरेन्द्र कुमार, अमित कुमार, संजीव कुमार, सीमा रानी, रेणू, रीना व अन्य शमिल थे।

दुष्कर्म के दोषी को 11 साल कैद व 25 हजार जुर्माने की सजा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

कैथल, 22 अगस्त। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कैथल पूनम सुनेजा की अदालत ने दुष्कर्म के अपराध में दोषी को 11 साल कैद व 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत ने जुर्माने की राशि पीड़िता को दिए जाने के आदेश किए हैं। जुर्माना न भरने की सूरत में दोषी को 5 माह की सजा अतिरिक्त काटनी पड़ेगी। इसके अतिरिक्त न्यायालय ने डीएलएसए को पीड़िता के लिए चार लाख रुपये मुआवजा देने का भी आदेश पारित किया है। इस बारे में पीड़िता की चाची ने 9 फरवरी 2020 को महिला थाने में धारा 376 आईपीसी तथा धारा 4 पोक्सो एक्ट के तहत केस नंबर 12 दर्ज करवाया था। एफआईआर के मुताबिक शिकायतकर्ता की 17 वर्षीय भतीजी सांय करीब 9 बजे घर से मंदिर जा रही थी। बीच रास्ते में सलिन्द्र निवासी गांव मुंदड़ी उसको पकड़ कर एक प्लाट में ले गया और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। लड़की ने शोर मचाया तो आस पास के लोग इकट्ठे हो गये और वहां आपस में लड़ाई झगड़ा भी हो गया। इस बीच सलिन्द्र मौके से फरार हो गया। इस बारे में पीड़िता की चाची ने महिला थाने में शिकायत दी। पुलिस ने मिली शिकायत के आधार पर सलिन्द्र के खिलाफ केस दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया और चालान तैयार करके अदालत में पेश किया। पीड़ित पक्ष की ओर से मामले की पैरवी उप जिला न्यायवादी जय भगवान गोयल ने की। एडीजे पूनम सुनेजा ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सलिन्द्र को दोषी पाया और 11 साल के कारावास तथा 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। दोषी पहले से ही जेल में बंद है।

डेयरी संचालकों की समस्याओं को गंभीरता से ले प्रशासनः तनेजा

करनाल (अप्रस)। डेयरी एसोसिएशन करनाल की ओर से जिमखाना क्लब में व्यापारियों के हितों के लिए एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा व्यापार मंडल इकाई करनाल के प्रधान कृष्ण लाल तनेजा एवं महासचिव हरमीत सिंह हैप्पी उपस्थित रहे। आज का इस सम्मेलन को डेयरी एसोसिएशन के प्रधान योगेश भारती द्वारा आयोजित किया गया। जिन्होंने आए हुए मुख्य अतिथियों का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। डेयरी संचालकों के आने वाली समस्याओं के ऊपर चर्चा की गई। इस बैठक में दूध की प्रोसेसिंग में आने वाली दिक्कतों पर विचार विमर्श कर उनके अपने स्तर से समाधान पर विचार विमर्श किया गया।

एमएसपी को लेकर किसानों के साथ धोखा कर रही सरकार : रामपाल माजरा

■ माजरा ने गांव किठाना में किया जनसभा को संबोधित

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल, 22 अगस्त। पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रामपाल माजरा ने कहा कि नौजवान बेरोजगारों को अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों की भर्ती की जा रही है, ये युवाओं के लिए धोखा है। सैनिक की भर्ती को 4 साल के लिए कर दिया। ऐसा करके युवाओं को किसी भी लायक नहीं छोड़ेगी। इस 4 साल में वो पढ़ाई से दूर हो जाएंगे। 4 साल की नौकरी के बाद वो तो पढ़ पाएंगे और ना ही उनसे कोई परीक्षा पास हो पाएगा। ऐसा में उनके सामने परिवार को चलाने का संकट खड़ा हो जाएगा। जो उन्हें गलत रास्ते की तरफ लेकर जाएगा। गांव किठाना में जनसभा को संबोधित करते हुए माजरा ने कहा कुछ समय पहले किसानों के आंदोलन को खत्म करवाने के लिए कुछ मांगों को माना गया था। इनमें एमएसपी पर सहमति बनाई थी। एमएसपी को लेकर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। इसके अलावा कमेटी में आंदोलन करने वाले संगठन के लोगों में से भी किसी को शामिल नहीं किया गया। सरकार मांगों को ना मानकर अपना अडियल और किसान विरोधी चेहरा दिखा रही है। माजरा ने कहा कि भाजपा ने एक के बाद एक कई घोटाले किए। इस सरकार में इतना भ्रष्टाचार हुआ है कि ये रिकोर्ड कभी नहीं टूट पाएगा। भाजपा में सफाई घोटाला, तालाब खुदाई घोटाला, रजिस्ट्री घोटाला, धान घोटाला, शराब घोटाला, खनन घोटाला सुर्खियों में रहे। मौजूद समय में मुनसिपल कमेटियों में भारी लूट मची हुई है। कोई भी काम आसानी से नहीं हो रहे है। लोगों को काम करने में रिश्वत दी जा रही है।

मिलेनियम स्कूल की छात्रा हरमनप्रीत ने स्टेट लेवल पर मारी बाजी

अर्थ प्रकाश/विनोद अरोड़ा

कालांवाली, 22 अगस्त। अभी हाल ही में महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल ,फतेहाबाद में जूनियर तथा युवा वर्ग के लिए वुशु चैम्पियनशिप आयोजित की गई जो कि स्टेट लेवल की थी। यह चैम्पियनशिप 19 अगस्त से 21 अगस्त तक आयोजित की गई थी जिसमें ओढां रोड़, कालांवाली स्थित 'द मिलेनियम स्कूल' की दसवीं कक्षा की छात्रा हरमनप्रीत ने शानदार प्रदर्शन किया तथा ब्रोंज मैडल प्राप्त करके अपने माता-पिता ,स्कूल तथा पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। उसकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर सारे स्कूल में खुशी का माहौल है। अपनी खुशी व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्य डॉ इंदरजीत पाल कौर ने छात्रा हरमनप्रीत तथा कोच अभिषेक विशनोई को बधाई देते हुए कहा कि यह सब आप दोनों की मेहनत और लगन के कारण ही संभव हो पाया है। मुझे उम्मीद है कि आप भावी जीवन में भी इसी तरह शानदार प्रदर्शन करते रहोगे। स्कूल के चेयरमैन श्री अशोक सिंगला भी इन दोनों को बधाई तथा कहा कि यह हमारे स्कूल तथा पूरे कालांवाली क्षेत्र के लिए बड़े ही गर्व कि बात है। मैं उम्मीद करता हूँ कि आने वाले समय में भी तुम इसी प्रकार मेहनत करते रहोगे तथा अपने स्कूल और माता - पिता का नाम रोशन करते रहोगे।

ऑनलाइन ओपन द बॉक्स खेल के माध्यम से विद्यार्थियों ने किया अपना आंकलन

कैथल (अप्रस)। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय क्योडक के हिन्दी प्राध्यापक डा. विजय चावला ने बताया कि उनके द्वारा प्रेमचंद के फटे जूते पाठ की ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी सॉफ्टवेयर में तैयार की गई थी। आज उन्होंने कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों को कक्षा-कक्ष में लगे डिजिटल स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से अपना स्वयं का आंकलन किया। विद्यार्थियों ने सॉफ्टवेयर में तैयार ओपन द बॉक्स खेल प्रश्नोत्तरी को खेल-खेल में हल किया। विद्यार्थियों ने जैसे ही बॉक्स को ओपन किया और प्रश्न का उत्तर दिया सॉफ्टवेयर ने यह बता दिया कि उनका प्रयास सही रहा कि गलत। विद्यार्थियों ने इस प्रश्नोत्तरी के माध्यम से पाठ के बहु-विकल्पीय प्रश्नों का अभ्यास किया। चावला ने बताया कि आज स्मार्ट तकनीक से यदि विद्यालय में विद्यार्थियों को पढ़ाया जाता है तो विद्यार्थियों को विषय रुचिकर लगने लगता है।

कानून के रखवाले उड़ा गए कानून की धज्जियां

अर्थ प्रकाश/पौलस्त्य

पिहोवा, 22 अगस्त। जब कानून के रखवाले ही कायदे कानूनो की धज्जियां उडाने लग जाएं तो कोई क्या करे। यह नजारा देखने को मिला नगरपालिका की हुई पार्षदो की बैठक मे। जिस बैठक में खेलमंत्री व एसडीएम दोनो मौजूद थे। बैठक में सभी कायदे कानूनो को ताक पर रखकर महिला पार्षदो की बजाएं उनके पति शामिल हुए। कोई भी महिला पार्षद बैठक में नही आई। हैरानी की बात है कि खेलमंत्री व एसडीएम दोनो ने ही महिला पार्षदो के पतियो को बैठक में भाग लेने से न रोका। खेलमंत्री ने महिला पार्षदो की बजाएं उनके पतियो से ही नगर के विकास बारे विचार विर्मश किया। सरकारी अधिकारी व सरकार के नुमाईदे भी नही चहाते कि महिलाए आगे बढे। राजनीति में आरक्षण के नाम पर महिलाओ के केवल नाम का ही प्रयोग हो रहा है। विभिन्न राजनैतिक दल के नेताओ ने राजू रामगढ रोड, राकेश बधवार, सुखबीर ग्रेवाल, रमेश गर्ग ने महिला पार्षदो की बजाए उनके पतियो के खेलमंत्री के सामने बैठक में भाग लेने की कडी निंदा की।

जुलाई में 496 नशे के कारोबार में संलिप्त अपराधियों को भेजा जेल : डॉ. वर्मा

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

कुरुक्षेत्र, 22 अगस्त। ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र में आयोजित सेमिनार में हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया और शपथ दिलवाई गई। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि हरियाणा ने नशे के कारोबार करने वालों के लिए कोई स्थान शेष नहीं है। जुलाई माह में एनसीबी हरियाणा प्रमुख श्रीकांत जाधव साहब के नेतृत्व में 496 अपराधियों को जेल भेजा गया है। ऐसे अपराधियों के साथ कठोरता से निपटा जा रहा है। उन द्वारा नशे से अर्जित धन और सम्पति को पुलिस द्वारा जब्त किया जा रहा है। बार बार अपराध करने वाले व्यक्तियों की पहचान करके कठोरतम पग उठाये जा रहे हैं। 'नशा छोड़ो, आगे बढ़ो' का नारा देते हुए उन्होंने समाज को नशा मुक्त समाज बनाने का आह्वान किया। उन्होंने एक कविता नशा कोई करने से बुरा है नशा का व्यापार करना सुनाकर विद्यार्थियों के हृदय को झंझोड़ के रख दिया जिसे विद्यार्थियों ने करतल ध्वनि से उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि नशे का कारोबार करने वाले हमारे बीच में रहते हैं और उनकी गुप्त सुचना बिना किसी भय के 9050891508 पर दें। डॉक्टर वर्मा ने अपनी बात को बड़े ही प्रभावशाली ढंग से रखते हुए भारत के प्राचीन इतिहास और महापुरुषों के उदाहरण से अनेक गौरवपूर्ण गाथाओं को दोहराया उन्होंने देश के सैन्य बल और युद्धों के वर्णन से गौरव गाथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि देश को आंतरिक व्यवस्था और भीतर के देशद्रोहियों से अधिक खतरा है, जिसमें नशा भी प्रमुख है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के सर्वे में अधिकतर अपराधों की जड़ नशा होता है।

जीवनबल्लभ महाराज ने श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग सुनाया

करनाल (अप्रस)। गांव काछ्वा के श्रीकृष्णा मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक हित जीवनबल्लभ महाराज ने श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग सुनाया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह को एकाग्रता से सुना। श्रीकृष्ण-रुक्मणि का वेश धारण कलाकारों पर भारी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने विवाह के मंगल गीत गाए। जीवनबल्लभ महाराज ने कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह चेदिनरेश राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। रुक्मणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेशवाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया।

नई पारी — शिरोमणि अकाली दल बादल के सैकड़ों पदाधिकारियों और वर्कर्स ने किया अलविदा

हरियाणा में शिरोमणि अकाली दल हरियाणा का गठन, पांच सदस्यीय कमेटी गठित

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

करनाल, 22 अगस्त। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की नगरी करनाल में शिरोमणि अकाली दल बादल को तोडने का ऐलान उनके सैकड़ों पदाधिकरियों ने आज कर दिया डेरा कार सेवा में हुई बैठक में शिरोमणि अकाली दल (बादल) पार्टी के हरियाणा से जुड़े राष्ट्रीय कार्यकारिणी, प्रदेश पदाधिकारी और जिला अध्यक्षों के साथ-साथ शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने भी अपने पद से इस्तीफा देकर नया शिरोमणि अकाली दल हरियाणा स्टेट का गठन कर लिया है। इस अवसर पर नए शिरोमणि अकाली दल के संचालन हेतु 5 सदस्य कमेटी गठित कर दी। यह कमेटी अगले 2 महीनों में प्रदेश के सभी जिलों का दौरा करके सिखों को पार्टी से जोड़ेगी। तत्पश्चात करनाल में एक विशाल जनसभा करके हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष के साथ-साथ प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। डेरा कार सेवा कलंदरी गेट में आयोजित पत्रकार वार्ता में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य व शिरोमणि अकाली दल के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपप्रधान भूपिंदर सिंह असंध, सिरसा से एसजीपीसी मेंबर गुरमीत सिंह तिलोकेवाला, पार्टी महिला विंग की हरियाणा प्रदेश अध्यक्षा व कुरुक्षेत्र से एसजीपीसी के पूर्व सदस्य बीबी रविंदर कौर, पार्टी के राष्ट्रीय वरिष्ठ उप प्रधान व अम्बाला से एसजीपीसी के पूर्व सदस्य सुखदेव सिंह गोबिंदगढ़ और पार्टी के पीएसी सदस्य व हरियाणा प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना सहित हरियाणा के करीब 10 जिलों से अध्यक्षों, उपाध्यक्षों, हल्का प्रधानों और शहरी प्रधान शिरोमणि अकाली दल को अलविदा कह कर शिरोमणि अकाली दल हरियाणा स्टेट में शामिल हो गए हैं। इस दौरान पार्टी के कुरुक्षेत्र जिला प्रधान तेजिंदर सिंह मक्कड़ व वरिष्ठ उपप्रधान जगदेव सिंह गाबा, पंचकूला जिला प्रधान बलविंदर सिंह बेदी, कालका से जिला सचिव सुखदेव सिंह, थानेसर से हल्का प्रधान दिलबाग सिंह, शाहाबाद से हल्का प्रधान करतार सिंह दामली, नीलोखेड़ी से हल्का प्रधान अजय कुमार, हरियाणा के प्रदेश महासचिव जसपाल सिंह मैनेजर व प्रीतम सिंह शिंगारी, शाहाबाद से शहरी प्रधान मनजीत सिंह, लाडवा से युवा प्रधान अमरीक सिंह नत्त, यमुनानगर के हलका प्रधान अमरदीप सिंह, पानीपत से हल्का प्रधान कमलजीत सिंह व अन्य शामिल रहे।

इन महिला महिलाओं ने भी छोड़ा अकाली दल का दामन

बीबी रविंदर कौर के साथ शिरोमणि अकाली दल को अलविदा कहने वाली महिलाओं में मनजीत कौर, हरपाल कौर, रणदीप कौर, अंकुर सिद्धू, सुरजीत कौर, हरप्रीत कौर, परमजीत कौर, परविंदर कौर, मायादेवी, गुरनाम कौर, हरजीत कौर, सुरिंदर कौर, गुरमीत कौर, गुरविंदर कौर, हरजीत कौर भी शामिल रही।

पार्टी हित में इस्तीफा देकर घर बैठ जाए बादल परिवार

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य भूपिंदर सिंह असंध ने बादल परिवार पर तीखे प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने परिवारवाद को बढ़ावा देते हुए पार्टी को मिट्टी में मिला दिया है। उन्होंने पार्टी सुप्रीमो प्रकाश सिंह बादल और राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल को भी सलाह दी कि वे पार्टी हित में इस्तीफा देकर घर बैठ जाएं, ताकि 1920 में कुर्बानियां देकर अस्तित्व में आए शिरोमणि अकाली दल को बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि पंजाब विधानसभा चुनावों के बाद हुए सांसद उपचुनाव में पार्टी की हुई दुर्गति के बाद उन्होंने जमीर की आवाज पर यह कदम उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसजीपीसी प्रधान का चुनाव करने का अधिकार चयनित सदस्यों को होता है, लेकिन हमेशा उनके अधिकारों का हनन करके बादल समर्थित व्यक्ति को ही प्रधान बनाया जाता है। हालात यह है कि एसजीपीसी के अधीन किसी गुरुद्वारा साहिब में यदि किसी सेवादार की भी बदली करनी है, तो उसके लिए एसजीपीसी प्रधान से नहीं, बल्कि सुखबीर सिंह बादल से स्वीकृति लेनी पड़ती है।

न्यूज ब्रीफ

दुकान में सेंध लगाकर हजारों का सामान चोरी

रादौर (अप्रस)। गांव खुर्दबन में चोरों ने एक डीजे व टीवी की दुकान में सेंध लगाकर वहां से हजारों रूपए का सामान चोरी कर लिया। सुबह के समय जब दुकानदार दुकान पर पहुंचा तो उसे चोरी की सूचना हुई। जिसके बाद शिकायत जठलाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव खुर्दबन निवासी गुरदेव सिंह ने बताया कि उसकी गांव में धर्मशाला के पास डीजे व टीवी की दुकान है। शाम करीब 5 बजे वह दुकान बंद कर ड्यूटी पर चला गया था। सुबह करीब 6 बजे वह दुकान पर पहुंचा, तो उसने देखा कि दुकान की छत टूटी हुई थी। दुकान के अंदर जाकर सामान की जांच की तो वहां से एम्पलीफायर, इंवर्टर व एक पंखा गायब था।

बंद मकान का ताला तोड़ चोरों ने उड़ाए गहने व रुपये

रादौर (अप्रस)। गांव धौलरा में एक सूने मकान से चोरों ने ताला तोड़ कर सोने चांदी के जेवर, पीतल के बर्तन व करीब 70 हजार रूपए की नगदी चोरी कर ली। मकान मालिक के पड़ोसी ने फोन पर इसकी सूचना दी। सूचना पाकर वह घर पहुंचा तो घर के ताले टूटे मिले। जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में धौलरा निवासी राकेश कुमार ने बताया कि वह किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। इस दौरान फोन पर पड़ोसी ने उन्हें सूचना दी कि उनके घर के ताले टूटे हुए है। सूचना पर वह गांव पहुंचे और जांच की तो घर से करीब 5 तोले के सोने व चांदी के जेवर, 50 चांदी के सिक्के, पीतल के बर्तन व करीब 70 हजार रूपए की नगदी गायब थी। चोरी से उसे करीब ढाई लाख रूपए का नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जीएनजी कॉलेज में अरदास के साथ हुई नए सत्र की शुरूआत

यमुनानगर (अप्रस/राकेश भारतीय)। छोटी लाईन स्थित गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज में सोमवार को सत्र 2022-2023 की विभिन्न कोर्सिस की कलासिस की शुरूआत की गई। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक समिति ने कॉलेज स्थित गुरुद्वारा साहिब में देश, कॉलेज व छात्राओं की उन्नति के लिए अरदास की। इस अवसर पर कॉलेज निर्देशिका डॉ वरिन्द्र गांधी ने सभी छात्राओं को मन लगाकर प्राई करने व जीवन में उंचे मुकाम को छूने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आपकी तरक्की में ही आप के माता-पिता व इस संस्थान की तरक्की भी शामिल है। उन्होंने सभी प्राध्यापिकाओं को भी मन लगा कर काम लगाने के लिए उत्साहित किया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ अनु अत्रेजा ने छात्राओं को आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ गुरिन्द्रजीत कौर, डॉ गुरजिन्द्र कौर, संदीप रीन, डॉ सुखविन्द्र कौर, डॉ प्रभजोत कौर, डॉ मनदीप कौर, सीमा शर्मा आदि उपस्थित थे।

मछली पालन अनुसूचित जाति के लोगों को तालाब की पट्टा राशि पर अनुदान: उपायुक्त

कालका (अप्रस/जग्गी)। हरियाणा सरकार द्वारा अंतर्गत मछली पालन करने वाले अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को प्रथम वर्ष तालाब की पट्टा राशि पर अनुदान दिया जाता है। यह अनुदान जिला पंचकूला में वैलफेयर आफ शैडयूल कास्ट स्कीम के तहत अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को दिया जाता है। उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि स्कीम के तहत पट्टा राशि पर द्वितीय व आगामी वर्ष के लिये अनुदान दिया जाता है। अनुसूचित जाति से संबंधित व्यक्ति जो प्रथम वर्ष पट्टा राशि एवं द्वितीय वर्ष पर पट्टा राशि पर अनुदान लेना चाहते है वो अपने प्रार्थना पत्र जिला मत्स्य अधिकारी के कार्यालय न्यू मिनी सचिवालय पंचकूला में दे सकते है। उन्होंने बताया कि जो प्रार्थी प्रशिक्षण लेने के इच्छुक है वे अपने प्रार्थना पत्र के साथ अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र, फोटो, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, आधार लिंक बैंक पास बुक की प्रति लेकर कार्यालय में आ सकते है।

रेलगाड़ी से यात्री का बैग चुराकर चोर फरार

अम्बाला छावनी (अप्रस)। इन दिनों रेलगाड़ियों में चोरी के मामले लगातार तेजी से बढ़ रहे है। यात्रियों को चाहिए कि वे सर्तकता के साथ यात्रा करें। बीती रात ऐसा ही एक मामला सामने आया जब चोर रेलगाड़ी से एक बैग चुराकर ले गए। इस बैग में 12 हजार रूपए नकदी व दो मोबाइल थे। अंबाला छावनी जीआरपी ने मथुरा के आनंद शर्मा की शिकायत पर चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि वह हीराकुंड एक्सप्रेस में अमृतसर से मथुरा यात्रा के लिए एसटू कोच में बैठे थे इसी दौरान अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर एक चोर आया और उनका बैग चुराकर फरार हो गया। जीआरपी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पेंट करते वक्त सीढ़ी से गिरा मजदूर, मौत

अम्बाला (अप्रस)। अम्बाला शहर के सेक्टर 8 में काम करते वक्त सीढ़ी से गिरने से मजदूर की मौत हो गई है। परिजनों ने ठेकेदार व मकान मालिक पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर आरोपी ठेकेदार व मकान मालिक के खिलाफ केस दर्ज किया। रेलवे रोड जींद हाउस अंबाला सिटी निवासी ममता ने बताया कि उसका पति दीना नाथ 19 अगस्त को मजदूरी करने गया था। ठेकेदार कुलवंत सिंह ने दीना नाथ को सेक्टर-8 स्थित महेश गुप्ता के मकान में रंग रोगन करने के लिए लगा दिया। यहां दीना नाथ दीवार पर पेंट करने के लिए सीढ़ी पर चढ़ गया। पत्नी का आरोप है कि जब उसका पति दीना नाथ सीढ़ी पर चढ़कर रंग रोगन कर रहा था, उस वक्त ठेकेदार कुलवंत सिंह और मकान मालिक महेश गुप्ता ने सीढ़ी पकड़ने के लिए कोई हैल्पर नहीं लगाया, जिससे उसका पति सीढ़ी से नीचे गिर गया। दीना नाथ के सिर में गंभीर चोटें आई थी। उसे मकान मालिक अपनी गाड़ी में सिविल अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन यहां से उसे पीजीआई चंडीगढ़ रैफर किया गया। रविवार को डॉक्टरों ने दीना नाथ को मृत घोषित कर दिया। सेक्टर-9 थाना पुलिस ने ठेकेदार और मकान मालिक के खिलाफ 304-अ के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भारत उद्यमिता और स्वरोजगार के बल पर पूरे विश्व में एक मुकाम हासिल करेगा: बंडारू दत्तात्रेय

अर्थ प्रकाश/अरविंद

कुरुक्षेत्र, 22 अगस्त। हरियाणा के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि भारत उद्यमिता और स्वरोजगार के बल पर पूरे विश्व में एक मुकाम हासिल करेगा। इस क्षेत्र में लगातार हो रही प्रगति के बल पर निश्चित ही 21वीं शताब्दी भारत की होगी।

राज्यपाल आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भगवद्गीता सदन में स्वावलम्बी भारत अभियान के अन्तर्गत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस की ओर से आयोजित उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पहले राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के गर्ल्स हॉस्टल में छात्राओं के कौशल विकास के लिए बनाई गई 235 लाख रुपए की लागत की कम्प्यूटर सेंटर बिल्डिंग का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर हरियाणा के शिक्षा मंत्री श्री कंवरपाल, सांसद नायब सैनी, विधायक सुभाष सुधा, कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ. संजीव शर्मा व स्वदेशी मंच के राष्ट्रीय सह-संगठक सतीश कुमार भी मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि आज देश में फिर से उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए नवाचारों की आवश्यकता है। इसके लिए हर क्षेत्र में कौशलता को बढ़ावा देना होगा। इसी उद्देश्य ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तैयार नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में कौशलता, रोजगारोन्मुखी और व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष फोकस किया है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में समग्र, भविष्योन्मुखी, रोजगारोन्मुखी एवम् कौशल विश्वविद्यालयों की परिकल्पना की गई है ये विश्वविद्यालय वास्तव में कौशलता के केंद्र होंगे। हरियाणा में तो ग्यारह सौ करोड़ रुपये की लागत से पलवल में विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना की जा चुकी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में भी हरियाणा सरकार ने और आगे बढ़कर कार्य किया है।

हमारे देश में गांव स्तर पर सूक्ष्म उद्यमिता को बढ़ाने के लिए महिलाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे लाने के लिए स्वंय सहायता समूहों की संख्या बढ़ा कर इन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करना होगा। हरियाणा में लगभग पचास हजार स्वयं सहायता समूहों से पांच लाख से भी अधिक परिवार जुड़े हुए हैं। हरियाणा सरकार द्वारा स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए इस वर्ष दो सौ करोड़ रूपए की राशि खर्च की गई।

राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों को चाहिए कि वे विशेषज्ञों के सहयोग से महिलाओं को विभिन्न व्यवसायों का प्रशिक्षण देकर उनमें कौशल प्रतिभा विकसित करें। इससे निश्चित रूप से ग्रामीण क्षेत्र में नए उद्यमी सामने आएंगे और उनका साहस बढ़ेगा।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

अम्बाला छावनी (अप्रस)। संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई। जिसके बाद सुबह शव का पोस्टमार्टम डाक्टरों के पैनल द्वारा करवाया गया तथा शव परिजनों को सौंपा गया। इस दौरान सिविल अस्पताल में मृतका के परिजन व अन्य लोग पहुंचे हुए थे। वहीं मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए। मायके पक्ष अपनी बेटी का शव भी अपने साथ ले गए। महिला के पैतृक गांव शंभू में अंतिम संस्कार किया जाएगा। हरजिंदर कौर की रविवार रात्रि संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। आशंका जताई जा रही है कि हरजिंदर कौर ने कोई जहरीला पदार्थ निगला है। पुलिस का कहना है कि विसरा रिपोर्ट में मौत के सही कारणों का खुलासा होगा। मृतका की माता जसवंत कौर ने बताया कि करीब 10 साल पहले उसकी बेटी हरजिंदर कौर की गांव रायवाली निवासी अमरीक सिंह के साथ शादी हुई थी। उसके बाद से हरजिंदर के पास हरजोत व गुरनाम सिंह 2 बेटे हैं।

अग्रवाल समाज के वरिष्ठ नागरिकों को किया सम्मानित: दीपांशु

विजय बंसल मुख्यातिथि, पूर्व पार्षद तरसेम गुप्ता ने की अध्यक्षता

अर्थ प्रकाश/ हरजीत सिंह जग्गी

कालका, 22 अगस्त। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के बैनर तले पूरे हरियाणा में 90 विधानसभाओं में वरिष्ठ नागरिक रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमे 11हजार बुजुर्गों को सम्मानित किया गया।

जिससे लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड में नामित हो जाएगा। इसी कड़ी में अग्रवाल वैश्य समाज छत्रा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष दीपांशु बंसल एडवोकेट ने पिंजौर में जिला पंचकूला के कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमे पूर्व चेयरमैन अग्रग्रह विजय बंसल एडवोकेट ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तो वही पूर्व पार्षद और अग्रवाल सभा पिंजौर के प्रधान तरसेम गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

कार्यक्रम में इलाके के सैकड़ों बुजुर्गों को सम्मानित किया और बुजुर्गों ने आयोजको को अपना आशीर्वाद दिया।

दीपांशु बंसल ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज के सम्मानीय अंग है। उनका सम्मान हमारी सामाजिक सभ्यता का परिचायक है। आज देश भर में आजादी का अमृत महोत्सव बडे धूमधाम से मनाया जा रहा है लेकिन अगर देखा जाए तो उसकी नींव रखने वाले ये हमारे वरिष्ठ नागरिक ही है। लेकिन यह दुर्भाग्य की बात है कि इस महोत्सव के असली हकदारों को हमने कभी कुछ नहीं दिया है। यहां तक की भारत मे तो 70 वर्ष की आयु के बाद वरिष्ठ नागरिक चिकित्सा बीमा के लिए पात्र नहीं समझे जाते है वहीं उन्हें ईएमआई पर ऋण तक नहीं मिलता है। न ही ड्राइविंग लाइसेंस दिया जाता है और न ही उन्हें आर्थिक काम के लिए कोई नौकरी दी जाती है। इसलिए वे दूसरों पर निर्भर है। उन्होंने अपनी युवावस्था में सभी सरकारी करों का भुगतान किया था बावजूद उसके अब सीनियर सिटीजन बनने के बाद भी उन्हें सभी के समान ही टैक्स चुकाने होते है।

जिला स्तरीय योगा चैंपियनशिप का हुआ आयोजन

97 योगा योद्धाओं ने भाग लेकर किया योग क्रियाओं का प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

यमुनानगर, 22 अगस्त। हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन जिला यमुनानगर द्वारा आज डिस्ट्रिक्ट योगा चैंपियनशिप 2022 का आयोजन डी. ए. वी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया गया। इस प्रतियोगिता में समाजसेवी तथा उद्योगपति अनुज वर्मा मुख्य अतिथि तथा महानशिक्षाविद डा. एम. सी. शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के जिला महासचिव व सुरेश पाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूल व कॉलेजों से 97 योग योद्धाओं ने भाग लिया जिसमें सब जूनियर गर्ल वर्ग में कनिष्का मुकंद लाल पब्लिक स्कूल प्रथम, वेदिका कांबोज श्री दिव्या योग इंस्टिट्यूट सेकंड, रितु कुमारी सरस्वती मॉडल स्कूल जगाधरी थर्ड तथा सबजूनियर बॉयज वर्ग में ख्याल प्रथम, सरस्वती मॉडल स्कूल जगाधरी हर्षदीप सेकंड, सरस्वती पब्लिक स्कूल का नैतिक थर्ड, जूनियर बॉयज वर्ग में मिलन सिद्धू डी. ए. वी. स्कूल साढ़ौरा फर्स्ट, नितिन सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल जगाधरी सेकंड, करिश सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल जगाधरी थर्ड, जूनियर गर्लवर्ग में लक्ष्मी गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल मॉडल कॉलोनी प्रथम, सेहाज गुरु नानक गर्ल्स स्कूल यमुनानगर सेकंड, शिवांगी सरस्वती विद्या मंदिर जगाधरी थर्ड, सीनियर गर्ल वर्ग में दीक्षा गुरु नानक खालसा कॉलेज प्रथम, निर्मल डी. ए. वी. कॉलेज सेकंड, लक्ष्मी आर्य कन्या स्कूल थर्ड तथा सीनियर बॉयज वर्ग में जतिन गुरु नानक खालसा कॉलेज प्रथम, हरविंदर सिंह गुरु नानक खालसा कॉलेज सेकंड स्थान पर रहे। मनोज कुमार, देवेंद्र, रितु, ओमवीर, मीनू चौपाल, मंगल सिंह और चेतन ने जज के रूप में अपनी सेवाएं दीं। डा. एम. सी. शर्मा ने सभी योग योद्धाओं को मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि अनुज वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की तथा बच्चों का उत्साह बढ़ाया और कहा की समाज में बढ़ रही बुराइयां तभी खत्म होंगी जब भारत का हर बच्चा योग को अपने जीवन में अपनाएगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि तथा आए हुए सभी अध्यापकों व बच्चों का स्वागत किया और कहा की योग कोई व्यायाम नहीं यह जीवन शैली है हम सब को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

फोटोयुक्त मतदाता संशोधित सूची तथा आपत्तियां दर्ज करने सबंधी तालिका जारी

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड़

बराड़ा, 22 अगस्त। राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नगर पालिका अधिनियम 1973 के अंतर्गत नियम 4 के अधीन किए गए प्रावधान के अनुसार 1 जनवरी 2022 को योग्य तिथि मानकर संशोधित मतदाता सूचियां दावे तथा आपत्तियां दर्ज करने सबंधी तालिका जारी कर दी गई है।

तत्संबंधी जानकारी देते हुए नपा सचिव बराड़ा मोहित कुमार ने बताया कि नगरपालिका बराड़ा के सभी वार्डों की मतदाता सूचियों के आरंभिक प्रकाशन की तिथि 23 अगस्त 2022 से 2 सितंबर 2022 तक किया जाएगा ।मतदाता सूची संबंधी आपत्तियां एवं दावे 3 सितंबर 2022 को प्रस्तुत किए जा सकेंगे। इसी प्रकार मतदाता सूची में दावे एवं आपत्तियां पुनः निरीक्षण प्राधिकारी को 9 सितंबर तक अंतिम रूप से प्रस्तुत किए जा सकेंगे। रिवाइजिंग अथॉरिटी द्वारा सभी प्रकार की आपत्तियों एवं दावों का निपटान दिनांक 22 सितंबर 2022 तक किया जाएगा।

उपायुक्त अंबाला के पास पुनरीक्षण प्राधिकारी के आदेशों के विरुद्ध 29 सितंबर 2022 तक अपील दायर की जा सकेगी। उपायुक्त अंबाला द्वारा सभी दावों एवं आपत्तियों व दावों के निपटान की अंतिम तिथि 3 अक्टूबर 2022 निर्धारित की गई है। तत्पश्चात फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 14 अक्टूबर 2022 को किया जाएगा ।नपा सचिव ने सभी नए मतदाताओं को अपनी वोट अवश्य बनवाने तथा मतदान में अनिवार्य रूप से भाग लेने का आह्वान किया है।

जैन स्थानक में हुआ परिवारिक मंगल मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन

परिवार को साथ लेकर चलने वाले को करने पड़ते है बहुत सैक्रिफाईस: मुनिश्री

अर्थ प्रकाश/आरके जैन

यमुनानगर, 22 अगस्त। मॉडल टाउन जैन धर्म स्थानक में विराजित चातुर्मास व्रत उप प्रवर्तक महाश्रमण श्री आनंद मुनि जी महाराज के प्रवचन दिवाकर श्री दीपेश मुनि जी महाराज के पुनीत सानिध्य में पारिवारिक मंगल मिलन का भव्य कार्यक्रम समायोजित किया गया। इस अवसर पर जिले एवं आस-पास के विभिन्न क्षेत्रों से समाज के प्रतिष्ठित गणमान्य एवं नागरिक जन भारी संख्या में उपस्थित रहे। धर्म सभा को संबोधित करते हुए श्री आनंद मुनि जी ने कहा कि परिवार में अगर एकता, प्रेम, वात्सल्य है तो समाज में वात्सल्य बनता है, समाज में आपसदारी का सुखद व्यवहार है तो राष्ट्र में प्रेम स्नेह समन्वय बनता है और सामंजस्य परस्पर समन्वय सहयोग के वातावरण का निर्माण होता है। जिस घर परिवार में परस्पर प्रेमपूर्ण व्यवहार है वही घर सफलता प्राप्त कर सकता है। इससे पूर्व युवा प्रेरक दीपेश मुनि जी ने कहा कि वह घर परिवार सफलता को प्राप्त होता है जिसमें अहंकार की आरी और कपट की कुल्हाड़ी ना हो। जिन रिश्तो में अहंकार आड़े आ जाता है आपसी व्यवहार में कपटता, कुटिलता, कृत्रिमता आ जाती है वह घर परिवार चल नहीं सकता है। घर परिवार को लेकर चलने वाला व्यक्ति हमेशा बहुत सारे सिचुएशन में सैक्रिफाइस करने पड़ते है जो सैक्रिफाइस करके चलता है वह अपने घर परिवार को सही दिशा में लेकर चल पाता है। घर परिवार चलाने के 4 सूत्र ज्ञानी महापुरुषों ने दिए है पहला है आपस में प्रेम हो, दूसरा है आपसी उदारता हो, तीसरा है एक दूसरे की कदर करना जानता हो व चौथा सूत्र है पक्षपातपूर्ण व्यवहार ना हो। प्रस्तुत सूत्रों को अपनाने वाला घर परिवार सफलता के सही मार्ग पर बढ़कर अपने गंतव्य को पा लेता है ऐसे घर में हर हाल में खुशहाल, सुखद व सफल वातावरण बनता है। मुनि श्री ने अपने विषय को आगे बढ़ाते हुए कहा कि हम अपने भीतर यह सर्च करें कि हम अपने घर परिवार में रहकर भी हमारे परिवार के साथ हमारा संबंध है या संपर्क है संबंध और संपर्क में फर्क बताते हुए मुनिश्री ने कहा कि संबंध दूध और पानी की तरह हुआ करते है दूध में भले ही कितना पानी हो और चाहे पानी में भले ही कितना दूध हो आखिर वह दूध ही कहलाता है दूध और पानी की तरह घुल मिलकर रहना संबंध है, और संपर्क में व्यक्ति एक साथ तो रहता है लेकिन एक साथ रहकर भी स्वतंत्र अस्तित्व की पहचान बनाने की भावना से रखता है जिसके चलते वह पानी में तेल की तरह रहता है जैसे पानी में तेल डाला जाए और उसको कितना ही घोल लिया जाए लेकिन वह फिर भी पानी में तेल की बूंदे अलग तैरती हुई ही दिखाई देती हैं तो यह संपर्क है अब हमने यह देखना है कि हम दूध पानी की तरह मिलजुल रखना चाहते है या पानी तेल की तरह मिलजुल रखना चाहते है दूध और पानी की तरह व्यवहार रखते है तो वह संबंध कहलाता है पानी में तेल की तरह व्यवहार रखते है तो वह संपर्क कहलाता है।

खेल

न्यूज़ीलैंड ने विंडीज़ के खिलाफ जीती ऐतिहासिक श्रृंखला

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

बारबाडोस, 22 अगस्त। न्यूज़ीलैंड ने टॉम लैथम (69) और डैरिल मिशेल (63) के अर्द्धशतकों की बदौलत वेस्ट इंडीज़ को तीसरे एकदिवसीय मैच में पांच विकेट से हराकर कैरिबियन में अपनी पहली एकदिवसीय श्रृंखला जीती।

वेस्ट इंडीज़ ने रविवार को बारबाडोस के केनसिंग्टन ओवल में न्यूज़ीलैंड को 50 ओवर में 302 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे उन्होंने 47.1 ओवर में ही हासिल कर लिया।

ब्लैक कैप्स ने टॉस जीतकर वेस्ट इंडीज़ को पहले बल्लेबाज़ी के लिये आमंत्रित किया। शाई होप और काइल मेयर्स ने कैरिबियाई टीम को मजबूत शुरुआत दिलाते हुए 34.5 ओवर में 173 रन की साझेदारी की। मेयर्स ने 110 गेंदों पर 12 चौके और तीन छक्के लगाते हुए 104 रन बनाये, जबकि होप ने 51(100) रन की पारी खेली।

इसके बाद कप्तान निकोलस पूरन ने विस्फोटक बल्लेबाज़ी करते हुए 55 गेंदों पर चार चौकों और नौ छक्कों की बदौलत 91 रन बनाये। अल्ज़ारी जोसेफ ने 6 गेंदों में 20 रन के योगदान के साथ विंडीज़ को 301 रन तक पहुंचाया।

न्यूज़ीलैंड के लिये 302 रन का पीछा करते हुए मार्टिन गप्टिल, डेवन कॉनवे, कप्तान लैथम और मिशेल ने अर्द्धशतक जड़ते हुए टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। गप्टिल (57) और कॉनवे (56) के बीच दूसरे विकेट के लिये 82 रन की साझेदारी हुई।

इसके अलावा मैन ऑफ द मैच लैथम ने 75 गेंदों पर छह चौकों की बदौलत 69 रन बनाये, जबकि मिशेल ने 49 गेंदों पर छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 63 रन की पारी खेली। अंत में जेम्स नीशम ने 11 गेंदों पर ताबड़तोड़ 34 रन बनाते हुए टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

कोरिक ने वापसी में जीता अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

मेसन, 22 अगस्त। क्रोएशिया के बोर्ना कोरिक ने चोट के बाद यादगार वापसी करते हुए सोमवार को सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में स्टेफनोस सितसिपास को मात देकर अपना पहला एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीता।

कोरिक ने यूनान के चौथी सीड सितसिपास को एक घंटे 57 मिनट चले फाइनल में 7-6(0), 6-2 से मात दी।

2020 के बाद अपना पहला टूर-स्तरीय फाइनल खेल रहे क्रोएशियाई खिलाड़ी ने खिताब तक के सफर में रफेल नडाल को मात दी थी। फाइनल के पहले सेट में वह 1-4 से पिछड़ रहे थे, लेकिन उन्होंने दबाव से उभरते हुए अपने यूनानी प्रतिद्वंदी को दो सेट में शिकस्त दी।

कोरिक कंधे की चोट के कारण पिछले सीज़न ज़्यादातर आयोजनों से बाहर रहे थे। जब वह सिनसिनाटी ओपन में आये थे तब उनकी रैंकिंग 152 थी लेकिन अपने दमदार प्रदर्शन के दम पर वह एटीपी रैंकिंग में 29वें स्थान पर आ गये है।

कोरिक ने जीत के बाद कहा, यह एक बेहद मुश्किल मैच था। मैं शुरुआत में बहुत अच्छा नहीं खेल रहा था और वह मुझ पर दबाव डाल रहे थे। मैंने बाद में बेहतर सर्व करना शुरू किया और उन्हें कड़ी टक्कर दी। दूसरा सेट शायद इस साल का मेरा सर्वश्रेष्ठ सेट था।

गार्सिया ने जीता करियर का दसवां खिताब

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

मेसन, 22 अगस्त। फ्रांस की कैरोलीन गार्सिया ने डब्ल्यूटीए टूर 2022 की अपनी शानदार फॉर्म को बरकरार रखते हुए सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में चेक गणराज्य की पेट्रा क्विटोवा को मात देकर अपने करियर का 10वां एकल खिताब जीता।

गार्सिया ने रविवार को खेले गये फाइनल में क्विटोवा को 6-2, 6-4 के सीधे सेटों में मात दी। हार्ड कोर्ट की इस जीत के साथ गार्सिया ने इस सत्र में अपना तीसरा खिताब जीत लिया है। इससे पहले वह बैड होमबर्ग (ग्रास कोर्ट) और वारसॉ (क्ले कोर्ट) में भी जीत दर्ज कर चुकी हैं।

गार्सिया ने क्वालीफायर राउंड से जगह बनाते हुए फाइनल तक पहुंची थीं। इस जीत के साथ वह डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीतने वाली पहली क्वालीफायर भी बन गयी है।

गार्सिया ने जीत के बाद कहा, यह निरा सुख है। केवल सुख। हर जीत बेहद महत्वपूर्ण। हर खिताब बहुत खास है, चाहे डब्ल्यूटीए 250 हो या 1000। इसे बयान कर पाना मुश्किल है। ऐसा बार-बार नहीं होता, इसलिए आपको इसका आनंद लेना होता है। मैं टेनिस के इस शानदार हफ्ते के लिये शुक्रगुज़ार हूं। एक और खिताब जीतना बहुत खास है।

उन्होंने कहा, डब्ल्यूटीए 1000 में सब कुछ बहुत तेज़ होता है। आपको हर सुबह दोबारा ध्यान केंद्रित करना होता है। यह एक मुश्किल चुनौती थी, लेकिन मैं अपने प्रयास से बहुत खुश हूं।

न्यूज ब्रीफ

स्कूल के छात्रों को किया जागरूक

चंडीगढ़ (अप्रस)। 'स्वच्छता की पाठशाला' के तहत एकल उपयोग प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के बारे में जागरूकता अभियान, चार प्रकार (सूखा, गीला, खतरनाक और स्वच्छता अपशिष्ट) में स्रोत पर कचरे का पृथक्करण और घरेलू खाद का आयोजन किया गया है। योग्य संयुक्त आयुक्त मैम श्रीमती की उपस्थिति में जीएमएसएस स्कूल एमएचसी मनीमाजरा में। ईशा कंबोज, स्कूल स्टाफ, छात्र, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक गुरमीत सिंह राणा क्षेत्र निरीक्षक दविंदर रोहिल्ला और मोहन स्टाफ के साथ। सभी उपस्थित कर्मचारियों और छात्रों द्वारा 'सिंगल यूज प्लास्टिक' का उपयोग नहीं करने की शपथ भी ली गई। प्रतिभागियों को स्वच्छता मोहुआ ऐप के बारे में भी जानकारी है।

बस की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

चंडीगढ़ (अप्रस)। रविवार को आईएसबीटी सेक्टर 17 में बस की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस खून से लथपथ व्यक्ति को इलाज के लिए सेक्टर 16 के अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक पता चला है कि रविवार दोपहर करीब 1.30 बजे आईएसबीटी सेक्टर 17 से एक शख्स हिसार काउंटर की तरफ से आकर दिल्ली काउंटर की तरफ आ रहा था। जैसे ही व्यक्ति आईएसबीटी के काउंटर नंबर 13 के पास पहुंचा तो आरोपी बस चालक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। और वह सड़क पर गिर गया। आसपास के लोगों इक्ठे हो गए। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस जख्मी हुए व्यक्ति को इलाज के लिए सेक्टर 16 के अस्पताल में भर्ती करवाया था। वहीं पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी बस चालक पंजाब के जिला रोपड़ के रहने वाले 44 वर्षीय सुखविंदर के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

गाड़ी का शीशा तोड़कर कीमती सामान चोरी, केस दर्ज

चंडीगढ़ (अप्रस)। थाना 26 पुलिस ने कार का शीशा तोड़कर वीडियो रिकॉर्डर ,कैमरा और अन्य सामान चोरी करने के मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता हिमाचल के जिला शिमला के रहने वाले भागचंद ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार सहित रहता है। वह रविवार को चंडीगढ़ में किसी काम से आया था। उसने अपनी हिमाचल नंबर की कार सेक्टर 19 / 27 डिवाइडिंग रोड के पास सेक्टर 27 की तरफ खड़ी कर दी। और शॉपिंग करने चला गया जब वह कुछ देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी कार का शीशा टूटा पड़ा है। और कार में रखे वीडियो रिकॉर्डर, स्टील कैमरा ,फ्लैश एक सीपीयू गायब है। जिसके चलते हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। और पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो को भी खंगाल रही है।

उत्तराखंड पर्वतीय सभा की बैठक

चंडीगढ़ (अप्रस)। उत्तराखंड पर्वतीय सभा, बलटाना, जीरकपुर ने सोमवार को प्रधान सुरेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक का आयोजन किया। उन्होंने बताया की सभा आगामी 18 से 25 सितंबर 2022 श्रीमद्भागवत कथा दाताराम मिश्रा के मुखारविंद से बलटाना में आयोजन करने जा रही है। सभा में उपस्थित सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने इस आयोजन को सराहा, तथा इस कार्य मे अपनी सहमति जताई। सभा के प्रधान ने सभी सदस्यों को बताया कि कॅरोना काल मे सभा मे माध्यम से जरूरत मंदो की सहायता करी गई, रक्त दान शिविर का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभा के कोषाध्यक्ष बलवंत सिंह बिस्ट ने वर्ष 2021-22 का लेखा-जोखा भी रखा जो सभी सदस्यों ने ध्वनी मत से पास किया।

धनास और सारंगपुर में सफाईकर्मियों के लिए स्वच्छता बूथ उपलब्ध कराएगा एमसीसी

अर्थ प्रकाश/ वीरेंद्र सिंह

चंडीगढ़ 22 अगस्त। नगर निगम चंडीगढ़ ने अपने सफाईकर्मी गांव धनास और सारंगपुर के लिए स्वच्छता बूथ उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। अपने सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए, बूथों को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रदान किया जाएगा, जिसमें पीने के पानी, हाथ धोने, बैठने और उनके उपकरणों के भंडारण आदि की सुविधा होगी। सांसद किरण खेर अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित वित्त और अनुबंध समिति, नगर निगम चंडीगढ़ की बैठक के दौरान इसे मंजूरी दे दी गई है। सरबजीत कौर ढिल्लों, मेयर और समिति के अन्य सदस्यों अर्थात् श्री ने भाग लिया। महेश इंदर सिंह सिद्धू, सौरभ जोशी, जसबीर सिंह, पं. तरुना मेहता, पं. गुरबख्श रावत (ऑनलाइन के माध्यम से) और एमसीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी।

बैठक में हाउस नंबर 278, सेक्टर 56, चंडीगढ़ के पास पार्क में खुली हवा में जिमनास्टिक उपकरण उपलब्ध कराने और ठीक करने के लिए अनुमानित लागत रु। 3.16 लाख। कम्युनिटी सेंटर सेक्टर 46-सी, चंडीगढ़ में कार्यालय में रेफ्रिजरेटर उपलब्ध कराने और स्थापित करने के लिए अनुमानित लागत का अनुमान रु। 0.52 लाख। औषधालय भवन ग्राम दरिया, चंडीगढ़ में कार्यालय कक्ष में रु. की अनुमानित लागत से फर्नीचर उपलब्ध कराना और स्थापित करना। 1.73 लाख। सेक्टर 40-सी मार्केट पर खर्च होंगे 41.97 लाख रुपए इसी प्रकार चंडीगढ़ वाशरमेन वर्कशॉप कोऑपरेटिव (रजि.) इंडस्ट्रियल सोसाइटी लिमिटेड, सेक्टर 15डी, चंडीगढ़ के लाइसेंस (अनुबंध) का नवीनीकरण लाइसेंस शुल्क में 10त्न की वृद्धि के साथ। नई दर रुपये होगी। 17,700/- + 18त्न जीएसटी प्रति माह 01.10.2022 से 30.09.2023 तक लागू। इसी प्रकार बाजार/शोरूम, सेक्टर 16-सी एंड डी, चंडीगढ़ के सामने की ओर के फर्श का उन्नयनपर करीब 18.37 लाख रुपए खर्च होंगे।

एसएसके धनास और सारंगपुर, चंडीगढ़ में सफाई कर्मचारियों के लिए रु. की अनुमानित लागत से स्वच्छता बूथ का निर्माण पर 39.90 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। सेक्टर 56 के ट्री गार्ड में करीब 10.20 लाख खर्च किए जाएंगे। इसी प्रकार सेक्टर 45 और 46, चंडीगढ़ के विभिन्न पार्कों में सीमेंट कंक्रीट ट्रैक और पैर की दीवार का निर्माण और विशेष मरम्मत और पार्क में कंक्रीट ट्रैक के स्तर को 1001-1005, सेक्टर 45, में 28.36 लाख रुपए का खर्च आएंगे।

एम.एस. वाटर वर्क्स, कजौली, यूटी चंडीगढ़ में चरण-तीसरे और चौथे के लिए स्कॉरिंग व्यवस्था करने के लिए पाइप लाइन, विशेष और अन्य सभी आकस्मिक कार्यों के लिए 36.35 लाख रुपए रखे गए हैं। पटेल मार्केट, सेक्टर 15, चंडीगढ़ में 200 मिमी (8÷) आई/डी सीवर लाइन उपलब्ध कराने और बिछाने के लिए अनुमानित लागत रु. 12.26 लाख। विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों के लिए स्मृति चिन्ह किटों की खरीद 3.60 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

मोटर व्हीकल एक्ट में बदलाव, प्रशासक का आदेश

चंडीगढ़ में स्कूल-कॉलेजों व अस्पतालों के बाहर 25 किमी प्रति घंटा होगी वाहनों की स्पीड

- नियमों का उल्लंघन करने वालों के काटे जाएंगे चालान
- शिक्षण संस्थाओं और अस्पतालों के पास स्पीड लिमिट के साइन बोर्ड लगवाएं इजी. विभाग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। शहर में अब से जब आप किसी स्कूल, कॉलेज या अन्य शैक्षणिक संस्थान या अस्पताल के पास से गुजरें तो वाहन की स्पीड लिमिट 25 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक न हो। चंडीगढ़ प्रशासन ने मोटर व्हीकल एक्ट, 1988 के तहत यह बदलाव किया है। शहर के प्रशासन बीएल पुरोहित ने यह आदेश जारी किए हैं। वहीं इंजीनियरिंग विभाग को भी आदेश दे दिए गए हैं कि शहर में शिक्षण संस्थाओं और अस्पतालों के पास इस स्पीड लिमिट के साइन बोर्ड लगावाए। यह साइन बोर्ड संस्थाओं के बाहर सड़क के दोनों तरफ लगाए जाएं। चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस के साथ विचार विमर्श कर के आईआरसी मानकों के तहत यह साइन बोर्ड होने चाहिए। चंडीगढ़ प्रशासन के सेक्रेटरी, ट्रांसपोर्ट नितिन कुमार यादव ने यह आदेश आगे जारी किए हैं। मोटर व्हीकल एक्ट, 1988 की धारा 112 के सब सेक्शन (2) के तहत प्राप्त शक्तियों की पालना करते हुए आगे यह आदेश दिए गए हैं।

ट्रैफिक पुलिस प्रशासन रखेगा निगरानी

चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस प्रशासन के इन आदेशों के बाद अब शहर में स्कूलों, कॉलेजों और अस्पतालों के बाहर विशेष निगरानी रखेगी। जिस भी वाहन चालक की गति सीमा 25 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से ज्यादा हुई उसका चालान कटेगा। बता दें कि सुबह स्कूल आने और छुट्टी के समय स्कूलों के बाहर बच्चों की भारी भीड़ होती है। ऐसे में हादसा होने की संभावना बढ़ जाती है। वहीं अस्पतालों के बाहर भी मरीजों और उनके रिश्तेदारों की भीड़ होती है। ऐसे में वाहनों की गति सीमा कम ही होनी चाहिए।

सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वाले पांच लोगों के खिलाफ की कार्रवाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। पुलिस ने शहर में सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चला रखा है। पुलिस मामले को लेकर आए दिन लगातार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। वही रविवार को पुलिस ने एक अभियान के चलते सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वाले 5 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक पता चला है कि थाना तीन पुलिस रविवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस सेक्टर 8 वाइन शॉप के पास पहुंची तो पुलिस ने देखा कि एक व्यक्ति सार्वजनिक स्थल पर शराब पी रहा है। पुलिस ने तुरंत मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया। जिसकी पहचान पंजाब के रूपनगर के रहने वाले 37 वर्षीय रोहित शर्मा के रूप में हुई है।

केस नबर दो: जानकारी के मुताबिक पता चला है कि थाना 26 पुलिस रविवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस सेक्टर 26 स्थित कल्चर बार के पास पहुंची तो पुलिस ने देखा कि दो युवक सार्वजनिक स्थल पर शराब पी रहे हैं। पुलिस ने तुरंत मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करना बाद में जमानत पर रिहा कर दिया। जिनकी पहचान पंजाब के जिला मोगा के रहने वाले 23 वर्षीय सिमरनजीत सिंह और 24 वर्षीय रिपलजीत सिंह के रूप में हुई है।

केस नबर तीन: थाना 26 पुलिस ने सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने के मामले में दो युवक के खिलाफ कार्रवाई की है। थाना पुलिस रविवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस सेक्टर 7 टर्मिनल बार की पिछली साइड पहुंची तो पुलिस ने देखा कि दो शख्स सार्वजनिक स्थल पर शराब पी रहै। पुलिस ने तुरंत मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया। जिसकी पहचान हरियाणा के यमुनानगर के रहने वाले 33 वर्षीय नीरज और हरमिंदर सिंह के रूप में हुई है।

एसवाईएल नहर के किनारे मिले शव का मामला

हत्याकांड के आरोपी को तीन दिन के रिमांड पर भेजा

अर्थ प्रकाश / मनिंदर मनौली

बनूड । युवती को कत्ल कर शव को खुर्द बुर्द करने के आरोप में गिरफ्तार किए सोहाना थाना के गांव बठलाना निवासी सतविंदर सिंह उर्फ ??जोगा को आज बनूड पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। इस दौरान पुलिस आरोपी से हत्या से जुड़े मामले की जांच करेगी। उल्लेखनीय है कि 19 अगस्त को बनूड पुलिस को खेड़ा गज्जू के पास एसवाईएल नहर के किनारे झाड़ियों में एक युवती का शव मिला था, जिसकी गला दबा कर हत्या की गई थी। पुलिस ने शव की पहचान मेहताबगढ़ निवासी पवनप्रीत कौर के रूप में की है। मिली जानकारी के अनुसार लड़की की बहन की शादी बठलाना में हुई है और वह यहां आने जाने के दौरान सतविंदर सिंह के संपर्क में आई थी। दोनों ने शादी की और कुछ समय साथ रहे लेकिन बाद में अलग हो गए। अलग रहने के बाद भी दोनों एक दूसरे के संपर्क में रहे और घटना वाले दिन दोनों मोटरसाइकिल पर एक साथ थे। सतविंदर उस दिन लड़की को अपने घर लाना चाहता था। इस बात को लेकर दोनों के बीच कहा-सुनी हो गई, जिसके बाद इस घटना को अंजाम दिया गया। बनूड पुलिस ने सतविंदर के तीन दिन के रिमांड की पुष्टि की है।

राम दरबार के युवक की हत्या का मामला

चारों आरोपियों को अदालत ने 2 दिन के रिमांड पर भेजा

अर्थ प्रकाश/ रंजीत शम्मी

चंडीगढ़। राम दरबार के युवक की हत्या के मामले में पकड़े गए चारों आरोपियों को पुलिस ने सोमवार को जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने सुनवाई के दौरान पकड़े गए चारों आरोपियों को 2 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। रिमांड के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात के समय इस्तेमाल किया गया चाकू के अलावा अन्य अहम जानकारियां हासिल करनी है।

जानकारी के मुताबिक पता सेक्टर 11 स्थित क्राइम ब्रांच पुलिस को सूचना मिली थी की थाना 17 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत स्टैबिंग की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी एरिया में सक्रिय है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी मनोज कुमार मीणा के दिशा निर्देशों के चलते क्राइम ब्रांच के डीएसपी रजनीश कुमार की सुपरविजन में एक टीम गठित की गई थी। टीम में क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर राजीव कुमार, सब इंस्पेक्टर नीरज कुमार , सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार और उनकी टीम ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने मामले का खुलासा किया। पुलिस ने तुरंत आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान हल्लो माजरा के रहने वाले 22 वर्षीय मोनू जिसने बारहवीं कक्षा पास की हुई है। और वर्तमान में अमेरिका जाने के लिए आईलेट्स कर रहा है। 24 वर्षीय सोनू जायसवाल, हल्लो माजरा के रहने वाले 22 वर्षीय खिस्टिज और राम दरबार के रहने वाले 22 वर्षीय सूरज के रूप में हुई है।

क्या था मामला

मृतक सागर अपने परिवार सहित रहता था। और प्राइवेट जॉब करता था। सागर अपने साथी राम दरबार के रहने वाले जख्मी हुए 24 वर्षीय विशाल, 20 वर्षीय नीतीश के साथ रविवार को आई 10 कार में सवार होकर अलसुबह करीब 5:30 बजे अपने किसी काम से आकर सेक्टर 22 मार्केट में चाय पीने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह सेक्टर 17/ 22 चौक के पास पहुंचे तो ऑटो के इंतजार में खड़ा एक युवक को वाहन चालक टक्कर मार गए। जैसे ही आई 10 कार में सवार सागर और उसके 2 साथी जख्मी हुए युवक की मदद के लिए आए तो इसी दौरान दूसरी तरफ से एक बेगनार कार में सवार जिसमे 5 / 6 आरोपी युवक बैठे थे। पीड़ित आई 10 कार में सवार युवकों की तरफ आए।और उन्होंने बोला कि क्या वह उसकी ज्यादी मदद करना चाहते हैं। इसी बात को लेकर उनकी बहसबाजी हो गई। बहसबाजी इतनी बढ़ गई कि वैगनआर कार में सवार आरोपियों ने ताबड़तोड़ सागर पर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया था। जबकि उसके साथ विशाल के राइट हैंड पर जोरदार से डंडे और नीतीश के हाथ पर नुकीली चीज से हमला कर दिया। जिसके चलते हड़कंप मच गया। आसपास के लोग इकट्ठा हो गए थे। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस जख्मी हुए तीनों युवकों को इलाज के लिए सेक्टर 16 के अस्पताल में ले जाया गया था। जहां डॉक्टरों ने सागर की हालत को गभीर देखते हुए उसे पीजीआई रेफर कर दिया था। यहां इलाज के दौरान उसने रविवार सुबह करीब 11:30 बजे दम तोड़ दिया था।

गलोबल विजडम के स्कूली छात्र दौड़े 5 किमी मैराथन

डेराबस्सी, 20 अगस्त (अप्रस)। ग्लोबल विजडम इंटरनेशनल स्कूल, डेराबस्सी में बड़े उत्साह के साथ बच्चों के बीच मैराथन का आयोजन किया गया। इसमें अलग अलग वर्ग के बच्चों ने डेढ़ से 5 किमी तक की दौड़ में हिस्सा लिया। मैराथन शुरू करने से पहले छात्रों के लिए एक वार्म-अप सत्र और कार्यक्रम संबंधित निर्देश प्रदर्शित किए गए। प्रिंसिपल मोनिका मान ने झंडी दिखाकर प्रतियोगियों को रवाना किया। कक्षा 3 से कक्षा 5 के लिए निर्धारित की जाने वाली दूरी 1.5 - 2 किमी थी जबकि कक्षा 6 से कक्षा 12 के लिए यह दूरी 4-5 किमी थी। रास्ते में पानी की सुविधा और डस्टबिन भी मुहैया कराए गए।

शमशाद बानो ने 25 साल बाद कांग्रेस छोड़ थामा आम आदमी पार्टी का दामन

- श्री निवास काला की भाजपा छोड़ आप में घर वापिसी
- कई कांग्रेस व भाजपा नेताओं ने उनके साथ आप ज्वाइन की

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। अरविंद केजरीवाल जी की नीतियों से प्रेरित होकर सहप्रभारी प्रदीप छाबड़ा की अगुवाई में श्री निवास काला ने भाजपा छोड़ ने घर वापसी की उनके साथ कांग्रेस महिला कांग्रेस की प्रदेश उप प्रधान शमशाद बानो जोकि 25 सालों से कांग्रेस पार्टी में काम कर रही थी। कमलजीत कौर सचिव महिला कांग्रेस , मल्लिका भाजपा से , रोशन भाजपा से , शबाना भाजपा से और प्रीतम कौर महिला मोर्चा भाजपा से ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा और पार्टी के साथ एकजुट होकर काम करने का प्रण लिया । इस अवसर पर पार्षद प्रेम लता और पार्षद दमनप्रीत सिंह और वार्ड 4 से पार्षद सुमन शर्मा व सोनू शर्मा ने सभी का आम आदमी पार्टी में स्वागत किया । इस मौके पर छाबड़ा ने कहा कि आप सभी को पार्टी में पूरा मान सम्मान मिलेगा। और सभी से चंडीगढ़ के लोगो की ईमानदारी से सेवा करने का संदेश दिया।

सम्पादकीय

फिर उठ खड़े हुए किसान

तीन कृषि कानूनों के खिलाफ सफल आंदोलन के बाद अब फिर अगर किसानों का जमावड़ा दिल्ली की ओर हो गया है तो यह केंद्र सरकार के लिए सतर्क होने का समय है, वहीं उन वादों पर और सघनता से काम करने का वक्त भी है जो कि किसानों से उनका आंदोलन खत्म कराते समय किए गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान आंदोलन को अपने माफीनामे से खत्म करा दिया था। हालांकि सरकार की ओर से मजबूरी में उठाया गया कदम ज्यादा समझा गया। क्योंकि दर्जनों दौर की बैठकों के बावजूद केंद्र सरकार और किसानों के बीच कोई सहमति नहीं बन पाई थी। सरकार ने कानूनों को वापस लेने के साथ ही एमएसपी पर कानून बनाने का वादा किया था, अब यही वादा फिर केंद्र सरकार के गले की फांस बनता दिख रहा है। 9 अगस्त 2020 से 11 दिसंबर 2021 तक चले किसान आंदोलन का अब अगर पार्ट-2 शुरू होता नजर आ रहा है तो इसमें कोई संशय नहीं होना चाहिए। अब फिर किसान पंजाब और दूसरे राज्यों से आकर हरियाणा के सोनीपत में कुंडली और बहादुरगढ़ में टिकरी बॉर्डर पर जमा होने लगे हैं। सोमवार को दिल्ली में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया गया। हालांकि इस दौरान एक बार फिर दिल्ली एनसीआर में व्यवस्था डगमगाती नजर आई। सड़कों पर पुलिस फिर बेरिकेडिंग करने लगी है और पहरे बढ़ गए हैं।

कुंडली-सिंघु बॉर्डर पर दिल्ली पुलिस के जवानों की तैनाती कर दी गई है। किसानों को रोकने के लिए रेत से भरे डंपर सड़क किनारे खड़े किए गए हैं। हालांकि दिल्ली पुलिस का कहना है कि ये डंपर हाईवे निर्माण सामग्री को लेकर खड़े हैं। किसानों के कारण कुंडली सिंघु बॉर्डर पर नेशनल हाईवे 44 पर जाम के हालात बन गए। सिंघु बॉर्डर पर सीआरपीएफ व दिल्ली पुलिस की तैनाती की गई है। वाहन चालकों को जाम के चलते भारी परेशानी हो रही है। सोनीपत कुंडली एक्सप्रेसवे से भी किसानों का जत्था जंतर मंतर तक पहुंचा। हालांकि बावजूद इसके किसानों को दिल्ली में प्रवेश से रोका नहीं गया है, इसके पीछे सरकार की मंशा किसानों से टकराव मोल लेना नहीं है, लेकिन किसानों को भी यह समझना चाहिए कि उनके आंदोलन की वजह से देश को भारी आर्थिक हानि हुई थी। यह अब भी बहस का विषय है कि कृषि कानून सही थे या नहीं। सर्वोच्च न्यायालय ने इन कानूनों की उपयुक्तता जांचने के लिए एक विशेषज्ञ कमेटी का गठन किया था। माना यह गया है कि राजनीतिक हितार्थ विरोधी दलों ने इन कानूनों के खिलाफ ऐसा माहौल बनाया, जिससे किसान प्रेरित हुए और उसके बाद पंजाब जैसे संवेदनशील राज्य के हालात बेकाबू होने से रोकने के लिए प्रधानमंत्री को आगे आना पड़ा और बेहद विनम्रता पूर्वक उन्होंने न केवल कृषि सुधार कानूनों को वापस लेने की घोषणा की अपितु किसानों से माफी भी मांगी।

> **कुंडली-सिंघु बॉर्डर पर दिल्ली पुलिस के जवानों की तैनाती कर दी गई है। किसानों को रोकने के लिए रेत से भरे डंपर सड़क किनारे खड़े किए गए हैं। हालांकि दिल्ली पुलिस का कहना है कि ये डंपर हाईवे निर्माण सामग्री को लेकर खड़े हैं। किसानों के कारण कुंडली सिंघु बॉर्डर पर नेशनल हाईवे 44 पर जाम के हालात बन गए। सिंघु बॉर्डर पर सीआरपीएफ व दिल्ली पुलिस की तैनाती की गई है। वाहन चालकों को जाम के चलते भारी परेशानी हो रही है। सोनीपत कुंडली एक्सप्रेसवे से भी किसानों का जत्था जंतर मंतर तक पहुंचा। हालांकि बावजूद इसके किसानों को दिल्ली में प्रवेश से रोका नहीं गया है, इसके पीछे सरकार की मंशा किसानों से टकराव मोल लेना नहीं है, लेकिन किसानों को भी यह समझना चाहिए कि उनके आंदोलन की वजह से देश को भारी आर्थिक हानि हुई थी।**

बेशक, किसान आंदोलन के बाद से देश में किसान राजनीति ने अनेक करवटें ली है। पंजाब के अनेक किसान संगठनों ने साझा मोर्चा बनाकर विधानसभा चुनाव भी लड़ा था, जिसमें उन्हें कामयाबी नहीं मिली। हरियाणा में भी ऐसे ही हालात देखने को मिले हैं। अब हरियाणा के भाकियू चढूनी गुट और पंजाब के 31 संगठनों ने सोमवार को महापंचायत से दूरी बना ली। इस महापंचायत में लखीमपुर खीरी के पीड़ित किसानों को इंसाफ, बिजली बिल 2022 रद्द करने, गन्ने का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने, चीनी मिल से गन्ने का बकाया भुगतान करने सहित अन्य मांगों पर चर्चा की गई। किसानों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा है। किसान नेताओं का कहना है कि करीब एक साल तक कुंडली बॉर्डर पर चले किसान आंदोलन को समाप्त करते हुए सरकार ने जल्द ही उनकी मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया था लेकिन आज तक कोई कदम नहीं उठाया गया। गौरतलब है कि भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) की ओर से हरियाणा में भी सक्रियता बढ़ाई गई है, यूनियन की ओर से करनाल स्थित मुख्यमंत्री आवास के बाहर धरना देने की घोषणा की गई है।

किसान आंदोलन के पहले भाग के खत्म होने के बाद सरकार की ओर से दलील दी गई थी कि आंदोलन को खत्म करने के दो ही तरीके थे। शांतिपूर्ण तरीके से बातचीत से मुद्दे को सुलझाया जाए या फिर बल के प्रयोग से, जैसा इंदिरा गांधी के समय पर हुआ था। हालांकि केंद्र सरकार ने बातचीत से ही मुद्दे को सुलझाने की बात पर जोर बनाए रखा। बातचीत में जब गतिरोध आया, तो सरकार ने नए तरीके का समाधान खोजा। तब यह भी कहा गया कि डेढ़ साल तक कृषि कानूनों को स्थगित कर दिया गया। सरकार से जुड़े लोगों की यह भी दलील है कि किसानों के दुराग्रह को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जीतने का प्रयास किया गया है।

वास्तव में आज जरूरत इसकी है कि किसानों के साथ सरकार अपने संवाद को खत्म न करे। किसानों की मांगों पर विचार होना आवश्यक है। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में किसानों की मौत का मामला भी संगीन है। मृतक किसानों के परिवारों को सरकार की ओर से मदद दी गई है, वहीं मंत्री का आरोपी बेटा जेल में है। अब किसान अन्य मांगों जिनमें एमएसपी प्रमुख है, को लेकर आंदोलनरत हो गए हैं। यह समझने की बात है कि क्या फिर कोई राजनीतिक दल उन्हें इसके लिए प्रेरित कर रहा है। क्योंकि सरकार का तर्क है कि बिजली बिल 2022 में कुछ भी अनुचित नहीं है और यह आरोप मिथ्या है कि सरकार बिजली का निजीकरण करना चाहती है। ऐसे में किसानों को यह समझने की जरूरत है कि आंदोलन की बजाय वे अपने संगठनों के प्रतिनिधियों की सरकार से बातचीत तय कराएं। आंदोलन देश की अर्थव्यवस्था के लिए घातक साबित हो रहे हैं, पहले कोरोना और फिर किसान आंदोलन ने देश की आर्थिकी को भारी नुकसान पहुंचाया है। सोनीपत में ही पहले जो उद्यमी किसानों का समर्थन कर रहे थे, बाद में उन्होंने अपने व्यापारिक घाटे से परेशान होकर सरकार से ही किसानों को हटाने की मांग शुरू कर दी थी। देशहित में जो सबसे उपयुक्त है, वही किया जाना जरूरी है।

तेजस्वी यादव की नई पहल

दैनिक अर्थ प्रकाश

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

> **जापान में कमर तक झुकने, अफगानिस्तान में गाल पर चुम्मा जमाने और अरब देशों में एक-दूसरे के गालों को छुआने की परंपरा मैंने देखी है लेकिन अपने भारत की इस महान परंपरा को सत्ता, पैसा, हैसियत और स्वार्थ के कारण लोगों ने शीर्षासन करवा रखा है।**

बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने अपने दल के मंत्रियों के लिए एक नई आचार-संहिता जारी की है, जो मेरे हिसाब से अधूरी है लेकिन बेहद सराहनीय है। सराहनीय इसलिए कि हमारे नेता ही देश में भ्रष्टाचार के सबसे बड़े स्त्रोत हैं। यदि उनमें आचरण की थोड़ी-बहुत शुद्धता शुरु होने लगे तो धीरे-धीरे भारतीय राजनीति का शुद्धिकरण काफी हद तक हो सकता है। फिलहाल तेजस्वी ने अपने मंत्रियों से कहा है कि वे बुजुर्गों से अपने पांव छुआना बंद करें। उन्हें खुद नमस्कार करें। हमारे देश में अपने से बड़ों के पांव छूने की जो परंपरा है, दुनिया के किसी भी देश में नहीं है। जापान में कमर तक झुकने, अफगानिस्तान में गाल पर चुम्मा जमाने और अरब देशों में एक-दूसरे के गालों को छुआने की परंपरा मैंने देखी है लेकिन अपने भारत की इस महान परंपरा को सत्ता, पैसा, हैसियत और स्वार्थ के कारण लोगों ने शीर्षासन करवा रखा है। देश के कई वर्गों के लोगों को मैंने देखा है कि वे अपने से उम्र में काफी बड़े लोगों से अपना पांव छुआने में जरा भी संकोच नहीं करते बल्कि वे इस ताक में रहते हैं कि बुजुर्ग उनके पांव छुएं तो उनके बड़प्पन का सिक्का जमे। बिहार और उत्तरप्रदेश में तो मंत्रियों, सांसदों और साधुओं के यहां ऐसे दृश्य अक्सर देखने को मिल जाते हैं। तेजस्वी यादव इस कुप्रथा को रूकवा सकें तो उन्हें यह बड़ा नेता बनवा देगी। तेजस्वी ने दूसरी सलाह अपने मंत्रियों को यह दी है कि वे आगंतुकों से उपहार लेना बंद करें। उनकी जगह कलम और किताबें लें। कितनी अच्छी बात है, यह लेकिन नेता उन किताबों का क्या करेंगे? किताबों से अपने छात्र-काल में दुश्मनी रखनेवाले ज्यादातर लोग ही नेता बनते हैं। तेजस्वी की पहल पर अब वे कुछ पढ़ने-लिखने लगें तो चमत्कार हो जाए। बाना होगा यह कि वे किताबें भी अखबारों की रद्दी के साथ बेच दी जाएंगी। डर यह भी है कि अब मिठाई के डिब्बों की बजाय किताबों के डब्बे मंत्रियों के पास आने लगेंगे और उन डिब्बों में नोट भरे रहेंगे। तेजस्वी ने तीसरी पहल यह की है कि मंत्रियों से कहा है कि वे अपने लिए नई कारें न खरीदवाएं। यह बहुत अच्छी बात है। लेकिन यह काफी नहीं है। तेजस्वी चाहें तो नेताओं के आचरण को आदरणीय और आदर्श भी बनवाने की प्रेरणा दे सकते हैं। पहला काम तो वे यह करें कि सांसदों और विधायकों की पेंशन खत्म करवाएं। दूसरा, उन्हें सरकारी मकानों में न रहने दें। अब से 50-55 साल पहले वाशिंगटन में मैं 45 डॉलर महिने के जिस कमरे में रहता था, उसी के पास तीन कमरों में अमेरिका के कांग्रेसमेन और सीनेटर भी किराये पर रहते थे। तेजस्वी खुद बंगला छोड़ें तो बाकी मंत्री भी शर्म के मारे भाग खड़े होंगे। हमारी राजनीति को यदि भ्रष्टाचार से मुक्त करना है तो हमारे नेताओं को अचार्य कौटिल्य और यूनानी विद्वान प्लेटो के 'दार्शनिक राजाओं' के आचरण से सबक लेना चाहिए। नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री की शपथ ली, तब कहा था कि वे देश के 'प्रधान सेवक' हैं। तेजस्वी इस कथन को ठोस रूप देकर क्यों न दिखाएं? यदि वे ऐसा कर सकें तो पिछड़ा हुआ बिहार भारत-गुरु बन जाएगा।

बोल ब्यूटीफुल

ऋचा अनिरुद्ध: आए दिन लोगों के अभद्र व्यवहार के वीडियो आते रहते हैं, जिनमें गालियों की भरमार होती है। ऐसे में अब सभ्य भाषा अभियान शुरू करना होगा। लोगों के पस पैसे, बड़े घर और गाड़ियां तो आ गई है, लेकिन तमीज कहीं खो गई है।

अनुज सिंघल: शेयर बाजार में तेजी का दौर है, लेकिन ऐसी तेजी के बिच पीवीआर के शेयर इस महीने के दौरान करीब 14 प्रतिशत तक लुढ़का गया है। स्पष्ट है कि बाक्स ऑफिस पर सूखे जैसी स्थिति है। कुछ सुपर फ्लॉप एवं पारिवारिक मेहरबानी से अभिनेता और निर्देशक बने लोगों को समझना होगा कि ऐसा बहिष्कार अभियान के कारण नहीं, बल्कि खराब कंटेंट की जगह से हो रहा है। इसलिए कृपया इस मोर्चे पर काम करिए।

बेरोजगारी में नंबर वन हरियाणा, क्यों नहीं हो रही भर्तियां?

दैनिक अर्थ प्रकाश

अगर सरकार की मंशा ही है तो आखिर क्यों राज्य में लाखों पदों के खाली होने के बावजूद यहां के औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग में आईटीआई इंस्ट्रक्टर के पदों पर भर्ती नहीं होती? शिक्षकों के खाली पदों को क्यों नहीं भरा जाता? एचएसआईआईडीसी एवं पुलिस के चयनित उम्मीदवारों को जॉइनिंग क्यों नहीं दी जाती? सरकार को इन बातों का युवाओं को जवाब देना चाहिए। इन सबके अलावा हजारों पद ग्रुप डी के और ग्रुप सी श्रेणी के खाली पड़े हैं और हरियाणा के करोड़ों युवा दिन रात मेहनत कर इन की तैयारियां कर रहे हैं। सरकार क्यों उनका एग्जाम लेकर तुरंत इन भर्तियों को पूरा करती? क्यों कोर्ट और कर्मचारी चयन आयोग के बीच बार-बार इन भर्तियों को उलझा कर रखा जाता है? और युवाओं को पेंडुलम बनाकर रख दिया है। आखिर सरकार की मंशा क्या है? यहां के मुख्यमंत्री सीधे तौर पर युवाओं से संवाद क्यों नहीं करते? उनकी समस्याओं को क्यों नहीं सुनते? उनके प्रश्नों का जवाब क्यों नहीं देते?

आज हरियाणा देशभर में बेरोजगारी में कई सालों से पहले स्थान पर है। देश और प्रदेश में बेरोजगारी और महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। हरियाणा बेरोजगारी में 35.1 प्रतिशत के साथ देश में पहले स्थान पर है। प्रदेश में 18 से लेकर 40 वर्ष तक का हर दूसरा युवा बेरोजगार है। हरियाणा की इस उपलब्धि में सीधा-सा सरकार का हाथ है, कई सालों से यह छोटा-सा राज्य पहले स्थान पर काबिज है। हरियाणा में लाखों पदों की रिक्तियों के बावजूद साल 2014 से क्यों तरस रहे हैं नौकरी के लिए युवा? कौन जिम्मेदार है। क्यों विभिन्न विभागों में लाखों पदों के खाली होने के बावजूद सरकार की मंशा नहीं है कि इन पदों को भरा जाए। और न ही हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों को चिंता कि वह सरकार से इन पदों को भरने के लिए कहे।

दिल्ली से लगे हरियाणा राज्य में भर्तियों का हाल यह है कि साल 2014 से विज्ञापित बहुत से पदों का परिणाम आज तक जारी नहीं हुआ। अगर कोई परिणाम जारी हो भी गया तो वह भर्तियां कोर्ट में लटकी हुई है। चयनित आवेदक जॉइनिंग को लेकर तरस रहे हैं। शिक्षा विभाग में पिछले 8 सालों में कोई भर्ती नहीं हुई है जबकि हरियाणा के लाखों युवा हर साल राज्य पात्रता परीक्षा पास करते हैं। इस आस में

कि वो एक दिन अध्यापक बन कर देश के सुनहरे भविष्य का निर्माण करेंगे। मगर अब तो उनका खुद का भविष्य अंधकार में खो गया है। हरियाणा में भर्ती प्रणाली और कर्मचारी चयन आयोग की कार्यशैली कि बानगी देखिए। पारदर्शिता के नाम पर यहां रोज नए- नए नियम बनाए जाते हैं तो कभी कॉमन भर्ती टेस्ट के नाम पर युवाओं को बहलाया जाता है। तरह-तरह के सब्जबाग दिखाए जाते हैं। बेरोजगार युवा उनका पीछा करते हैं मगर आखिर हाथ कुछ नहीं लगता।

आज हरियाणा के युवाओं की स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि यहां के करोड़ों युवा पहले तो खाली पदों के लिए विज्ञापन के लिए, सरकार से प्रार्थना करते है, बात नहीं बनती तो मजबूरी में आंदोलन करते हैं। सही समय पर पेपर नहीं होते तो फिर उनके एग्जाम के लिए आंदोलन कर सड़कों पर आते हैं। पहली बात तो एग्जाम होता ही नहीं, होता है तो बार-बार लीक होता है। अगर कोई एग्जाम पूर्ण हो भी जाता है तो उसके परिणाम के लिए आवेदक सालों तक इंतजार करते हैं या फिर राजनीतिज्ञों की कोठियों पर चक्कर लगाते हैं। अगर परिणाम जारी भी हो जाता है तो जॉइनिंग के लिए सालों तक इन बेरोजगार युवाओं को इंतजार में बैठा रहना पड़ता है या फिर वही भर्तियां ऐसे मोड़ पर लाकर कोर्ट में उलझा दी जाती है।

उदाहरण के लिए यहां के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में लगभग 3000 पदों की इंस्ट्रक्टर की भर्ती पिछले 9 सालों से पेंडिंग है। युवाओं के अथक प्रयासों के परिणाम स्वरूप कुछ पदों का परिणाम जारी हुआ है, मगर जॉइनिंग उनकी भी नहीं हुई। यही नहीं मुख्य ट्रेड वाली बड़ी भर्ती का परिणाम अभी भी कर्मचारी चयन विभाग ने रोका हुआ है। एक-एक, दो-दो पोस्ट वाली कैटेगरी का परिणाम जारी करके ये कह दिया कि हम लिस्ट दे रहे हैं। भर्ती के नियमों में स्पष्टता के अभाव में भर्तियां कोर्ट और आयोग के बीच झूलती रहती है। आखिर क्यों आयोग विज्ञापन जारी करते हुए स्पष्ट नियम नहीं बनाता। आखिर उनकी मंशा क्या है? क्यों युवाओं को बेरोजगारी के साथ-साथ कोर्ट और आयोग के बीच पीसना पड़ रहा है ? स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि कॉमन टेस्ट के नाम पर हरियाणा के लाखों युवा एग्जाम के इंतजार में घर बैठे हैं लेकिन सरकार है कि समझती ही नहीं।

आखिर क्यों हरियाणा सरकार को अपने द्वारा की गई एक -दो छुटपुट भर्तियों की ही जांच बार-बार करनी पड़ रही है? हरियाणा सरकार की दो ऐतिहासिक भर्तियां ग्रुप डी और क्लर्क कि आए दिन जांच बैठती है। ग्रुप डी को तो वोट बैंक का जरिया कहा जाए, तो अतिश्योक्ति नहीं होगी क्योंकि यह भर्ती पिछले चुनाव से थोड़े दिन पहले रातों-रात बिना किसी वेरिफिकेशन के आनन-फानन में की गई थी। कुछ ऐसा ही हाल क्लर्क की 5000 पदों की भर्ती का हुआ जिसका संशोधित परिणाम अब सालों बाद जारी हो रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप हजारों युवाओं का भविष्य अंधकार में खो गया है, गलती करे कोई, भरे कोई।

हरियाणा पुलिस में हर साल हजारों पदों की भर्ती का ढिंढोरा पीटने वाली सरकार पिछले 3 साल से चल रही कॉन्स्टेबल की भर्ती को भी पूरा नहीं कर पाई है। इस भर्ती के लिए लाखों युवाओं ने मेहनत की, लेकिन यह भर्ती आज भी सरकार की मंशा के अभाव में पूर्ण नहीं हुई है। आलम यह है कि हरियाणा के हर विभाग में लाखों पद खाली है लेकिन सरकार इन पदों को भरना नहीं चाहती। तभी तो हरियाणा रोजगारी में नंबर वन है। अगर ऐसे ही चलता रहा तो वह दिन दिन दूर नहीं जब हरियाणा बेरोजगारी के साथ-साथ चोरी, लूट और अन्य आपराधिक घटनाओं में भी नंबर वन पर होगा।

हरियाणा सरकार के एचएसआईआईडीसी में निकली 200-300 पदों की विभिन्न श्रेणियों की भर्तियां आज चयन के बावजूद जॉइनिंग के लिए तरस रही है। आखिर क्यों वहां के विभागाध्यक्ष और सरकार इन युवाओं को जॉइनिंग नहीं दे रहे। इसमें युवाओं की क्या गलती है कि वह चयन के बाद भी सालों तक घर बैठे जॉइनिंग का इंतजार कर रहे हैं। परिणाम यह है कि आज यहां का पढ़ा लिखा युवा नौकरी के अभाव में अपना घर बसाने को तरस रहा है क्योंकि भर्तियां नहीं होने की वजह से युवा लगातार तैयारी करते रहते हैं। उम्र बढ़ती जाती है और वह रोजगार के अभाव में शादी के लिए सही समय पर सोच नहीं पाता।

हर साल हर साल प्रदेश के लाखों युवाओं को अध्यापक पात्रता परीक्षा के नाम पर लूटा आ जाता है लेकिन शिक्षकों भर्तियां नहीं निकाली जाती। भर्ती नहीं तो पात्रता परीक्षा क्यों? आलम यह है कि आज शिक्षकों के लाखों आवेदकों की राष्ट्रीय पात्रता सर्टिफिकेट की वैधता समाप्त होने के कगार पर है, बार-बार परीक्षा पास कर वो थक चुके है, टूट चुके है। शिक्षकों के हजारों पद खाली होने के बावजूद न तो यहां का शिक्षा विभाग और न ही यहां की सरकार इन पदों को भरने का सोच रही है। उल्टे यहां के हजारों सरकारी स्कूलों पर बंद होने की नौबत आ गई है। आखिर क्या होगा गरीब और निचले तबके के बच्चों का और नौकरी की आस में बैठे हरियाणा के मेधावी और शिक्षित युवाओं का।

देखे तो पिछले 8 सालों में यहां की सरकार के द्वारा स्वास्थ्य विभाग में नाममात्र के कुछ पदों को भरने के अलावा किसी भी विभाग में कोई भर्ती अच्छे से पूर्ण नहीं हुई है। जिससे युवाओं को संतोष हो। स्वास्थ्य विभाग में हुई भर्तियों को वक्त का तकाजा कहे या सरकार की मजबूरी क्योंकि कोरोना काल की वजह से इनको पैरामेडिकल स्टाफ की भर्तियां मजबूरी में करनी ही पड़ी और यह भर्तियां भी आवेदकों के सड़कों पर उतरने के बाद पूर्ण हुई है। आखिर क्यों यहां के मुखिया ने युवाओं को सड़कों पर उतरने मजबूर कर दिया है? युवा आज अपने हकों के लिए हरियाणा सरकार के विरोध में आ खड़ा हुआ है। सरकार को सोचना होगा, सोचना ही नहीं उनकी परेशानियों का हल ढूंढना होगा। तभी एक स्वर्णिम हरियाणा का निर्माण कर पाएंगे।

-प्रियंका सौरभ

अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

शराब सिगरेट पर पाबंदी लगनी चाहिए

आज अपने एक बयान में श्री एमपी वर्मा चेयरमैन बैंक वर्ड क्लासिज ने उस बियान की निंदा की है कि जो 21-8-90 को संसद में स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री श्री रसीद मसुद ने बताया कि पान मसालों के सभी पैकटों और विज्ञापनों में यह दर्ज करने का जो निर्देश दिया गया है कि पान मसालों का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है मैं भारत सरकार से पूछना चाहता हूं कि क्या होगा इस लिखाई से क्या पहले सिगरेट और शराब की बोतलों पर नहीं लिखा जाता क्या सिगरेट, शराब पीना लोगों ने छोड़ दिया जब तक सरदार ईमानदारी से कोई कानून नहीं बनाएगी कुछ होने वाला नहीं खुद सरकार ही दोगली पोलसी पर चल रही है सरकार एक तरफ तो कह रही है कि शराब बहुत बुरी चीज है इसको नहीं पीना चाहिए लोगों को समझाने के लिए लाखों रुपये खर्च किया जाता है दूसरी तरफ शराब पिलाने को बढ़ावा दे रही है हर साल ठेकों की तादाद बढ़ाई जाती है और अब तो हरियाणा में देखा है कि हर गांव और सड़कों पर ठेके खुले हुए हैं साथ में तहखाने भी हैं ताकि शराब पीने वालों को असुविधा न हो शराब के ठेकों पर कोई शॉप एक्ट नहीं है जब मर्जी खोलो और जब मर्जी बंद करो। साल में 2-3 दिन वो भी सिर्फ दिखावे के लिए आगे से बंद लेकिन पीछे से खुली क्या यहीं कानून फिर दोहराया जाएगा। मैं भारतसरकार को राय देता हूं कि ऐसे ढकोसले बाजी से तो अच्छा है जैसे चलता रहा है अच्छा है यदि लोगों के लिए थोड़ी सी चिंता है फिर ऑफिस की तरह इन स्वास्थ्य विरोधी चीजों पर पूरी तरह पाबंदी लगाई जाए ना रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी।

सिपाही व दो बेटी और 3 आतंकवादी सहित 8 मरे

चंडीगढ़। पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान आतंकवादी घटनाओं में एक सिपाही व उसके दो बेटों, तथा तीन आतंकवादियों सहित 8 व्यक्ति मारे गए हैं। प्राप्त खबरों के अनुसार अमृतसर, फिरोजपुर तथा फरीदकोट जिलों में एक-एक आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए। जबकि होशियारपुर जिले के एक गांव में आतंकवादियों ने एक कांस्टेबल व उसके दो बेटों की हत्या कर दी है।

विविध

अजब दुनिया-गजब खबरें

यहां पर किसी की मौत होने पर महिलाओं की काट दी जाती है अंगुली

दुनिया में कई तरह की जनजातियां पाई जाती हैं। इन जनजातियों में कई अजीबोगरीब परंपराओं का पालन किया जाता है जिनके बारे में जानकर हैरानी होती है। दुनिया में रहने वाली जनजातियां अभी भी हजारों साल पुरानी परंपराओं का पालन करती हैं। ये जनजातियां कई अनोखे परंपराओं को मानती हैं जिनका अलग महत्व होता है। जनजातियों में कुछ खतरनाक रीति-रिवाज और परंपराओं का पालन होता है जिनके बारे में जानकर रोंगटे खड़े हो जाएंगे।

दुनिया के कई देशों ने ऐसे रीति रिवाजों पर रोक लगा दी है, लेकिन आज भी कुछ ऐसे देश हैं जहां आज भी अजीबोगरीब परंपराओं का पालन किया जाता है। इन जनजातियों के लिए ये मान्यताएं बेहद महत्व रखती हैं। इंडोनेशिया में रहने वाली जनजाति भी एक ऐसी ही परंपरा का पालन करती है जिसके बारे में जानकर आप हैरत में पड़ जाएंगे। आइए आपको बताते हैं कि इस

जनजाति और अजीबोगरीब परंपरा के बारे में...

इंडोनेशिया में रहने वाली इस जनजाति के परिवार में किसी सदस्य की मौत हो जाती है, तो घर की महिलाओं के साथ कुछ ऐसा किया जाता है जिसके बारे में जानकर आपकी रूह कांप जाएगी। दरअसल इस जनजाति में किसी की मौत हो जाती है, तो महिला की अंगुलियों को काटा जाता है।

यहां पर आज भी इस खतरनाक परंपरा का पालन किया जाता है। अगर किसी की अंगुली में थोड़ी सी भी चोट लग जाती है, तो कितन दर्द होता है। अब आप सोचिए जब किसी महिला की अंगुलियों को काटा जाता होगा, तो उससे कितनी असहनीय पीड़ा होती होगी।

परिवार में किसी शख्स की मौत होने पर लोगों पर दुखों का पहाड़ टूट जाता है। दर्द को कम करने के लिए लोग परिवार के साथ खड़े रहते हैं। लेकिन इंडोनेशिया में डानी जनजाति में महिलाओं को काफी दर्द झेलना पड़ता है। इस जनजाति के परिवार में किसी की मौत होने पर महिलाओं की अंगुली काटी जाती है। इस परंपरा को इकिपलिन प्रथा कहा जाता है।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, देश के जयाविजया प्रांत के वामिन शहर में डानी जनजाति काफी संख्या में पाई जाती है। इंडोनेशिया की सरकार ने सालों पहले ही इकिपलिन प्रथा पर रोक लगा दी थी, लेकिन माना जाता है कि आज भी जनजाति में चोरी छिपे इस प्रथा का पालन किया जा रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इंडोनेशियाई में रहने वाली डानी जनजाति में अनुष्ठान के लिए महिलाओं की अंगुलियों के ऊपर के आधे हिस्से को काट दिया जाता है। मान्यता है कि महिला की अंगुली काटने से मरने वाले शख्स की आत्मा दूर रहती है। सबसे हैरानी वाली बात यह है कि माताएं कुछ बच्चों की अंगुलियों को भी काट देती हैं। इस जनजाति में मृतकों की ममी बनाकर भी रखा जाता है।

इतिहास के झरोखे में आज का दिन

- 1456- जर्मनी के योहानेस गुटेनबर्ग ने पहले आधुनिक छापेखाने में बाइबिल की पहली प्रति छापी।
- 1821- मेक्सिको ने आजादी की घोषणा की।
- 1939- तत्कालीन सोवियत रूस और जर्मनी के बीच एक दूसरे पर हमला न करने की संधि पर हस्ताक्षर।
- 1947- वल्लभ भाई पटेल देश के उप प्रधानमंत्री नियुक्त किये गये।
- 1976- चीन में भूकंप से हजारों लोगों की मौत।
- 1979- ईरान की सेना ने कुर्दों के खिलाफ मोर्चा खोला।
- 1986- बम्बई के शंभु अभावने ने सबसे लंबे समय तक टाइपिंग का मैराथन जीतकर विश्व रिकार्ड अपने नाम किया।
- 1990- पूर्वी और पश्चिमी जर्मनी ने तीन अक्टूबर को एक होने की घोषणा की।
- 1995- देश का पहला सेलुलर फोन कलकत्ता (अब कोलकाता) में व्यावसायिक तौर पर पेश किया गया।
- 1997- अमेरिका के मिसीसिपी यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर को चार वर्ष पहले मिला हल्दी का पेटेन्ट रद्द।
- 1999- इजरायल और फिलीस्तीन के बीच मान्यता सम्बन्धी मुद्दों पर पुन बातचीत शुरु हुई।
- 2003- ब्राजील में अंतरिक्ष यान में प्रक्षेपण से पूर्व ही विस्फोट होने से कम से कम 21 लोग मारे गए।
- 2003- पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने न्यूनतम सुरक्षात्मक हथियार बनाए रखने की घोषणा की।
- 2007- यूनेस्को के विश्व स्मृति रजिस्टर में ऋग्वेद की 30 पांडुलिपियाँ शामिल की गईं।
- 2007- पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वासित जीवन व्यतीत कर रहे पाकिस्तान के पूर्व मुख्यमंत्री नवाज शरीफ को स्वदेश वापसी की अनुमति दी।
- 2011- चीनी विज्ञान अकादमी के वैज्ञानिकों ने ब्रह्मपुत्र और सिंधु नदी के उद्गम स्थल का पता लगाया तथा उनके मार्ग की लंबाई का व्यापक उपग्रह अध्ययन पूरा किया।

'ऐसा क्यों?'

डॉ. मुनिश्री प्रणामसागर जी द्वारा लिखित यह कृति 'ऐसा क्यों?' अनेक प्रश्नों के समाधान करने में सशक्त स्थान रखती है। सच्चाई है कि सामान्यजन हर रोज जो क्रियाएं करते हैं लेकिन इसके पीछे क्या कारण है, इसकी हमें जानकारी नहीं होती। मुनिश्री जी ने 'ऐसा क्यों?' कृति के माध्यम से स्पष्ट किया है कि जो सामान्यजन अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में कार्य करता है उसका क्या मतलब है?

आचार्य 108 डा. श्री प्रणामसागर जी

आज का इंसान दुखी क्यों है?

कबीरदास जी ने लिख है -

दुःख में सुमिरन सब करें,
सुख में करे न कोय।
जो सुख में सुमिरण करे,
तो दुःख काहे को होय।।

प्रकृति सदैव आनंदित रहती है, क्योंकि वह हर परिस्थिति में परिवर्तित हो जाती है, जानवर हमेशा अपने हाल में मस्त रहता है। भूख, प्यास, सर्दी, गर्मी और बारिश में भी अपने आपको ढाल लेता है। आज तक कोई जानवर अपनी परेशानी लेकर भगवान के पास नहीं पहुंचा। वह भगवान द्वारा प्रदत्त सामग्री को प्रकृति से प्राप्त कर लेता है। क्योंकि जिसने दांत दिए हैं, वह दाना भी देगा। जिसने चोंच दी है वह चुनने को भी देगा। जिसने शरीर दिया है कि वह सहारा भी देगा।

इसी सहारे वे हमेशा स्वतंत्रता में खुश रहा करते हैं। लेकिन मनुष्य को सांसारिक सुख के साथ-साथ आध्यात्मिक सुख पाने के लिए भगवान के समान रूप मिला है, इसी रूप द्वारा आत्मस्वरूप को पाया जा सकता है। लेकिन हम अपने स्वरूप को भूलकर भौतिकता की चकाचौंध देखकर इतना अलमस्त हो जाते हैं फिर उस समय अपनी देह का भी ध्यान नहीं रहता। फिर वह परेशानी में भगवान के मंदिरों में जाकर भगवान को अपनी परेशानी सुनाता है, जिसने भाग्य के साथ में धरती पर भेजा था, लेकिन हमने उस भाग्य को ही भौतिकता में लगा दिया।

हमें पता है कि इस संसार में सुख राई के बराबर है और दुःख पहाड़ के बराबर है फिर भी हम सुख की तलाश में शरीर सुखाते जा रहे हैं और पड़ोसी के सुख को देखकर और दुःखी जाते जा रहे हैं और ऐसी दुःखभरी दुनिया में दुःख का रोना रोकर रोते-रोते संसार को दुःखी करके विदा हो जाते हैं।

पंचांग

मंगलवार, अगस्त 23, 2022

सूर्योदय 05.59 ए एम, सूर्यास्त07.07 पी एम चन्द्रोदय 02.47 ए एम, अगस्त 24 चन्द्रास्त 04.56 पी एम, शक सम्वत 1944, शुभ कृत्विक्रम सम्वत 2079, राक्षस गुजराती सम्वत 2078, प्रमादी अमान्त महीना श्रावण, पूर्णिमान्त महीना भाद्रपद, वार मंगलवार, पक्ष कृष्ण पक्ष, तिथि एकादशी - 06.06 ए एम तक, नक्षत्र आर्द्रा - 10.44 ए एम तक, योग सिद्धि - 12.38 ए एम, अगस्त 24 तक करण बालव - 06.06 ए एम तक, द्वितीय करण कौलव - 07.20 पी एम तक, सूर्य राशि सिंह चन्द्र राशि मिथुन राहुकाल 03.50 पी एम से 05.28 पी एम, गुलिक काल12.33 पी एम से 02.11 पी एम, यमगण्ड 09.16 ए एम से 10.54 ए एम, अभिजित मुहूर्त 12.07 पी एम से 12.59 पी एम, दुर्मुहूर्त 08.37 ए एम से 09.29 ए एम, दुर्मुहूर्त 11.28 पी एम से 12.11 ए एम, अगस्त 24 वर्ज्य12.11 ए एम, अगस्त 24 से 01.59 ए एम, अगस्त 24.0

वामन द्वादशी व्रत करने से मिलता है मनचाहा फल

वामन द्वादशी को लोग विष्णु जयंती के रूप में भी मनाते हैं। इस दिन व्रत रखना काफी लाभकारी माना जाता है। माना जात है कि इस दिन श्री हरि नारायण विष्णु की पूजा करने से मनुष्य के अंदर से अहंकार की भावना समाप्त हो जाती है।

हिंदू धर्म में हर पूजा-पाठ का काफी महत्व माना जाता है। हर पूजा हर व्रत के अपने-अपने फायदे होते हैं। आज वामन द्वादशी है। वामन द्वादशी आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को मनाई जाती है। इस दिन भगवान विष्णु के वामन अवतार की पूजा की जाती है। वामन अवतार को भगवान विष्णु का पांचवां अवतार माना जाता है। त्रेता युग में दानवों के राजा बलि का अहंकार दूर करने के लिए भगवान ने वामन का अवतार लिया था।

वामन द्वादशी को लोग विष्णु जयंती के रूप में भी मनाते हैं। इस दिन व्रत रखना काफी लाभकारी माना जाता है। माना जात है कि इस दिन श्री हरि नारायण विष्णु की पूजा करने से मनुष्य के अंदर से अहंकार की भावना समाप्त हो जाती है। विधि-विधान के साथ भगवान विष्णु की पूजा-पाठ करने से मनचाहा फल भी मिलता है। इस 4 शुभ योग बन रहे हैं। इस दौरान व्रत रखते हुये भगवान विष्णु की पूजा करने से भक्तों पर श्री हरिनारायण की कृपा बरसेगी।

वामन द्वादशी का व्रत रखने और पूजा-पाठ करने के बाद एक बर्तन में एक कटोरी चीनी, एक कटोरी चाव और एक कटोरी दही रखकर ब्राह्मण को दान करें। इस दिन सफेद चीज़ों का दान शुभ होता है। इसके आलावा आप ब्राह्मणों को माला, आसन, कपड़े, फल और गीता भी दान कर सकते हैं। ऐसा करने से भगवान विष्णु काफी प्रसन्न होते हैं।

ये हैं हनुमान जी के जीवन से जुड़े 8 रहस्य

भगवान हनुमान हिंदू धर्म में सबसे अधिक पूजे जाने वाले देवताओं में से एक हैं। उन्हें उनके साहस, शक्ति और उनकी सुरक्षा की दिव्यता के लिए माना जाता है। उनकी पौराणिक कथाओं का वर्णन रामायण में विस्तार से मिलता है और उनकी भूमिका सम्पूर्ण रामायण प्रसंग में मुख्य थी। उनके बारे में प्रचलित मान्यताओं में उनकी श्री राम के प्रति अटूट भक्ति, श्रद्धा भावना, उनकी बचपन की शरारतें और माता सीता को खोजने में प्रभु श्री राम की सहायता करना मुख्य रूप से वर्णित हैं।

सिर्फ रामायण ही नहीं बल्कि महाभारत और अन्य पुराणों में भी हनुमान जी की भक्ति का वर्णन किया गया है। ऐसी मान्यता है कि उनका जन्म चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को हुआ था, इसलिए इसी दिन हनुमान जयंती मनाई जाती है। हनुमान जी को पवनसुत, केसरी नंदन, बजरंगबली जैसे कई नामों से भी जाना जाता है। आइए जानें उनके जीवन से जुड़ी कुछ ऐसी बातों के बारे में जिनसे शायद आप सभी अंजान होंगे।

पौराणिक कथाओं में इस बात का जिक्र है कि केसरी और अंजना के पुत्र,थे लेकिन वास्तविकता यह भी है

कि वो भगवान शिव का अवतार थे और उन्हें शिव जी के अंश के रूप में भी पूजा जाता है। हनुमान जी को पवन पुत्र के रूप में भी जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि जब भगवान विष्णु ने पृथ्वी पर राम अवतार लिया तब भगवान शिव ने उनके साथ रहने के लिए पृथ्वी पर हनुमान रूप में अवतार लिया।

हनुमान जी का नाम जन्म के समय हनुमान नहीं था बल्कि एक बार उन्होंने सूर्य को कोई मीठा फल समझकर निगल लिया था। तब इंद्रा ने सूर्य को मुक्त करने के लिए वज्र प्रहार किया और उनका जबड़ा सूज गया। तभी से उनका नाम हनुमान पड़ा क्योंकि हनुमान संस्कृत के हनुमत शब्द से बना है। हनुमत एक शब्द और एक प्रत्यय का जोड़ है। हनु या हनू का अर्थ है जबड़ा और मत प्रत्यय बन जाती है। तो, हनुमान का अर्थ है वह जिसका जबड़ा सूज गया हो या विकृत हो गया हो।

ब्रह्माण्ड पुराण श्लोक 223 - 227 में कहा गया है कि अंजना और केसरी के कुल पांच पुत्र थे जिनमें से हनुमान सबसे बड़े थे। भगवान हनुमान के भाई-बहनों के जन्म के क्रम में उनके नाम मतिमान, श्रुतिमान, केतुमान और दि्र्टमान हैं। महाभारत काल में पांडु और कुंती पुत्र भीम को भी हनुमान जी का भाई कहा गया है।

इसकी एक पौराणिक कथा के अनुसार एक बार भगवान हनुमान ने सीता जी को माथे पर सिंदूर लगाते हुए देखा और पूछा कि यह उनके दैनिक अनुष्ठानों का हिस्सा क्यों है। तब सीता ने हनुमान को समझाया कि सिंदूर श्रीराम की लंबी उम्र, उनके पति के प्रति उनके प्रेम और सम्मान का प्रतिनिधि है। श्री राम के प्रति निष्ठावान भक्ति की वजह से हनुमान जी ने अपने पूरे शरीर को इस सिंदूर से लेपने का निर्णय लिया और हनुमान जी को सिंदूर से रंगा देखकर उनकी भक्ति से प्रभावित होकर भगवान श्री राम ने वरदान दिया कि जो लोग भविष्य में सिंदूर से हनुमान जी की पूजा करेंगे, उनकी सारी कठिनाइयां दूर हो जाएंगी और यही कारण है कि मंदिर में आज भी हनुमान जी की मूर्ति सिंदूर से रंगी होती है।

भगवान हनुमान एक ब्रह्मचारी के रूप में जाने जाते हैं फिर भी उन्होंने मकरध्वज नाम के एक पुत्र को जन्म दिया। कहा जाता है कि अपनी अग्निमय पूंछ से लंका को जलाने के बाद उन्होंने अपनी पूंछ को ठंडा करने के लिए समुद्र में डुबो दिया। उस समय उनके शरीर का पसीना एक मछली ने निगल लिया और उसी मछली से मकरध्वज का जन्म हुआ।

पौराणिक कथाओं के अनुसार हनुमान जी की उपस्थिति राम के समय में यानी रामायण काल में मौजूद थी। लेकिन शायद ही किसी को ये ज्ञात हो कि हनुमान जी अर्जुन के रथ पर अपने चित्रित ध्वज के रूप में कुरुक्षेत्र के युद्ध के मैदान में भी उपस्थित थे। ऐसा उन्होंने भगवान कृष्ण की श्रद्धा के रूप में किया था। भगवान कृष्ण भी विष्णु जी का दसवां अवतार थे और इसी वजह से हनुमान जी उनके साथ उपस्थित थे। हनुमान जी की उपस्थिति ने कुरुक्षेत्र युद्ध में रथ और उसके निवासियों को सुरक्षा प्रदान की और जैसे ही युद्ध में विजय मिली हनुमान जी वापस अपने मूल रूप में आ गए।

ऐसा कहा जाता है कि भगवान हनुमान ने राम (भगवान राम से जुड़े कुछ सवाल)और लक्ष्मण का अपहरण करने वाले पाताल के राक्षस राजा को मारने के लिए पंचमुखी हनुमान का रूप धारण किया था। हनुमान को इस बात का पता लगा कि अहिरावण को मारने के लिए उनको एक ही समय में पांच दीपकों को बुझाने की जरूरत है क्योंकि उनके भीतर राक्षस राजा की आत्मा रहती है। इसलिए भगवान हनुमान पांच सिरों में रूपांतरित हो गए। पंचमुखी हनुमान के रूप में केंद्र में हनुमान जी मौजूद थे।

सत्य में स्थित होने की जरुरत है

क्या कभी अपने अंदर झांका है, क्या कभ्री विचारा है कि आखिर सन्तों, गुरु-पीर-पैगम्बरों की शिक्षाएँ क्या रही हैं? उसको तो हमने एक तरफ रख दिया और भ्रमों-भ्रांतियों को जन्म देकर हमारी मान्यताएँ कुछ और बन गई और हम चल यनिकले उसी रास्ते पर जो हमें धर्मी नहीं अधर्मी बना रहा है, जो हमारे लिये मोक्ष का कारण नहीं बल्कि बंधनों का कारण बन रहा है, जो हमारे रुप को सुन्दरता नहीं बल्कि कुरुपता दे रहा है। तोउस रास्ते पर निकलना भारी पड़ रहा है, बहुत नुकसान का कारण बन रहा है। धर्म भी बदनाम हो रहा है और गुर-पीर-पैगम्बर भी बदनाम हो रहे हैं। केवल अज्ञानता और हमारे विपरीत रास्ता अख्तियार करने के कारण हम गुरु-पीर-पैगम्बरों को भी बदनामी दिलवा रहे हैं।

सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज | निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी

आज जरुरत है जागने की, जरुरत है इस सत्य में स्थित होने की, जरुरी है अपनी असली पहचान बनाने की। हमारी असली पहचान परमात्मा के अंश के रुप में है। परमात्मा जिसकी कोई जाति नहीं है, परमात्मा न हिन्दू है, न मुस्लिम है, न सिख हे, न ईसाई है, न यहूदी है, न औरत है, न मर्द है, न बुजुर्ग है, न बच्चा है। परमात्मा कण-कण में व्याप्त यह परम सत्ता है और इसी की अंश आत्मा है जो घट-घट में बसती है। तो अगर हम यह आत्मा वाली पहचान बना लें तो ये बाकी सारे जो सिलसिले हैं, जिन्हें हमने बना रखा है वो सब स्रद्वद्यह्नह्लद्ग (फिके)हो जाते हैं और एक आत्मा के रुप में हमारी असल पहचान निखर कर सामने आ जाती है। यही तो हमारी असली पहचान है आत्म बोध कहते हैं, वो यही है कि स्वयं को जानना। स्वयं को जानना वो जानना नहीं है कि आईने के सामने रोज जाता हूँ, मैं अपनी शक्ल का वाकिफकार हूँ। ये मेरी शक्लो-सूरत, ये मेरा जिस्म, ये मेरा पाँच तत्व का ढाँचा, ये मेरी असली पहचान नहीं है। इन्हीं जिस्मों के साथ जुड़े हुए हैं टोपी, पगड़ी, धोती, पैन्ट जिसके आधारपर हम लड़ते-मरते हैं। चमड़ी का रंग काला है या गोरा, इस आधार पर हम एक-दूसरे को कितना दुत्कारते हैं। ये हमारी असल पहचान है ही नहीं, जो असल पहचान है वो जहाँ-जहाँ स्थापित होती है वहाँ-वहाँ सब तफरके, सब भेदभाव मिट जाते हैं, वहाँ दूरियाँ मिट जाती हैं, वहाँ नफरतें मिट जाती हैं। तो हमें वो पहचान बनानी है आत्मा के रुप में-

इक्को नूर है सभ दे अन्दर नर है चाहे नारी ए।
ब्राह्मण खतरी वैश हरिजन इक दी खलकत सारी ए।

कि-

एक नूर ते सभु जगुउपजिआ कउन भले को मंदे।
लोगा भरमि न भूलहु भाई। खालिकु खलक
खलक महि खालिकु
पूरि रहिओ सब ठाई।

इस सर्वत्र समाई हुई परम सत्ता का नूर आत्मा के रुप में इन जिस्मों में बसता है तो हमने ये पहचान अपनी बनानी है। ये पहचान जब बनती चली जाती है तो ये सारे झगड़े समाप्त हो जाते हैं।

भविष्य फल

मेष : आप किसी नतीजे या फैसले का इंतजार कर रहे हैं तो शांति रखें, सब ठीक हो जाएगा। भाग्यशाली संख्या : 5

वृष : आज समाज में आपकी प्रतिष्ठा में इजाफा होगा। रुका हुआ व उधार दिया हुआ रुपया प्राप्त होगा। आप न्याय एवं सिद्धांतों को प्राथमिकता देंगे। भाग्यशाली संख्या : 1

मिथुन : आज कुछ बढ़िया खाने का मन करेगा और पैसे को लेकर स्थिति आज अच्छी होगी। कहीं से रुका हुआ, पैसा वापस आने से मन में हर्ष होगा। भाग्यशाली संख्या : 6

कर्क : बिजनेस में भी सफलता मिल सकती है। भावनाओं भरा दिन होगा। कोई बड़ा फैसला भावुक होकर न लें। भाग्यशाली संख्या : 4

सिंह : अगर आज आप वाणी पर संयम रखेंगे तो बहुत सी समस्याओं से बच जाएंगे। आप सामाजिक रूप से सक्रिय रहेंगें। भाग्यशाली संख्या : 9

कन्या : आज अपने काम में काफी अच्छा महसूस करेंगे। आपका खूब मन लगेगा और आप जल्द से जल्द अपना काम निपटा लेंगे और खाली समय में अपने साथियों के साथ गपशप का भी समय निकाल लेंगे। भाग्यशाली संख्या : 8

तुला : बहुत से काम आसानी से पूरे हो सकते हैं और आपका अच्छा असर लोगों पर होगा। जो काम और बातें अटक रही हैं, उनके लिए कोई बीच का रास्ता भी निकल सकता है। भाग्यशाली संख्या : 1

वृश्चिक : आज आप जीवन के प्रति आपके नजरिये में सकारात्मक बदलाव लाएंगे। प्रतिद्वंद्वी कोई नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगे। भाग्यशाली संख्या : 6

धनु : आप अपने अनुभव और अपनी कार्यक्षमता का प्रदर्शन लगभग सभी क्षेत्रों में करेंगे। आपकी इनकम भी बढ़ेगी और आज अपने विरोधियों पर भी भारी पड़ेंगे। भाग्यशाली संख्या : 5

मकर : बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। उन मामलों को टाल दें जिनको निपटाने में आप परेशान हो रहे हैं। भाग्यशाली संख्या : 3

कुंभ : अचानक कुछ अच्छी खबर प्राप्त हो सकती हैं। व्यापारिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आप अधिकारियों से पूर्ण सहयोग प्राप्त प्राप्त करेंगे। भाग्यशाली संख्या : 5

मीन : आज आप सामाजिक मोर्चे पर चलने वाले किसी घटनाक्रम में दिलचस्पी दिखा सकते हैं। यश और कीर्ति भी प्राप्त होगी। भाग्यशाली संख्या : 1

पंडित शशि पाल डोगरा वशिष्ठ ज्योतिष सदन शिमला

सबसे अलग

हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनावों से पहले आनंद शर्मा का कांग्रेस को बड़ा झटका

आनंद का झटका

हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। यह झटका पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने दिया है। उन्होंने ऐसे समय में पार्टी की संचालन समिति से इस्तीफा दिया है, जब हिमाचल में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं।

इस्तीफा देते समय शर्मा ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिखे पत्र में कहा है कि पार्टी में उन्हें नजरअंदाज किया जा रहा है। हिमाचल विधानसभा चुनावों के लिए अहम फैसलों में उन्हें कोई तवज्जो नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा है कि उनके साभिमान को ठेस लगी है, क्योंकि पार्टी की किसी भी बैठक में हिस्सा लेने या परामर्श के लिए उन्हें आमंत्रित नहीं किया गया है।

ऐसे समय में जब हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस आने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा से सत्ता छीनने की कोशिश कर रही है, आनंद शर्मा का इस्तीफा पार्टी को भारी पड़ सकता है। इससे पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आज़ाद ने भी जम्मू-कश्मीर में पार्टी की चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। आज़ाद व शर्मा की गिनती जी-23 नेताओं में की जाती है।

रडार पर अफसर

पंजाब में 20 विभागों के 130 ऐसे अफसर हैं, जो विदेशों में जा बसे हैं। इस बारे में उन्होंने पंजाब सरकार को सूचित करना भी जरूरी नहीं समझा है। विदेशों में स्थाई नागरिकता हासिल कर चुके यह 130 अफसर अब मान सरकार के रडार पर हैं। विजिलेंस ब्यूरो ने ऐसे अफसरों की सूची तैयार कर राज्य सरकार को भेज दी है। इस सिलसिले में पंजाब सरकार ने खाद्य व आपूर्ति विभाग के उप निदेशक राकेश सिंगला को बर्खास्त भी कर दिया है। सिंगला कांग्रेस सरकार के दौरान मंत्री रहे भारत भूषण आशु के करीबी माने जाते हैं। इस समय वे कनाडा में हैं और उन्होंने वहां की स्थाई नागरिकता ले ली है। भगवंत मान सरकार ने सिंगला के कनाडा की स्थाई नागरिकता ले लेने को पंजाब सिविल सर्विस रूल 8 और 10 का उल्लंघन माना है।

आशु के खाद्य व आपूर्ति मंत्री रहते विभाग के टेंडर्स में सिंगला का फैसला ही अंतिम माना जाता था। जब से टेंडर घोटाला सामने आया, सिंगला कभी दफ्तर में दिखाई नहीं दिए। वे कनाडा चले गए और उनका पंजाब आने अभी कोई कार्यक्रम नहीं है। खाद्य व आपूर्ति मंत्री लाल चंद कटारूचक के मुताबिक सिंगला जांच में दोषी पाए गए थे। उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए मौका दिया गया था, लेकिन वे सुनवाई के लिए हाजिर नहीं हुए। उन्होंने कहा कि दोषी साबित होने के बावजूद किसी भी सक्षम अधिकारी ने सिंगला के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, जबकि उन्होंने कनाडा की स्थाई नागरिकता भी नहीं छोड़ी थी। ऐसे में पंजाब सर्विस रूल्स के उल्लंघन करने पर अब उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

नाम पर सहमति

चंडीगढ़ एयरपोर्ट का नाम शहीद भगत सिंह रखने पर सहमति बन गई है। इस संबंध में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की बैठक हुई और दोनों राज्यों के बीच लंबे समय से नाम को लेकर चला आ रहा विवाद खत्म हो गया। एयरपोर्ट के साथ मोहाली भी जुड़ा हुआ है,ऐसेमें चौटाला ने पंचकूला जोड़ने का भी सुझाव दिया, लेकिन आखिर में भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सहमति बन गई।

मुख्यमंत्री मान ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। इस एयरपोर्ट के निर्माण में केंद्र सरकार के अलावा पंजाब व हरियाणा की भी हिस्सेदारी है। केंद्र सरकार इसे चंडीगढ़ एयरपोर्ट के नाम से प्रचारित करती रही है, जबकि पंजाब सरकार इसे मोहाली एयरपोर्ट बताती रही ही। हरियाणा शुरु से ही सी एयरपोर्ट का नाम शहीद भगत सिंह रखने पर जोर देता रहा है। आपसी सहमति से अब यह मामला सुलझ गया है। केंद्र सरकार को अब इस बारे में एक प्रस्ताव भेजा जाएगा।

पंजाब व हरियाणा विधानसभा में एयरपोर्ट के नाम को लेकर अलग अलग प्रस्ताव भी पारित हो चुके हैं। पंजाब सरकार एयरपोर्ट का नाम शहीद भगतसिंह के नाम पर रखने को राजी थी, लेकिन इसके साथ मोहाली जोड़े जाने पर हरियाणा सरकार को ऐतराज था। हरियाणा विधानसभा में पारित किए गए प्रस्ताव में एयरपोर्ट का नाम भगत सिंह के नाम पर रखने पर पूरा सदन एकमत था। अब दोनों राज्यों, पंजाब व हरियाणा, एयरपोर्ट का नाम शहीद भगत सिंह के नाम पर रखने पर सहमत हो गए हैं।

घोटाला 60000 करोड़ का

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने 60 हजार करोड़ रुपए के बहुचर्चित पर्ल चिट फंड घोटाले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। मान ने ट्वीट कर कहा कि पंजाब के लोगों के खून-पसीने की कमाई को लूट कर अरबों की चल-अचल संपत्ति बनाने बनाने वाली चित फंड कंपनी की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्दी ही इसका विवरण सार्वजनिक कर दिया जाएगा।

इस घोटाले में सीबीआई अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। आरोप है कि पर्ल चिट फंड कंपनी ने लोक लुभावन योजनाओं का झांसा दे कर देशभर में पांच करोड़ निवेशकों से ठगी की। कंपनी के मालिकों ने इस पैसे से विदेश में संपत्ति खरीदीं, जिनमें होटल भी शामिल हैं। सीबीआई ने धोखाधड़ी के मामले में यह गिरफ्तारियां चंडीगढ़ के अलावा दिल्ली, कोलकता, भुवनेश्वर सहित कुछ अन्य राज्यों से की हैं। यह मामला सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर दर्ज किया गया था।

आरोप है कि पर्ल ग्रुप ने पांच करोड़ निवेशकों से 60 हजार करोड़ रुपए इकट्ठे किए और बिना अनुमति के अलग-अलग निवेश योजनाएं चला कर निवेशकों के साथ धोखा किया। इस मामले में जांच के बाद सीबीआई ने पर्ल ग्रुप के निवेशकों के खिलाफ केस दर्ज किया था। गिरफ्तार किए गए लोगों में निर्मल सिंह भंगू, सुखदेव सिंह, सुब्रता भट्टाचार्य और गुरमीत सिंह शामिल हैं। इसी मामले में अब मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उच्च स्तरीय जांच कराने के संबंध में ट्वीट किया है।

आयोग के हवाले जांच

हरियाणा में मेवात क्षेत्र के नूंह में डीएसपी सुरेंद्र बिश्नोई की हत्या की जांच हाईकोर्ट के रिटायर जस्टिस एल.एन. मित्तल करेंगे। मित्तल आयोग को एक महीने में जांच पूरी कर रिपोर्ट हरियाणा सरकार को सौंपनी होगी। आयोग ऐसी घटनाओं की पुनरावृति रोकने और मेवात क्षेत्र में अवैध खनन पर रोक के उपाय भी सुझाएगा। डीएसपी सुरेंद्र बिश्नोई को पिछले दिनों खनन माफिया ने डंपर से कुचल दिया था, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई थी।

गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की मंजूरी के बाद आयोग गठित किए जाने के बारे में नोटिफिकेशन जारी कर दी है। खट्टर सरकार ने खनन माफिया के हाथों डीएसपी की मौत को देखते हुए जांच आयोग गठित करने का निर्णय लिया है। अगर एक महीने में आयोग अपनी जांच पूरी नहीं कर पाता ही तो मुख्यमंत्री महनोहर लाल खट्टर की मंजूरी से इसका कार्यकाल बढ़ाया भी जा सकता है।

मित्तल आयोग जो भी सिफारिशें करेगा, भविष्य में उन पर अमल के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जायेंगे। डीएसपी सुरेंद्र बिश्नोई की हत्या के बाद गृह मंत्री अनिल विज ने इस मामले की जांच के लिए न्यायिक आयोग के गठन की घोषणा की थी। विधानसभा के मानसून सत्र में भी सदन में कांग्रेस की तरफ से अवैध खनन और डीएसपी की हत्या का मुद्दा उठाया गया था। विज ने सदन को आश्वस्त किया था कि जल्दी ही न्यायिक आयोग का गठन कर दिया जाएगा।

दूसरी पत्नी की शिकायत

पंजाब में सनौर क्षेत्र के आम आदमी पार्टी के विधायक हरमीत सिंह के खिलाफ उनकी दूसरी पत्नी ने पुलिस को धोखाधड़ी से शादी करने और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज करवाई है। जीरकपुर थाने के इंचार्ज दीप इंद्र सिह बराड़ के मुताबिक़ गुरप्रीत कौर की शिकायत पर जांच शुरु करने के साथ ही आला अफसरों को मामले की जानकारी दे दी गई है।

पुलिस को दी शिकायत में गुरप्रीत कौर ने कहा है कि हरमीत सिंह के साथ पिछले साल 14 अगस्त को उसकी शादी हुई थी, जिसका वीडियो, फोटो और शादी का सर्टिफिकेट उसके पास मौजूद हैं। हरमीत सिंह पर आरोप लगाते हुए उसने कहा कि उसे पहली पत्नी से मनमुटाव की वजह से तलाक हो जाने की बात कही गई थी। इसके बाद ही उसने हरमीत सिंह से शादी के लिए हां की थी, लेकिन विधानसभा चुनाव जीतने के बाद हरमीत सिंह उसे अपने घर ले जाने में आनाकानी करने लगे।

पीड़िता का कहना है कि 14 अगस्त को जब उसने अपनी शादी की फोटो फेसबुक पर अपलोड की तो हरमीत सिंह ने उसे फोटो हटाने के लिए कहा। मना करने पर वे जीरकपुर पहुंचे और जान से मारने की धमकी दी। हरमीत सिंह ने गुरप्रीत कौर से शादी करने की बात तो स्वीकार की है, लेकिन जान से मारने की धमकी देने से इनकार किया है।

प्रस्तुति : सुमित्रा

न्यूज ब्रीफ

सेक्टर-35 में कोविड-19 की बूस्टर डोज का शिविर

चंडीगढ़ (अप्रस)। सोमवार को वार्ड 23 की पार्षद प्रेमलता ने अपने वार्ड वासियों के लिए सेक्टर 35 में कोविड बूस्टर डोज का एक कैंप लगवाया। इस कैम्प में डिस्पेंसरी की डॉक्टर रमिता ने सेक्टर 35 के स्कूल के विद्यार्थियों व निवासियों को बूस्टर डोज लगाई। कैम्प में सेवा सिंह, हरजिंदर पाल, अवतार सिंह व अन्य निवासी शामिल रहे।

लर्निंग पाथ के स्टूडेंट्स ने नाटक 'तेनाली रामा' का मंचन किया

मोहाली (अप्रस)। लर्निंग पाथ्स स्कूल के 400 से अधिक स्टूडेंट्स ने टैगोर थिएटर में अपनी भव्य वार्षिक प्रोडक्शन -'तेनाली रामा' को प्रभावीशाली तौर पर मंचित किया। इस दौरान कक्षा 3 से 5 के स्टूडेंट्स ने डांस, नाटक और संगीत से भरपूर शानदार शो प्रस्तुत किया। शो की पटकथा और निर्देशन ड्रामाबाज कंपनी की संस्थापक और यूनिमा पप्पेटियर्स ट्रस्ट की सैक्रेटरी गरिमा आर्य ने किया था। प्रिंसिपल नूतन बुद्धिराजा ने छात्रों के प्रदर्शन और पूरी टीम के प्रयासों की सराहना की।

कुलदीप धालीवाल व रंधावा ने किया गांव का दौरा

लालड़ू (अप्रस)। गांव सरसिनी, जो की एक विकसित गांव के रूप में उभरा है, को राष्ट्रीय पुरुषार्थ देने की सिफारिश की जाएगी और मैं ग्रामीणों से गांव को बेहतर बनाने की अपील करता हूं ताकि इस गांव का नाम संबंधित 2023 में पंचायत प्रतिष्ठित पुरस्कारों की सूची में शामिल हो सके। उक्त वादा केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल ने सरसिनी गांव का दौरा करने के बाद किया था। इस मौके पर उनके साथ राज्य के ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल, विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा समेत बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान श्री पाटिल ने कहा कि वह गांव के विकास कार्यों से काफी प्रभावित हैं और उन्हें पता चला है कि गांव के विकास में गांव के एनआरआई भाइयों का बहुत बड़ा योगदान है। इस मौके पर श्री पाटिल ने गांव के विकास कार्यों को देखने के अलावा इस गांव की हर इमारत का दौरा भी किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पार्टियों ने अपने नेताओं के सामने विधानसभा क्षेत्र और पंजाब की मांगें भी रखीं.इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन कादियान ने पंजाब ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल को नहरी पानी को लेकर मांग पत्र सौंपा। वहां हवारा कमेटी रिहाई फंट की ओर से बंद किए गए सिंहों की रिहाई के लिए मोर्चा के नेताओं ने निर्वाचन क्षेत्र के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा को मांग पत्र दिया। किसान नेताओं ने कहा कि क्षेत्र का जलस्तर दिन-ब-दिन कम होता जा रहा है और पीने का पानी प्रदूषित हो रहा है। इसलिए डेराबस्सी निर्वाचन क्षेत्र को नहर की बेहद जरूरत है, वहीं हवारा कमेटी रिहाई फंट के नेताओं ने बंदी सिंहों को रिहा करने की जोरदार अपील करते हुए कहा कि सजा पूरी कर चुके बंदी सिंह को तत्काल रिहा किया जाए।

एग्रो इनपुट्स डीलर्स एसोसिएशन ने मांगों को लेकर कृषि भवन के सामने दिया धरना

कहा-मांगे पूरी न हुई तो इसी तरह आगे भी जारी रहेगा धरना

अर्थ प्रकाश/सागर पाहवा

मोहाली 22 अगस्त। पंजाब एग्रो इनपुट्स डीलर्स एसोसिएशन पंजाब ने सोमवार को पंजाब के अध्यक्ष एस. बिरिंदर सिंह कपूर की अध्यक्षता में कृषि विभाग के निदेशक और पंजाब सरकार के खिलाफ कृषि भवन के सामने व्यापक विरोध प्रदर्शन किया।

गौरतलब है कि खाद, बीज और कीटनाशक डीलरों की कुछ मांगों को सरकार और कृषि विभाग लंबे समय से अनदेखी कर रहे हैं। इन मांगों को एसोसिएशन के प्रतिनिधि समय-समय पर मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री, कृषि सचिव और निदेशक कृषि के समक्ष उठा रहे हैं। के अलावा 19 जून 2022 को मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को भी एसोसिएशन द्वारा बरनाला में एक मांग पत्र दिया गया और उसी दिन पंजाब के अध्यक्ष बिरिंदर सिंह कपूर ने निदेशक कृषि को मांगों पर चर्चा करने के लिए मेल किया।

धरना स्थल पर जानकारी देते हुए एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि कृषि निदेशक ने अपने व्यस्त कार्यक्रम के कारण बैठक को दो बार स्थगित कर दिया। अतः 19 जुलाई 2022 को निदेशक ने एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सभी मांगों को स्वीकार करने का आश्वासन दिया तथा पांच दिन के भीतर मांगों को स्वीकार करने के संबंध में पत्र जारी करने को कहा। उन्होंने बताया कि करीब 20 दिन बाद भी सरकार या कृषि निदेशक की ओर से कोई पत्र जारी नहीं किया गया है। अंत में, पंजाब एसोसिएशन ने 12 अगस्त 2022 को एक वर्चुअल मीटिंग की और आज के पंजाब बंद और मोहाली में निदेशक कृषि कार्यालय के सामने धरने के लिए एक कार्यक्रम तैयार किया। इस संबंध में 18 अगस्त 2022 को एक पत्र जारी किया गया था जो 19 जुलाई 2022 को हुए समझौते के बिल्कुल विपरीत है जिसके कारण आज यह धरना बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही एसोसिएशन की मांगें नहीं मानी गई तो यह संघर्ष आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

संयुक्त संचालक कृषि ने मांगों पर विचार का आश्वासन दिया

इस दौरान संयुक्त संचालक कृषि डॉ. जसविंदर पाल सिंह ग्रेवाल धरने पर पहुंचे और एसोसिएशन को आश्वासन दिया कि वह दो-तीन दिन में कृषि निदेशक से सलाह मशविरा कर मांगों को स्वीकार करने के लिए पत्र जारी करेंगे।

डेराबस्सी में तीन दिन में 36 घंटे बिजली कट, शहरवासियों में भारी रोष

बिजली अधिकारियों के फोन ना उठाने से लोगों में बढ़ा गुस्सा

अर्थ प्रकाश/चौहान

डेराबस्सी, 22 अगस्त। डेराबस्सी शहर में बीते 3 दिन के कुल 72 घंटों में से 36 घंटे से ज्यादा समय तक बिजली ना आने से लोगों में सरकार व बिजली विभाग के प्रति भारी रोष पाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि बिजली सस्ती करने का क्या फायदा यदि बिजली सप्लाई ही दुरुस्त ना हो। बिजली विभाग के मुबारकपुर ग्रिड के एसडीओ व जेई द्वारा फोन ना उठाने पर लोगों का गुस्सा और भी बढ़ गया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बिजली विभाग के हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं जिस पर फोन करने पर कोई भी अधिकारी फोन नहीं उठाता। उन्होंने बिजली विभाग से समस्या प्रति जल्द समाधान की अपील की है।

जानकारी के अनुसार मुबारकपुर ग्रिड के पास केवल खराब हो गई थी जिस कारण डेराबस्सी शहर में बिजली सप्लाई बाधित रही। इस दौरान लोगों के इनवर्टर तक का बैकअप भी खत्म हो गया, और पानी की सप्लाई भी बाधित रही। कई घंटों के कट लगने से शहरवासियों का गर्मी से बुरा हाल हो गया। हैबतपुर मार्ग पर स्थित गुलमोहर सिटी में जनरेटर से लिफ्ट आदि की सप्लाई दी जा रही है। उन्होंने रोष व्यक्त करते कहा कि रविवार दोपहर 12 बजे से बिजली सप्लाई बाधित होने से सुबह 3 बजे बिजली दुरुस्त हुई जो सोमवार सुबह 9 बजे दोबारा बाधित रही और शाम 7 बजे तक खबर लिखे जाने तक बिजली सप्लाई बंद थी। जिस कारण जनरेटर के डीजल आदि पर 25 से 30000 रुपये भी खर्च हो गए हैं लेकिन समाधान कोई नहीं हो रहा। इससे पहले शनिवार को भी कई घंटे तक बिजली बाधित रही। लोगों का कहना है कि पंजाब में जहां बिजली सरप्लस होने के दावे किए जा रहे थे वहीं आप सरकार आने पर सब हवा हो गए हैं। उन्होंने कहा कि बिजली सस्ती व मुफ्त करने का क्या फायदा जब बिजली की सप्लाई ही नहीं देनी।

मुबारकपुर ग्रिड से सप्लाई बाधित रहने से इंडस्ट्रियल क्षेत्र में फैक्ट्रियों को भी भारी नुकसान हो रहा है। बिजली की सप्लाई ना होने से ना माल का उत्पादन हो रहा ना ही माल आगे सप्लाई हो पा रहा है। लोगों ने बिजली विभाग के प्रति भारी रोष प्रकट करते जल्द से जल्द बिजली समस्या हल करने की मांग की।

धोनी के फैन राम बाबू टीम इंडिया को सपोर्ट करने दुबई रवाना

मोहाली, 22 अगस्त (अप्रस)। देश- विदेश में धोनी के सब से लोकप्रिय फैन रहे राम बाबू एक बार फिर अपनी टीम इंडिया को सपोर्ट करने दुबई जा रहे है। बता दें कि एशिया कप दुबई में खेला जा रहा है और सब से दिलचस्प मुकाबला भारत और पाकिस्तान के मैच में है। राम बाबू ने पंजाब का ही नहीं मोहाली का भी नाम रोशन किया है। मोहाली के रहने वाले राम बाबू को दुबई रवाना करने से पहले एरिया काउंसलर श्रीमती बलजीत कौर ने उनका मुंह मीठा करवाया तथा टीम इंडिया की जीत की कामना की। श्रीमती बलजीत कौर ने बताया कि हमारे लिए गर्व की बात है कि राम बाबू जैसे होनहार हमारे एरिया की शान हैं। उन्होंने ने राम बाबू को आशीर्वाद देते हुए कहा कि ऐसे ही अच्छा काम करते रहो और वह उनकी हर संभव मदद के लिए तैयार हैं।

डिप्टी मेयर ने गामाडा के अधिकारियों व मंत्री को लिखा पत्र

मोहाली में सामुदायिक केंद्रों को किया जाए अपडेट

नए बसे क्षेत्रों में नए सामुदायिक केंद्र बनाने के लिए भी किया प्रयास

अर्थ प्रकाश/सागर पाहवा

मोहाली 22 अगस्त। मोहाली नगर निगम के डिप्टी मेयर कुलजीत सिंह बेदी ने गामाडा के अधिकारियों और मंत्री को पत्र लिख कर मोहाली में सभी सामुदायिक केंद्रों को फिर से बनाने और उन्हें अप टू डेट करने की मांग की है।

डिप्टी मेयर कुलजीत सिंह बेदी ने अपने पत्र में लिखा है कि मोहाली के फेज 11, फेज 7, सेक्टर 70, सेक्टर 71, फेज 5, फेज 6, फेज 1, फेज 2 आदि में गामाडा द्वारा कम्युनिटी सेंटर बनाए गए हैं, जो नगर निगम के अधीन हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा फेज 3बी1 का सामुदायिक केंद्र बाद में नगर निगम के अंतर्गत आ गया क्योंकि यहां कोर्ट चलता था और इस सामुदायिक केंद्र को नगर निगम द्वारा पूरी तरह से ध्वस्त किया जा रहा है और अपने खर्च से आधुनिक तरीके से बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चूंकि मोहाली नगर निगम के पास कोई वित्तीय संसाधन नहीं है, इसलिए नगर निगम की पूरी आय मुख्य रूप से संपत्ति टैक्स से आती है। उन्होंने कहा कि वैसे भी नगर निगम का काम मुख्य रूप से सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइटों के रख रखाव तक ही सीमित है। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रारंभिक कार्य, चाहे वह सड़क हो या भवनों का निर्माण, गमाडा द्वारा किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि मोहाली में संपत्ति के लेन-देन से संबंधित सभी कर, नक्शे पास करने की लागत, खाली भूखंडों के विस्तार शुल्क, हस्तांतरण शुल्क, आवंटन आदि का भुगतान गमाडा द्वारा किया जाता है और लोगों को सुविधाएं प्रदान करने की जिम्मेदारी भी गमाडा द्वारा की जाती है।

डिप्टी मेयर कुलजीत सिंह बेदी ने कहा कि मोहाली में कम्यूनिटी केंद्रों की हालत बहुत खराब हो गई है। उन्होंने कहा कि कोरोना में ये सामुदायिक केंद्र पूरी तरह से बंद रहे, जिससे इनकी हालत दयनीय हो गई है और इनके लिए गमाडा की पुनः योजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि इसी तरह गामाडा ने शहर का काफी विस्तार किया है, लेकिन नए सेक्टरों में कोई सामुदायिक केंद्र नहीं बनाया गया है। उन्होंने गमाडा मंत्री और अधिकारियों को लिखे पत्र में यह भी मांग की है कि नए सेक्टरों में आधुनिक सुविधाओं से युक्त सामुदायिक केंद्र बना कर लोगों को दिए जाएं।

ताउ देवी लाल स्टेडियम में इंटर डिपार्टमेंट स्टेट लेवल क्रिकेट टूर्नामेंट का चौथा, पांचवां और छठा मैच खेल गया

पंचकूला, 22 अगस्त (सुनील)। पंचकूला के सेक्टर 3 स्थित ताउ देवी लाल स्टेडियम में इंटर डिपार्टमेंट स्टेट लेवल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में क्रिकेट स्टेडियम में 6 विभागों की टीमों के तीन मैच-चौथा, पांचवां और छठा मैच करवाए गए। चौथा मैच सैकंडरी शिक्षा विभाग और शहरी स्थानीय निकाय विभाग की टीमों के बीच खेला गया। मैच के दौरान शहरी स्थानीय निकाय विभाग की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 141 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सैकंडरी शिक्षा विभाग की टीम ने 9 रन के स्कोर पर पांच अहम विकेट खो दिए। इस कमजोर स्थिति में टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज विकास ने 57 गेंदो पर 43 रन और रोहित पनहोत्रा ने 32 गेंदो पर 26 रनों की मदद से धैर्यपूर्ण पारी से टीम को संभाला, लेकिन टीम को 44 रनों की हार से नहीं बचा पाए। शहरी स्थानीय निकाय विभाग की टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले अमित चौधरी को उनकी धारदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। इसी प्रकार इंटर डिपार्टमेंट स्टेट लेवल क्रिकेट टूर्नामेंट का पांचवां मैच स्वास्थ्य विभाग और जेल विभाग की टीमों के बीच हुआ, जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 121 रन बनाए। जिसमें विक्की इंदौरा ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए 28 गेंदों पर 34 और विजय कुमार ने 45 गेंदों पर 37 रनों की पारी खेलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। जबकि जेल विभाग की टीम की ओर से यश हुड्डा ने 4 ओवर में 23 रन देकर 3 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जेल विभाग की टीम 20 ओवर में केवल 110 रन ही बना स्की। विक्की इंदौरा को उनके 34 रनों और 3 विकेट चटकाने के शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इसी टूर्नामेंट का छठा मैच पशुपालन विभाग और होम गार्ड की टीम के बीच खेला गया। जिसमें पशुपालन विभाग की टीम ने 7 विकेट पर 136 रन बनाए।

कोर्ट के आदेशों के बावजूद वंचित हैं सहकारी बैंक के पैंशनर्स

पंजाब स्टेट कोपरेटिव ऐग्रीकल्चर डिवलपमेंट बैंक के वृद्ध पेंशनर्स 25 को देंगे धरना

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

चंडीगढ़, 22 अगस्त। हाई कोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद भी पंजाब स्टेट कोपरेटिव ऐग्रीकल्चर डिवलपमेंट बैंक के वृद्ध पेंशनर्स अपनी पेंशन के लिये अभी तक वंचित हैं। बावजूद इसके दोनों कोर्ट ने फैसला पेंशनर्स के हक में दिया परन्तु बैंक अधिकारी सर्वोच्च न्यायलय के फैसले की धज्जियां उड़ाते हुये पैंशनर्स का निरंतर पीड़ित कर रहे हैं।

सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुये बैंक के प्रभावी पेंशनर्स की ट्राइसिटी ऐसोसियेशन के संयोजक राजेन्द्र मिलू ने बताया कि बैंक की अनदेखी और अड़ियल रवैये के चलते बुढ़ापे में भी अपनी कमाई के लिये प्रदेश के 1130 वृद्ध पेंशर्स को अभी भी धैर्य का परिचय देना पढ़ रहा है जिनमें से लगभग 400 विधवायें भी शामिल हैं। 95 फीसदी पेंशनर्स 70 से 91 आयु वर्ष के हैं जो कि पेंशन की आस में बैठे हैं।

पूरे मुद्दे पर प्रकाश डालते हुये उन्होंने बताया कि बैंक के कर्मियों के लिये एक अप्रैल 1989 से पेंशन का प्रावधान शुरु हुआ था जिसे 31 मार्च 2010 को बंद कर दिया गया। एक अप्रैल 2010 में बैंक ने पेंशन में 30 से 40 फीसदी की व्यापक कटौती कर दी जो कि बैंक कर्मियों को गंवारा नहीं था।

हाई कोर्ट में दायर केस में 31 अगस्त 2013 को बैंक कर्मियों के हित में फैसला आया जिसके बाद बैंक ने हाई कोर्ट की डबल बैंच मे उसी आर्डर को चुनौती दे दी। हाई कोर्ट के डबल बैंच ने भी 29 जुलाई 2019 को पेंशनर्स के हक में फैसला दिया। बैंक ने डबल बैंच के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में 14 नवंबर 2019 को चुनौती दी परन्तु उनकी आशाओं के विपरीत सुप्रीम कोर्ट ने उनकी चुनौती खारिच करते हुये 11 जनवरी 2022 को पैंशनर्स के हक में फैसला सुनाया।

बैंक ने सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पीटिशन डालते हुये मामला और लंबित करने का प्रयास किया परन्तु 12 अप्रैल 2022 को फैसला एक बार फिर पैंशनर्स के हक में आया। कोर्ट ने बैंक को सख्त निर्देश दिये कि लंबित पेंशन को पुराने ऐरियर के साथ 12 किश्तों में पेंशनर्स का भुगतान किया जाये जिसकी समय सीमा 31 दिसंबर 2022 तक तय की गई।

पेंशनर्स ने चेताया कि यदि उनकी मांगे पूरी नहीं की गई तो वे आगामी 25 अगस्त को सेक्टर 17 स्थित बैंक मुख्यालय के समक्ष शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन करेंगे।

तिलहन फसल बोने की तैयारी करें किसान: हरसंगीत सिंह

डेराबस्सी, 22 अगस्त (अप्रस)। डेराबस्सी कृषि और किसान कल्याण विभाग द्वारा किसानों को तिलहन फसल बोने के लिए आगरा किया जा रहा है कृषि अधिकारी डॉक्टर हर संगीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में पिछले वर्ष लगभग 1250 हेक्टेयर क्षेत्र में तोरिया, राया, सरसों, तारामीरा जैसी तिलहन फसलों के तहत बोया गया था और इन फसलों की औसत उपज 5.6 क्विंटल प्रति एकड़ थी। तारामीरा की फसल कम वर्षा वाले क्षेत्रों में उगाई जाती है जबकि गोभी सरसों अफ्रीकी सरसों और तोरिया मध्यम से भारी वर्षा वाले क्षेत्रों में उगाई जाती है जो इस क्षेत्र के लिए पूरी तरह से उपयुक्त फसल हैं। किसानों को कैनोला सरसों की किस्मों को प्राथमिकता देने के लिए कहा जाता है क्योंकि इन किस्मों में इरुसिक एसिड और ग्लूकोसाइनोलेट्स कम होते हैं, जो इन तत्वों के अधिक होने पर मनुष्यों और जानवरों पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। कैनोला सरसों की किस्में राया आरएल-3, आरसीएच-1 और पत्ता गोभी सरसों जीएससी-6, जीएससी-7, पीजीएसएच 1707 और एच 4ओएलए पीएसी-401 हैं।

सितंबर का महीना तोरिया की फसल के लिए उपयुक्त समय है और जो किसान मिश्रित तोरिया और गोभी सरसों की बुवाई करना चाहते हैं, उन्हें सितंबर के तीसरे सप्ताह में एक बुशेल तोरिया और एक बुशेल गोभी सरसों की बुवाई करनी चाहिए, जिससे उन्हें लगभग 12 क्विंटल सरसों की फसल मिल सकती है। दोनों फसलों और अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं।

न्यूज ब्रीफ

मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर आज कुनिहार में

सोलन (अप्रस)। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर 23 अगस्त, 2022 को सोलन ज़िला के अर्की विधानसभा क्षेत्र स्थित कुनिहार के तालाब ग्राउंड में प्रातः 11.00 बजे प्रगतिशील हिमाचलः स्थापना के 75 वर्ष कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

यूथ अग्रवाल सभा ने 43 विकलांगों को दिए कृत्रिम उपकरण

बद्दी (राजेंदर)। यूथ अग्रवाल सभा बद्दी की ओर से सोमवार को 43 विकलांग लोगों को कृत्रिम उपकरण लगाए गए। कुछ दिन पूर्व इन सभी विकलांगों के माप लिए थे उसी के आधार पर उन्हें कृत्रिम अंग दिए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर एस.डी.एम नालागढ़ महेंद्र पाल गुर्जर उपस्थित हुए वहीं आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता स्वर्ण सिंह सैणी तथा हरप्रीत हैप्पी विशेष तौर पर उपस्थित हुए। अग्रवाल यूथ विंग ने जरनैल सिंह, पिंकी कुमार, गुरमीत सिंह, सुनील कुमार, रिंकी, खलील मोहमद, सिया राम राय, सागर शर्मा, चमन लाल, सत्या देवी, रणजीत कुमार, राम स्वरूप, सुधांशु कुमार, लवप्रीत कौर, राममूर्ति, मुन्ना कुमार, साहिल खान, स्वास्तिक, कमल देव, अनिल कुमार, परविंद्र सिंह, सावन देवी, योगेंद्र शर्मा, सुरेंद्र कुमार, अभिमन्यु कुमार, बिंद्रु, उर्मिला देवी, दिनेश कुमार, सत्या देवी, राठी, सरोज देवी, रामकुमार, गुरमीत सिंह, सपना देवी, दीपक, चंद्रपाल सिंह, राहुल कुमार गौड, मनमोहन सिंह को संस्था की ओर से उपकरण बांटे। इस मौके पर नीरज गोयल, सुनील गर्ग, राहुल अग्रवाल, विनय अग्रवाल, अमित गोयल, विक्की कांसल, बृजमोहन कांसल, सुशील गोयल, हितेश सिंगला, मनोज सिंगला, कपिल अग्रवाल, संजीव कौशल और विकास गोयल उपस्थित रहे।

कपिल शर्मा बने गोहर प्रेस क्लब के प्रधान

गोहर (अप्रस)। गोहर प्रेस क्लब के चुनाव सोमवार को लोक निर्माण विश्राम गृह बासा में पूर्व प्रधान रमेश गुप्ता की अध्यक्षता में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुए। इस मौके पर पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमे सर्वसम्मति से कपिल शर्मा को गोहर प्रेस क्लब के प्रधान चुना गया। उप प्रधान हरीश चौहान और सचिव के पद पर संजीव कुमार की ताजपोशी की गई। नवनियुक्त प्रधान कपिल शर्मा ने कहा कि गोहर प्रेस क्लब के सभी सदस्यों की हर समस्या प्रमुखता से उठाई जाएगी। इस मौके पर पूर्व प्रधान सुभाष सवदेवा, सुनील शर्मा, सतीश ठाकुर, रमेश गुप्ता, हरीश चौहान समेत अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

एमरजैंसी पर फिल्म बनाने के लिए कंगना रणौत को बधाई दी

पालमपुर (अप्रस)। पूर्व मुख्यमंत्री श्री शान्ता कुमार ने हिमाचल प्रदेश की प्रतिभावान विख्यात बेटी कंगना रणौत को पत्र लिख कर एमरजैंसी पर फिल्म बनाने के लिए बहुत बधाई दी है। उन्होंने कहा कि स्वतन्त्र भारत के शानदार और उज्ज्वल इतिहास में एमरजैंसी एक बदनाम और काला अध्याय है उसे अगली पीढ़ियों तक भी याद रखा जाना चाहिए। 47 वर्ष के बाद इतिहास की इस सबसे बड़ी कमी को पूरा करने का काम कंगना रणौत कर रही है। उन्होंने कहा कि कंगना रणौत के सफल और यशस्वी जीवन में एमरजैंसी फिल्म का निर्माण एक नया मील पत्थर होगा। शान्ता कुमार ने कहा 1975 में न कोई विदेशी आक्रमण हुआ था न कोई भूचाल आया केवल और केवल श्रीमति इन्दिरा गांधी ने अपनी कुर्सी को बचाने के लिए एमरजैंसी लगाई और पूरे देश को जेल खाना बना दिया। महान देश भक्त जय प्रकाश नारायण से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी और मोरारजी देसाई तक देश के हजारों नेता जेलों में बन्द कर दिये।

मुख्यमंत्री गृहिणी सुविधा योजना राज्य स्तरीय लाभार्थी कार्यक्रम कल

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि 24 अगस्त, 2022 को कुल्लू जिला के ढालपुर मैदान में मुख्यमंत्री गृहिणी सुविधा योजना–राज्य स्तरीय लाभार्थी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में जय राम ठाकुर, मुख्यमंत्री गृहिणी सुविधा योजना के प्रत्येक जिले के लाभार्थियों से वीडियो कान्फ्रेन्स के माध्यम से संवाद करेंगे। यह कार्यक्रम जिला स्तर पर भी आयोजित किया जाएगा जिसकी अध्यक्षता प्रदेश मंत्रिमण्डल के सदस्य करेंगे। विभिन्न जिलों में मुख्यमंत्री गृहिणी सुविधा योजना के लाभार्थियों को नए गैस कुनैक्शन भी वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री गृहिणी सुविधा योजना के लाभार्थियों को पहला व दूसरा अतिरिक्त मुफ्त रिफिल भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अभी तक पात्र परिवारों को 3.34 लाख गैस कुनैक्शन निःशुल्क जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त सभी लाभार्थियों को दो अतिरिक्त मुफ्त रिफिल भी उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। अभी तक 2.51 लाख लाभार्थियों को एक अतिरिक्त मुफ्त रिफिल तथा 40 हजार लाभार्थियों को दो अतिरिक्त मुफ्त रिफिल उपलब्ध करवा दिए गए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना के तहत लगभग 131 करोड़ रुपये की राशि व्यय की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री ने मंडी जिला के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया

प्रभावितों को प्रदान की 44 लाख रुपये की सहायता राशि

- कासन गांव में भारी बारिश और भूस्खलन के चलते एक ही परिवार के 8 सदस्यों की हो गई थी मृत्यु

अर्थ प्रकाश संवाददाता

मंडी, 22 अगस्त। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने सोमवार को जिला मंडी के उपमण्डल गोहर के गांव कासन में आपदा प्रभावित स्थल का दौरा किया। कासन में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण एक ही परिवार के 8 सदस्यों की मृत्यु हो गई थी।

मुख्यमंत्री ने मौके पर जाकर स्थिति का जायज़ा लिया तथा इस अप्रिय घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों से संवेदनाएं व्यक्त कीं।

जय राम ठाकुर ने आपदा प्रभावित परिवार के सदस्यों को 32 लाख रुपए की राहत राशि का स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पीड़ितों को घर बनाने के लिए भी सहायता प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का जीवन बहुमूल्य है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में बचाव व पुनर्वास, क्षतिग्रस्त सड़कों की मुरम्मत, पेयजल व विद्युत की निर्बाध आपूर्ति, राशन, चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार तत्परता से कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री गोहर, स्यांज, बग्गी सहित विभिन्न स्थानों पर लोगों से मिले तथा उनकी समस्याएं सुनीं तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर विधायक विनोद कुमार, इन्द्र सिंह गांधी, उपायुक्त अरिंदम चौधरी, पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मृतकों के परिजनों से संवेदनाएं व्यक्त कीं

इसके उपरांत, मुख्यमंत्री ने द्रंग क्षेत्र के पुराने कटौला तथा बागी में भारी वर्षा व भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और इस हादसे के पीड़ितों से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मृत्यु हो गई है तथा तीन अन्य व्यक्ति लापता हैं। उन्होंने मृतकों के परिजनों से संवेदनाएं व्यक्त की तथा उन्हें 12 लाख रुपये की राहत राशि प्रदान की। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त पैदल पुल, सड़कों आदि का मुरम्मत कार्य शीघ्र ही पूर्ण किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक जवाहर ठाकुर, उपायुक्त अरिंदम चौधरी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

प्रदेश के 52 स्थलों से एकत्रित माटी मुख्यमंत्री को भेंट की

अर्थ प्रकाश संवाददाता

शिमला, 22 अगस्त। हिमाचल प्रदेश की माटी देव परम्पराओं एवं लोक संस्कृति का पर्याय है। इसी कड़ी में प्रदेश के 52 धार्मिक व वीर स्थलों से एकत्रित की गई माटी की पोटली आज सचिव भाषा, कला एवं संस्कृति राकेश कंवर ने मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर को भेंट की। इस माटी का प्रयोग अन्य राज्यों से लायी गई मिट्टी के साथ नई दिल्ली में नई सेन्ट्रल विस्टा परियोजना (नए संसद भवन) में निर्माणाधीन एक राष्ट्रीय स्मारक के लिए किया जाएगा।

इस मिट्टी को प्रदेश के प्रमुख शक्तिपीठों, देवालयों, बौद्ध मठों, तीर्थ स्थलों तथा प्रदेश के विभिन्न वीर सपूतों की जन्म स्थली से एकत्रित किया गया है। निदेशक भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग डॉ. पंकज ललित भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

महिला सशक्तिकरण के लिए पुलिस बलों में महिलाओं की भागीदारी आवश्यकः मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता

शिमला, 22 अगस्त। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए महिला सशक्तिकरण आवश्यक है और पुलिस बलों में महिलाओं की अधिक से अधिक उपस्थिति इस दिशा में उत्प्रेरक साबित हो सकती है। मुख्यमंत्री रविवार शाम को यहां दो दिवसीय 10वें महिला पुलिस राष्ट्रीय सम्मेलन की प्रतिभागियों के लिए आयोजित राज्य भोज कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। जय राम ठाकुर ने कहा कि यह गर्व की बात है कि पिछले आठ वर्षों के दौरान देश भर के पुलिस बलों और अन्य सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी में 2 से 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को देवभूमि के नाम से जाना जाता है और यहां अपराध दर बहुत कम है। इसके बावजूद राज्य की पुलिस कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए भी सदैव तत्पर रहती है। जय राम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश पुलिस ने न केवल राज्य में प्रभावी कानून व्यवस्था सुनिश्चित की है, बल्कि देश के सबसे अनुशासित पुलिस बलों में भी अपनी जगह बनाई है।

कार्यक्रम के दौरान हिमाचल प्रदेश पुलिस के महानिदेशक संजय कुंडू ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। समारोह में शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज, मुख्य सचिव आरडी धीमान, बीपीआर एंड डी के महानिदेशक बालाजी श्रीवास्तव और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

डबल इंजन की सरकार ने विकास के नए कीर्तिमान किए स्थापित

- डाडासीबा में हिमाचल के स्थापन के 75 वर्ष पर कार्यक्रम आयोजित
- प्रागपुर में 4 करोड़ की लागत से बनाया जायेगा स्टेडियम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

धर्मशाला, 22 अगस्त। राज्य तथा केंद्र की डबल इंजन सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता के बल पर विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं और हिमाचल को देश के अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित किया है। यह उद्गार केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को जसवां प्रागपुर विस क्षेत्र के डाडासीबा में प्रगतिशील हिमाचल की स्थापना के 75 वर्ष समारोह में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों के सक्रिय सहयोग से ही मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में जिस प्रकार भारत ने नौ माह के भीतर ही दो-दो कोरोना रोधी वैक्सीन तैयार कीं, वह पूरे विश्व में बदलते भारत की एक बहुत बड़ी मिसाल है। उन्होंने कहा कि हिमाचल के सभी लोगों को कोरोना रोधी वैक्सीन की दोनों खुराक देने में देश का पहला राज्य बना है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा हिमाचल को दिए गए विशेष औद्योगिक पैकेज को भी केंद्र की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने वापस ले लिया था। अब हिमाचल के लिए विकासात्मक परियोजनाओं में केंद्र-राज्य के 90:10 के अनुपात को बहाल करके नरेन्द्र मोदी ने बहुत बड़ी सौगात दी है।

उन्होंने कहा कि केंद्र की उज्ज्वला योजना और प्रदेश सरकार की गृहिणी सुविधा योजना ने महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में शुरू की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना दूरदराज क्षेत्रों के लिए वरदान साबित हुई है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से देश के 50 करोड़ से अधिक लोगों को 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करके और इससे छूटे लोगों के लिए प्रदेश सरकार ने हिमकेयर योजना आरंभ करके गरीब तथा निर्धन व्यक्ति के स्वास्थ्य की चिंता की है। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रागपुर में 4 करोड़ की लागत से एक इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा।

मांगें न मानी तो करेंगे बड़ा आंदोलनः कैलाश

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बासा ने मांगों को लेकर दिया धरना

अर्थ प्रकाश संवाददाता

गोहर 22 अगस्त। आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बासा इकाई द्वारा प्रदेश स्तरीय एवं महाविद्यालय की स्थानीय मांगों को लेकर महाविद्यालय परिसर बासा में धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें विद्यार्थी परिषद द्वारा पूरे प्रदेश भर की मांगों को लेकर एवं बासा महाविद्यालय की स्थानीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया।

धरने को संबोधित करते हुए इकाई मंत्री कैलाश ने कहा कि विद्यार्थी परिषद बासा इकाई द्वारा समय समय पर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा पर महाविद्यालय की ओर से मांगों के ऊपर कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दिखाई गई।

कैलाश ने बताया कि प्रदेश स्तरीय मांगो को लेकर प्राचार्य तथा एसडीएम के माध्यम से भी राज्य सरकार को ज्ञापन सौंपे गए थे। विद्यार्थी परिषद ने प्रशासन को साफ चेतावनी दी है की अगर आगामी समय में मांगे पूरी नहीं की गई तो विद्यार्थी परिषद और उग्र प्रदर्शन करेगी।

प्रदेश स्तरीय एवं महाविद्यालय की विभिन्न मांगे जिनके लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन किया।

इनकी प्रमुख मांगों में यूजी और पीजी की परीक्षा परिणामों में आ रही अनियमितताओं को दूर किया जाए, छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकार छात्र संघ चुनाव बहाल किए जाएं, सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के परिसर निर्माण हेतु भूमि चयन प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए, सभी राजकीय शिक्षण संस्थानों में गर्ल्स कॉमन रूम की सुविधा प्रदान की जाए, बासा क्लस्टर कैंपस का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए, रिक्त पड़े पदों को जल्द से जल्द भरा जाए। छात्रावास को जल्द से जल्द खोला जाए।

रानी प्रतिभा वीरभद्र सिंह ने खादी उत्पादों का अवलोकन किया

अर्थ प्रकाश/विवेक अग्रवाल

ऊना, 22 अगस्त। सोमवार को लोकसभा सांसद एवं कांग्रेस पार्टी प्रदेश अध्यक्षा प्रतिभा वीरभद्र सिंह व मुकेश अग्निहोत्री विपक्ष के नेता ने खादी ग्रामोद्योग भंडार ऊना में खादी ग्रामोद्योग के उत्पादों का अवलोकन किया। उनका खादी भवन में पहुंचने पर देश राज गौतम पूर्व अध्यक्ष खादी ग्रामोद्योग आयोग उत्तरी क्षेत्र भारत सरकार ने व खादी कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचने पर स्वागत किया। इस अवसर पर उनके साथ हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष महेश्वर सिंह चौहान, बलविंदर सिंह ठाकुर, धामी, अमित पाल सिंह, सतीश बिट्टू, शोभित गौतम संजीव सैनी, अखिल अग्निहोत्री, दीपक लाठ, गुरमीत ठाकुर, प्रेम शर्मा, सुरेश दत्त, ईशु ठाकुर, मोहित, पंकज, अरविंद राणा व कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

गुजरात के बिलकिस बानो प्रकरण के समाचार से देश के लोगों का सिर शर्म से झुक गयाः शान्ता कुमार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पालमपुर 22 अगस्त । हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शान्ता कुमार ने कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि आजादी के 75 साल के बाद भी देश में अपराधों की संख्या बढ़ रही है। इससे भी अधिक शर्म की बात यह है कि छोटी बेटियों के साथ बलात्कार के अपराधों की संख्या सबसे अधिक बढ़ रही है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि अपराधी प्रभावशाली लोग होते हैं, पकड़े ही नहीं जाते - पकड़े जाते है तो सबको सजा नहीं होती।

उन्होंने इसी सम्बंध में कहा कि गुजरात के बिलकिस बानो प्रकरण के समाचार ने देश के लोगों का सिर शर्म से झुक गया है। वर्ष 2002 में गुजरात में गोधरा काण्ड के बाद दंगे हुए। बिलकिस बानो के परिवार के सात सदस्यों को दंगाईयों ने मौत के घाट उतार दिया। बिलकिस बानो की गोद में उसकी बेटी की भी हत्या कर दी। बिलकिस बानों उस समय पांच महीने की गर्भवती थी। परिवार के आठ लोगों की हत्या के बाद बिलकिस बानों का गैंगरेप किया गया। मुम्बई की विशेष अदालत ने 11 अपराधियों को उम्र कैद की सजा सुनाई थी। बाद में मुम्बई उच्च न्यायालय ने सजा को बरकरार रखा था।

शान्ता कुमार ने कहा कि 11 अपराधियों को उम्र कैद की सजा का सीधा सा अर्थ यह है कि हत्या और बलात्कार का अपराध सिद्ध हो गया था। एक परिवार के आठ लोगों की हत्या और बलात्कार के बाद उन दरिंदे अपराधियों को फांसी की सजा क्यों नहीं हुई यह समझ नहीं आता इससे भी अधिक हैरानी की बात यह है कि अब गुजरात सरकार ने उन अपराधियों को विशेष छूट देकर जेल से रिहा कर दिया है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शर्मनाक अपराध के बाद ऐसे अपराधियों को छोड़ने का मतलब यह है कि वे प्रभावशाली लोग रहे होगें। ईसीलिए उनको फांसी की सजा नहीं हुई और ईसीलिए अब इनको विशेष छूट देकर छोड़ दिया गया।

शान्ता कुमार ने कहा कि इस समाचार से पूरे भारत में सबका सिर शर्म से झुक गया हैं। यही वे सब कारण है जिससे आज भी बलात्कारों की संख्या देश में बढ़ती जा रही है।

उन्होंने देश के प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी से विशेष आग्रह किया है कि वे अपने गुजरात प्रदेश के इस मामले पर विचार करें और उन्हें उनकी सजा को फांसी में बदलवाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय से अपील दायिर करवायें।

सुविधा | किसानों को अपने उत्पाद बेचने के लिए मिलेगा एक मंच

हिमाचल का पहला प्राकृतिक खेती किसान उत्पादक कंपनी लॉन्च

- एफपीसी प्राकृतिक खेती की उपज को बड़े बाजारों तक पहुंचाने व विभिन्न क्षेत्रों के व्यापारियों को आकर्षित करने में मदद करेगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

सोलन, 22 अगस्त। हिमाचल प्रदेश की पहली 100 प्रतिशत प्राकृतिक खेती किसान उत्पादक कंपनी (एफपीसी) - चौपाल नैचुरल किसान उत्पादक कंपनी का हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान नेरवा में लॉन्च किया गया। प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के तहत बनाई गई इस एफपीसी को डॉ यशवंत सिंह परमार औदयानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर चंदेल द्वारा लॉन्च किया गया।

प्रदेश की पहली प्राकृतिक कृषि आधारित एफपीसी की स्थापना के लिए सभी सदस्यों की सराहना करते हुए प्रो. चंदेल ने कहा कि यह पहल न केवल प्राकृतिक किसानों को अपने उत्पाद बेचने के लिए एक मंच प्रदान करेगी बल्कि किसानों की आय को भी बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि एफपीसी प्राकृतिक खेती की उपज को बड़े बाजारों तक पहुंचाने और विभिन्न क्षेत्रों के व्यापारियों को आकर्षित करने में मदद करेगी। प्रोफेसर चंदेल ने एफपीसी को विभिन्न फलों और सब्जियों के खाद्य प्रसंस्करण के लिए विश्वविद्यालय से तकनीकी सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय कंपनी को उनके कम ग्रेड के प्राकृतिक सेब का जूस बनाने में मदद कर रहा है। यह सुविधा विश्वविद्यालय द्वारा तब तक दी जा रही है जब तक कि एफपीसी अपना प्रसंस्करण केंद्र स्थापित नहीं कर लेती।

चौपाल नेचुरल्स एफपीसी के अध्यक्ष विनोद मेहता ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और कहा कि कंपनी का मुख्य उद्देश्य एक स्थायी बाजार बनाने के लिए प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को संरेखित करना है जिससे उन्हें अपनी उपज का सही मूल्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्योंकि कंपनी के सदस्य विभिन्न क्षेत्रों के छोटे और सीमांत किसान हैं इसलिए अपने सदस्यों के लिए बड़े किसानों की तरह ही अच्छे लाभ प्राप्त करना कंपनी की प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि कंपनी किसानों के लाभ को अधिकतम करने और व्यापार के अवसर पैदा करने के लिए, उत्पादों का मूल्यवर्धन भी कर रही है। उन्होंने प्राकृतिक खेती में लगे अन्य किसानों से उनकी प्राकृतिक खेती कंपनी के सदस्य बनने का आग्रह किया। उन्होंने कृषि विभाग, प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना और आत्मा की टीमों और नौणी विवि को उनके तकनीकी समर्थन और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया।

इससे पहले डॉ. राम कृष्ण, परियोजना निदेशक आत्मा शिमला ने शिमला जिले में प्राकृतिक खेती खुशाल किसान योजना के तहत की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी और अधिक से अधिक किसानों को इस वैकल्पिक कृषि पद्धति को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। नौणी विवि में प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एन एस ठाकुर ने खाद्य प्रसंस्करण और विश्वविद्यालय द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों पर एक व्याख्यान दिया। प्रोजेक्ट फेलो और कंपनी के सीईओ रोहित शर्मा ने कंपनी के पंजीकरण की प्रक्रिया के बारे में बताया। दिल्ली और सोलन के व्यापारियों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया और किसानों और व्यापारियों के लिए एफपीसी के लाभों के बारे में बताया।

इन्होंने लिया कार्यक्रम में भाग

कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर- कृपाल सिंह, सुरेंद्र मेहता, जगत सिंह और मनोज शर्मा भी इस कार्यक्रम में शामिल हुये। चौपाल, नेरवा और कुपवी ब्लॉक के 300 से अधिक प्राकृतिक किसानों के साथ कृषि और बागवानी विभाग के अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

न्यूज़ ब्रीफ

लालपुरा को भाजपा पार्लीमैंट्री बोर्ड का मैंम्बर बनाये जाने पर बधाई

राजपुरा (कुनाल)। पंजाब भाजपा कार्यकारणी सदस्य संजीव मित्तल ने स इकबाल को को पार्लीमैंट्री बोर्ड का मैम्बर नियुक्त करने पर बधाई देते हुये शुभकानायें दी है। इस मौके पर संजीव मित्तल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ओर से राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष स इकबाल सिंह लालपुरा जो पूर्व भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी है को पार्लीमैंट्री बोर्ड का सदस्य बनाये जाने पर उन्हे मुबारक बाद देते हुये कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है कि हर वर्ग,धर्म व जाति के लोगों को साथ लेकर चलती है और उन्हे बनता मान सम्मान देती है। श्री संजीव मित्तल ने स लालपुरा को मैंबर बनाये जाने पर प्रधान मंत्री श्री नरिंदर मोदी, केंद्रीय ग्रह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडा सहित पूरी लीडर शिप का धन्यवाद करते हुये व पत्रकारों से बात करते हुये कहा कि पार्टी के नेताओं की दूरदर्शिता के चलते पंजाब में भाजपा तेजी से मजबूत हो कर उभर रही है, सरदार लालपुरा एक पढे लिखे सूझवान व धार्मिक व्यक्ति है जिनको पंजाबी सभ्याचार व श्री गुरुग्रंथ साहब की व्याख्या के बारे 14 पुस्तकें लिखी है, और पंजाब में आंतकवाद के काले दौर में बदूंक थामने वाले नौजवानों को मुख्यद्वारा में वापिस लाने में अहम रोल अदा किया था,2012 में पुलिस से रिटायर्ड होने के बाद भाजपा में शामिल हो कर भाजपा को मजबूत करने में लगे है।

कारी मोहम्मद राफे हज कमेटी के सदस्य नियुक्त

राजपुरा (अप्रस)। प्रदेश सरकार ने बीते दिवस 15 सदस्यी हज कमेटी की लिस्ट जारी की गई जिसमें राजपुरा के कारी मोहम्मद राफे को हज कमेटी का सदस्य बनाये जाने पर जिला पटियाला के मुस्लिम भाईचारे में खुशी का माहोल है। इस मौकें मोहम्मद राफे से बातचीत करने पर बताया कि मुझे जो प्रदेश सरकार की तरफ से हज कमेटी का सदस्य बनाया है मैं पूरी तनमयता से इस जिम्मेवारी को निभाउंगा। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी अल्पसंख्यक वर्ग जिला प्रधान इस्लाम अली, खड़ीली मस्जिद के प्रधान डाक्टर सलीम, इमरान मोहम्मद, हुसैन मोहम्मद, सितार मोहम्मद, अली घनौर सहित काफी संख्या में मुस्लिम भाईचारे के लोग मौजूद रहे।

अफीम व भुक्की सहित 2 गिरफ्तार

राजपुरा (अप्रस)। सिटी पुलिस राजपुरा ने गश्त के दौरान बाइक सवार दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से अफीम व भुक्की बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। कस्तूरबा पुलिस चौंकी प्रभारी जयदीप शर्मा पुलिस पार्टी सहित आईसीएल रोड पर गश्त कर रहे थे कि जैसपर चौंक पर बाइक सवार दो लोगों को शक के आधार पर रोककर उनके सामान की तलाशी ली तो उनके पास से 250 ग्राम अफीम व 4 किलो भुक्की बरामद हुई. पुलिस ने बाइक सहित पकड़े गए दोनों आरोपियों की पहचान विनोद कुमार निवासी गांव कौली पटियाला पुष्पिंदर कुमार निवासी गांव कुंडरिया फैजलपुर थाना अलीगंज बरेली यूपी के तौर पर करवाई है।

सुखमनी स्कूल में बच्चों ने धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी

डेराबस्सी (अप्रस)। स्थानीय श्री सुखमनी इंटरनेशनल स्कूल में जन्माष्टमी पर्व बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर स्कूल में अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्री प्राइमरी एवं प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों ने राधा कृष्ण के रूप में मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी जबकि सीनियर विंग के छात्र छात्राओं ने झांकियां प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारंभ डायरेक्टर कंवलजीत कौर ने दीप प्रज्वलित करके किया जिसमें सर्वप्रथम सरस्वती वंदना की गई। प्रिंसिपल पूनम शर्मा ने प्रतियोगी स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया। समापन श्री कृष्ण जी की आरती एवं भोग प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने वाला पंजाब देश का पहला राज्य बना

- दो दिवसीय वर्कशॉप का उद्घाटन केंद्रीय पंचायती राज मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल और पंजाब के ग्रामीण विकास मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने किया
- पंजाब के गांवों के सर्वपक्षीय विकास के लिए केंद्र सरकार खुले दिल से फंड दे: धालीवाल

अर्थ प्रकाश/जिनेंद्र जैन

एस.ए.एस नगर, 22 अगस्त। पंचायतों में विषय आधारित दृष्टिकोण के द्वारा सतत विकास लक्ष्यों (एल.एस.डी.जी) के स्थानीकरण बारे दो दिवसीय राष्ट्रीय वर्कशॉप का उद्घाटन सोमवार को यहाँ चंडीगढ़ के नज़दीक ज़ीरकपुर में क्रिस्टल रिसोर्ट में केंद्रीय पंचायती राज मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल और पंजाब के ग्रामीण विकास, कृषि और प्रवासी मामलों बारे मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने किया। इस अवसर पर राज्य के केबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक, हरभजन सिंह ई.टी.ओ, डॉ. बलजीत कौर, ब्रम शंकर जिम्पा, अनमोल गगन मान और चेतन सिंह जौड़ेमाजरा के अलावा सुनील कुमार, सचिव, पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार, श्रीमती विनी महाजन सचिव, पेयजल और स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार, विजय कुमार जंजूआ, मुख्य सचिव पंजाब सरकार, के शिवा प्रसाद, वित्त कमिश्नर, ग्रामीण विकास और पंचायत विभाग, पंजाब सरकार और श्रीमती रेखा यादव, संयुक्त सचिव, पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार भी मौजूद थे।

इस अवसर पर संबोधन करते हुए पंजाब के ग्रामीण विकास, कृषि और प्रवासी मामलों बारे मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि पंजाब ने देश के लिए आगे बढ़कर अनेकों लड़ाईयां लड़ी है, फिर चाहे वह सरहदों की रक्षा हो जा देश का अन्न भंडार भरकर लोगों का पेट भरने की हो। परन्तु आज पंजाब वित्तीय संकट के दौर से गुज़र रहा है। सो, केंद्र सरकार को अपना फ़र्ज़ समझते हुए राज्य को इस संकट से बाहर निकालने के लिए खुले दिल से मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब की 63 प्रतिशत आबादी गाँवों में बसती है और गावों का सर्वपक्षीय विकास तो ही संभव है यदि केन्द्र सरकार गाँवों में स्वास्थ्य सुविधाएं, पीने वाला पानी, खेल सुविधाएं, तालाबों के रख-रखाव आदि के लिए अधिक से अधिक फंड उपलब्ध करवाए। उन्होंने साथ ही कहा कि केंद्र सरकार का यह फ़र्ज़ इसलिए भी बनता है क्योंकि पंजाब जी.एस.टी. के तौर पर एक बड़ा हिस्सा टैक्स के रूप में केंद्र को देता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार ने राज्य में पंचायती ज़मीनों से अवैध कब्ज़े हटाने की नई पहल की है।

उन्होंने बताया कि पिछले पाँच महीनों के दौरान लगभग 9000 पंचायती ज़मीनों से अवैध कब्ज़े हटाकर सरकार की आय में वृद्धि की है। उन्होंने यह भी बताया कि पंजाब में पहली बार राज्य की 13000 हज़ार ग्राम पंचायतों में से 12000 पंचायतों के ग्राम सभा सत्र करवाए गए हैं। इस अवसर पर अध्यक्षीय भाषण देते हुए केंद्रीय पंचायती राज मंत्री श्री कपिल मोरेश्वर पाटिल ने मुख्यमंत्री भगवंत मान की सराहना करते हुए कहा कि गाँवों के विकास के लिए राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस करवाने वाला पंजाब पहला राज्य बना है और राज्य सरकार द्वारा दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस के लिए बहुत बढ़िया प्रबंध किये गए हैं।

केंद्रीय मंत्री ने किया माडल गांव सरसीनी का दौरा

गाँवों के विकास के लिए करवाई जा रही दो दिवसीय राष्ट्रीय वर्कशॉप का उद्घाटन करने पंजाब पहुँचे केंद्रीय पंचायती राज मंत्री कपिल मुरेश्वर पाटिल और पंजाब के ग्रामीण विकास मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल माडल गाँव सरसीनी देखने पहुँचे। यह गाँव ज़िला एस. ए. एस. नगर के ब्लाक डेराबस्सी में पड़ता है। इस गाँव की पंचायत की तरफ से गाँव में 4 एकड़ में झील बनाई गई है, जिसमें बारिश के पानी को इक्कठ्ठा किया जाता है और सिंचाई के मकसद के लिए आगे इस्तेमाल किया जाता है। इसको एक भविष्य की आमदनी संपत्ति उभारने का यत्न किया जा रहा है। इस प्रमुख स्थान के कारण इसको पर्यटन स्थान में बदलने की योजना बनाई जा रही है। इस गाँव में पंचायत घर 25 लाख रुपए से बनाया गया है जहाँ बुनियादी सहूलतें जैसे कि रसोई, महिलाओं और अन्यों के लिए अलग वाशरूम, विशाल मीटिंग हॉल जिसमें 100 व्यक्ति सकते हैं। पंचायत की तरफ से मिड- डे मील किचन सैड सरकारी प्राइमरी स्मार्ट स्कूल में बनाया गया। गाँव में अलग–अलग किस्म के अवशेष को घर–घर इक्कठ्ठा करने के लिए प्रोजैक्ट चलाया जा रहा है। हर घर कूड़ा इक्कठ्ठा करने वाले को मेहनताने के तौर पर 50/- रुपए अदा करता है। गीले अवशेष को शहद की कंघी के गड्ढों में निपटाया जाता है, जहाँ इसको 45 दिनों में खाद में बदल दिया जाता है और इस खाद का प्रयोग पौधे लगाने के लिए किया जाता है। कूड़ा इक्कठ्ठा करने वाला सूखा कूड़ा बेच कर अपनी आमदन पैदा करता है। गाँव में नानक बग़ीची बनाई गई है और मिनी जंगल एनजीओ राउंड गिलास फाउंडेशन के सहयोग से महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत शमशानघाट, पार्कों और सड़कों के किनारे लगभग 15000 पौधे लगाए गए हैं।

राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की

उपराष्ट्रपति बनने की बधाई दी, कहा- आपकी अध्यक्षता में काम करने को उत्सुक

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 22 अगस्त। पंजाब से आम आदमी पार्टी(आप) के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने भारत के नए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से सोमवार को दिल्ली स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। चड्ढा ने उपराष्ट्रपति महोदय को पद संभालने की बधाई दी और कहा कि हमसब आपकी अध्यक्षता में काम करने को लेकर काफी उत्सुक हैं। उन्होंने उपराष्ट्रपति से देश के कई अहम मुद्दों पर भी चर्चा की।

सोमवार को पार्टी द्वारा जारी एक बयान में राघव चड्ढा ने कहा कि उपराष्ट्रपति महोदय से मिलकर बेहद खुशी हुई। मुझे पूरी उम्मीद है कि वह इस अपने पद का पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे एवं उपराष्ट्रपति पद की गरिमा को बरकरार रखेंगे। हम सब सदस्यों को अपने नए सभापति महोदय से काफी उम्मीदें हैं।

आबकारी टीम ने दो हजार लीटर एक्स्ट्रा न्यूटरल अल्कोहल किया ज़ब्त

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 22 अगस्त। लुधियाना की आबकारी टीम द्वारा आज सी. आई. ए. पुलिस खन्ना के साथ एक सांझा कार्यवाही के दौरान दोराहा के नज़दीक 2000 लीटर एक्स्ट्रा न्यूटरल अल्कोहल (ई. एन. ए.) ज़ब्त की गई। इस सम्बन्धी जानकारी देते हुये आबकारी विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि ई. एन. ए. कच्चा माल है जिससे शराब बनाई जाती है और यदि इसमें ज़हरीलापन फैल जाता है तो इस कारण ज़िला तरन तारन में दो साल पहले घटे हादसे जैसा बड़ा हादसा घट सकता है जिसमें कई मानवीय जानें चली गई थीं।

इस कार्यवाही के बारे जानकारी देते हुये प्रवक्ता ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर दोराहा के नज़दीक लुधियाना-चंडीगढ़ रोड पर नाका लगाया गया था। इस दौरान वाहन नंबर पी. बी. 09 एन 9001 नाके से भाग गया जिसका फिर दोराहा, लुधियाना तक पीछा किया गया। उन्होंने बताया कि दो व्यक्तियों गुरविन्दर सिंह और सुखदेव सिंह दोनों निवासी गाँव छिड़ां, अमृतसर को मौके पर ही काबू कर लिया गया।

प्रवक्ता ने आगे बताया कि इनके कब्ज़े में से 8 बड़े ड्रंम (200 लीटर प्रत्येक) और 6 कैन (30 लीटर प्रत्येक) भाव कुल 2000 लीटर एक्स्ट्रा न्यूटरल अल्कोहल (ई. एन. ए.) बरामद की गई है।

उन्होंने बताया कि वाहन नंबर पी. बी. 09 एन 9001 को ज़ब्त कर लिया गया है और आगे जांच के बाद एफ. आई. आर. दर्ज की जायेगी।

निरंकारी सेवादार व समाजसेवी माता सिमरजीत कौर प्रभु चरणों में लीन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 22 अगस्त। माता सिमरजीत कौर का जन्म जिला कपूरथला के गांव रमिदी में श्री मेला सिंह और श्रीमति संत कौर के घर 6 जून 1952 के दिन हुआ। माता सिमरजीत कौर के भाई स्लदा सिंह के बेटे कशमीर सिंह ने बताया कि उनके पिता जी बताते थे की उनकी बुआ सिमरजीत बचपन ही करुणा भाव की थी वो किसी का दुख नहीं देख सकती थी। भूखों का खाना खिलाना, पशुओं की सेवा करना, उन्हें विरासत में मिली थी।

27 मई 1969 को माता सिमरजीत कौर का विवाह स्वर्ग वासी सरदार फकीर सिंह के सुपुत्र सरदार स्वर्ण सिंह के हुआ। उस समय स्वर्ण सिंह जी देश सेवा करने भारतीय सेना में तैनात थे। माता जी अपने परिवार की देखभाल करती रही।

बच्चों को उच्च शिक्षा और संस्कार दिए। सभी बच्चे समाज में प्रतिष्ठित पदों पर आसीन हैं।

माता जी 1970 से ही निरंकारी मिशन चंडीगढ़ के साथ जुड़ कर लोगों की सेवा करती रही। कुछ ही दिनों के बाद उनकी लगन देखकर निरंकारी मिशन ने उन्हें मनीमाजरा जोन का लेडी सेवादार की इंचार्ज की सेवा सौंप दी। लगभग 10 साल सेवादल में बतौर इंचार्ज के रूप में सेवा की। और 1992 से निरंकारी मिशन द्वारा उन्हें मिशन प्रचारक बना दिया। समाजसेवी के रूप में उन्होंने मनीमाजरा की इंदिरा कालोनी में कुछ बच्चियों की शादी अपने पैसे से करवाई। कुछ बच्चों का पढ़ाई का खर्चा भी वो उठाती थी। अपने जीवन में उन्होंने मनीमाजरा एरिया में होने वाले धार्मिक और सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेते थे। अस्वस्थ होने के बाद भी वो रोज़ सुबह निरंकारी सत्संग भवन जाना नहीं छोड़ती थी। 2 अगस्त को अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। 20 अगस्त 2022 के दिन परम पिता परमात्मा ने उन्हें अपने पास बुला लिया। सिमरजीत कौर अपने पीछे खुशहाल परिवार छोड़कर गए हैं। जिसमें उनके दो पुत्र गोविंद परवाना, करमजीत परवाना, पुत्री कुलविंदर कौर , दामाद मंजीत सिंह गिल, सुखविंदर कौर , दामाद मोहित मल्होत्रा व पुत्रवधू देवेन्द्र कौर, सीमा गुलाटी और पोती नवरूप, पोता अखिल, दोता हर्षदीप सिंह हनी, दोती सुनैना व नेमत हैं।

रोटरी भवन में अजय भटेजा का पद ग्रहण समारोह धूमधाम से सम्पन्न

- मुख्य महमान के तौर पर डा गुलेरिया व विशेष महमान के तोर पर एसडीएम डा संजीव कुमार ने कि शिरकत

अर्थ प्रकाश/कुनाल

राजपुरा, 22 अगस्त। रोटरी कलब राजपुरा की ओर से नये प्रधान अजय भटेजा के पद ग्रहण के लिये समारोह का आयोजन रोटरी भवन राजपुरा में किया गया जिसमें मुख्य महमान के तौर पर डा रनदीप गुलेरिया व विशेष महमान के तौर पर एसडीएम राजपुरा डा संजीव कुमार ने शिरकत की। इस मौके पर मुख्य महमान डा रनदीप गुलेरिया ने रोटरी प्रधान अजय भटेजा को मुबारकबाद देते हुये रोटरी कल्ब राजपुरा व उनकी पूरी टीम को अच्छे कार्य करने के लिये शुभकामनाऐं देते हुये कहा कि पिछले 50 वर्षो से रोटरी कल्ब जनता की सेवा का कार्य कर रहा है । कोविड के चलते रोटरी कल्ब ने घर घर जाकर लोगों को राशन आदि देने से सहित अन्य सेवा के कार्य किये है । उन्होंने लोगों को संदेश देते हुये कहा कि कोविड अभी गया नहीं है जिन लोगों ने वैक्सीन की डोज पूरी नहीं ली वह जरूर ले लें ओर कोविड नियमों की पालना करें । इस अवसर पर एसडीएम राजपुरा डा संजीव कुमार ने भी नये बने प्रधान अजय भटेजा व उनकी पूरी टीम को मुबारक बाद दी ओर भविष्य में भी समाज सेवा के कार्य ओर तेजी से करने के लिये शुभकामनाऐं दी। इस मौके पर नये बने प्रधान अजय भटेजा ने कहा कि पिछले 2 महीनों में मैने 12 प्रोजैक्ट लगाये है सभी सदस्यों के सहयोग से ओर भी सेवा के कार्य करते रहेगें ।

इस समारोह में नगर कौंसिल के प्रधान नरिंदर शास्त्री, पूर्व प्रधान प्रवीण छाबड़ा, रजिंदर राजा, प्रदीप चहल, राजेश आनंद, नरिन्द्र सहगल, रमेश पाहवा, रविन्द्र सेठी, संजय भटेजा, नरिंदर नाटी, धर्म पाल वर्मा, आई एस बग्गा सहित काफी संख्या में रोटरी सदस्य मौजूद थे ।

तत्वज्ञान के पश्चात ही भक्ति प्रारंभ होती है: संत रामपाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

खमाणों, 22 अगस्त। खमाणों स्थित सतलोक आश्रम में चौथे विशाल सत्संग समागम का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों की संख्या में संत रामपाल जी के अनुयायियों द्वारा भाग लिया गया व प्रोजेक्टर के माधियम से अद्वित्य अधियात्मिक प्रवचन श्रवण किए गए। सत्संग प्रवचनों दौरान संत जी ने समझाया कि तत्व ज्ञान हो जाने पर नाना प्रकार के भ्रमित करने वाले वचनों से विचलित हुई मानव बुद्धि एक पूर्ण परमात्मा पर दृढ़ता से स्थिर हो जायेगी। तब मानव योगी बनेगा अर्थात तब मनुष्य अनन्या मन से निरशंश्य होकर एक पूर्ण प्रभु कि भक्ति प्रारम्भ करेगा। जैसे बहुत बड़े जलाशय के प्राप्त हो जाने के पश्चात छोटे जलाशय में जितना प्रयोजन रह जाता है। इसी प्रकार पूर्ण परमात्मा के गुणों का ज्ञान तत्व ज्ञान द्वारा होजाने पर प्राणी के अधिक अन्य ज्ञानों में तथा अन्य भगवानों में उतनी ही रह जाती है। जैसे छोटा जलाशय बुरा नहीं लगता परन्तु उसकी क्षमता का पता लग जाता है कि यह काम चलाऊ सहारा है जो जीवन के लिए पर्याप्त नहीं है तथा बहुत बड़ा जलाशय प्राप्त होने पर पता चल जाता है कि यदि अकाल गिरेगा तो भी समस्या नहीं आएगी अत: प्राणी तुरंत छोटे जलाशय को त्याग कर बड़े जलाशय पर आश्रित हो जाएगा। इसी प्रकार तत्वदर्शी संत से पूर्ण परमात्मा के तत्व ज्ञान के द्वारा, पूर्णब्रह्म की महिमा से परिचित हो जाने के पश्चात साधक पूर्ण रूप से उस पूर्ण परमात्मा पर सर्व भाव से आश्रित जो जाता है। आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भक्त रामदास, सुखदेव दास, नरेश दास व दीपक दास ने बताया की 8 सितम्बर को संत रामपाल जी का अवतरण दिवस आरहा है जिसके उपलक्ष में 6 सितम्बर से 8 सितम्बर तक संत गरीब दास जी की अमर वाणी के अखंड पाठ किया जाएगा व तीन दिन लगातार लड्डू और जलेबी का भंडारा चलेगा। जिसमें भिन्न-भिन्न राज्यों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे है व आश्रम के आस-पास के सभी निवासी भी सादर आमंत्रित है।

अक्टूबर से शुरू होगी 'घर-घर राशन स्कीम'

चंडीगढ़, 22 अगस्त (अप्रस)। पंजाब की आम आदमी पार्टी(आप) सरकार की बेहद महत्वाकांक्षी योजना 'घर-घर राशन' अक्टूबर से शुरु होगी। पंजाब के फूड एवं सिविल सप्लाई मंत्री लालचंद कटारुचक ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 अक्टूबर से शुरु हो रही इस स्कीम से करीब 1 करोड़ 54 लाख लोगों को लाभ पहुंचेगा। मंत्री लालचंद कटारुचक ने इस योजना के बारे विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मंत्री ने बताया कि इस स्कीम के तहत पंजाब में अभी लगभग 1.54 करोड़ लाभार्थी है। इतने लोगों के आटा की पिसाई पर करीब 170 करोड़ रुपए खर्च आता है। अब यह पैसा बचा करेगा। मंत्री ने कहा कि हमारी कोशिश है कि चक्की में आटा पीसने के सात दिन के भीतर सभी घरों में उसकी डिलीवरी कर दी जाए, ताकि लोगों को ताजा आटा मिल सके जिससे उनके स्वास्थ्य पर भी अच्छा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मार्केट में भी आटा करीब एक सो दो महीने पुराना होता है। पहले लोगों को खाद्य सुरक्षा योजना के तहत अनाज लेने के लिए घंटो धूप में लाइन में खड़ा होना पड़ता था। फिर गेहूं लेने के बाद उसे पैसे और समय लगाकर पिसाना होता था।

तंज

कांग्रेस अपने 'भ्रष्ट' नेताओं को बचाने की कर रही है कोशिश

अगर कांग्रेसी निर्दोष हैं, तो विजिलेंस जांच से क्यों डरते हैं: कंग

- किसी भी भ्रष्ट व्यक्ति को बख़्शा नहीं जाएगा, मान सरकार व्यवस्था में सुधार के लिए लगन से कर रही है काम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

सच्चाई को सामने लाना और भ्रष्टाचारियों को सजा दिलाना सरकार का ध्येय

उन्होंने कहा कि कृषि में 150 करोड़ रुपये के घोटाले की भी जांच चल रही है। आप सरकार सच्चाई को लोगों के सामने लाना और भ्रष्टाचारियों को सजा देना अपनी जिम्मेदारी मानती है। उन्होंने पूर्व जेल मंत्री और कांग्रेस विधायक सुखजिंदर रंधावा पर कांग्रेस सरकार के दौरान गैंगस्टर मुख्तार अंसारी को उत्तर प्रदेश से पंजाब लाने और रोपड़ सेंट्रल जेल में 'वीआईपी इलाज' देने के लिए मोहाली में फर्जी मामला दर्ज करवाने का भी आरोप लगाया।

चंडीगढ़, 22 अगस्त। आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को विजिलेंस कार्यालय के समक्ष कांग्रेस द्वारा किए गए धरने-प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भगवंत मान सरकार की ओर की जा रही जांच से भ्रष्ट और नापाक लोग बच नहीं सकते। उन्होंने कांग्रेसी नेताओं को अपने स्वार्थी और भ्रष्ट नेताओं की रक्षा करने के बजाए आम लोगों के कल्याण के लिए आगे आने की सलाह दी।

पार्टी के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग ने सोमवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए कांग्रेस की ओर से लगाए बदले की राजनीति के बेतुके आरोपों को खारिज करते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग से सवाल किया कि उनके जो नेता विजिलेंस जांच के दायरे में हैं, वे क्यों डरते हैं? कंग ने कहा, 'अगर वह निर्दोष हैं और उनके पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है, तो वह निष्पक्ष जांच से क्यों भाग रहे हैं? वे जांच का सामना करें और अदालत में अपनी बेगुनाही साबित करें।'

कंग ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का उदाहरण देते हुए कहा कि कांग्रेसी नेताओं को भी उनकी तरह जांच का सामना करना चाहिए। अगर वे निर्दोष हैं और झूठे मामलों से नहीं डरते हैं, तो जल्द ही सच्चाई अदालत में सामने आएगी।

उन्होंने कांग्रेसी नेताओं को बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार और ड्रग माफिया के खिलाफ धरना देने की सलाह दी। मान सरकार भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए प्रतिबद्ध है और जनता का पैसा लूटने वाले सभी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के लोग कई घोटालों, भ्रष्टाचार के मामलों में लिप्त थे और अब भ्रष्ट नेताओं को मुख्यमंत्री मान के नेतृत्व वाली ईमानदार सरकार से डर है कि उन्हें उनके अपराधों और पंजाबियों को लूटने के लिए सख्त सजा दी जाएगी।

कंग के अनुसार, 'मान सरकार द्वारा खाद्य एवं आपूर्ति, परिवहन एवं खनन विभाग की फाइलों की तलाशी ली जा रही है, तो उनमें त्रिप्त राजिंदर सिंह बाजवा, बलबीर सिद्धू और अन्य कांग्रेसी नेताओं के नाम सामने आ रहे हैं। विभिन्न घोटालों की, जांच की जा रही है और सभी दोषियों को सजा दी जाएगी।'

कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि 'छब्बा वापस नहीं आया' और अपने कार्यकाल में अवैध खनन के जरिए पैसा इक्कठ्ठा किया और अब विदेश में 'छिपा' बैठा है।

उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था लागू होने से अमित शाह बेहद खुश, सीएम योगी आदित्यनाथ को जमकर सराहा

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पांडेय

लखनऊ, 22 अगस्त। केन्द्र सरकार में गृह तथा सहकारिता मंत्री अमित शाह उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था लागू होने के साथ ही लम्बित परियोजनाएं पूरी होने से काफी खुश हैं। भोपाल में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 23वीं बैठक में अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली की काफी सराहना की। भोपाल जाकर बैठक में शामिल ना होने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसको वर्चुअली संबोधित किया।

मध्य क्षेत्रीय परिषद की अगली बैठक यानी 24वीं उत्तराखंड के ऋषिकेश में होगी। जहां पर पांच राज्य अपने तीन श्रेष्ठ कार्य का प्रस्तुतिकरण देंगे। तीन सफल कार्यों का दस मिनट का प्रस्तुतिकरण होगा, ताकि अच्छे कार्यों का लाभ दूसरे राज्य भी ले सकें। इसके साथ ही अन्य विकास कार्य को भी सभी के साथ साझा करेंगे। आज की बैठक में तीन मुद्दों को छोड़कर बाकी सभी मुद्दों का समाधान हुआ।

भोपाल की बैठक में अमित शाह ने उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था की काफी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि देश में सर्वाधिक जनसंख्या वाले उत्तर प्रदेश में अरसे बाद कानून व्यवस्था लागू हुई है। उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने यूपी में कानून व्यवस्था को लंबे अरसे के बाद लागू करने का कार्य किया है। पूरी मशीनरी का अराजनीतिकरण कर बहुत अच्छे से संभाला है।

अमित शाह ने कहा कि एक जमाना था जब यह चारों राज्य (मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़) बीमारू राज्यों की श्रेणी में आते थे। यह हमारे लिए हर्ष का विषय है कि अब चारों राज्य इस श्रेणी से बाहर आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि सभी मुख्यमंत्रियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से बधाई देना चाहता हूं कि आपने पीएम मोदी के टीम इंडिया के कांसेप्ट को जमीन पर उतारने का कार्य अपने अपने राज्य में किया है। मध्य क्षेत्रीय परिषद की पिछली बैठक में 30 में से 26 मुद्दों का समाधान किया है। स्थायी समिति की 14वीं बैठक में 54 मुद्दों में से 35 मुद्दे बैठक में आने से पहले ही हल किए जा चुके हैं। उन्होंने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से कहा कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध के मामले हमारी प्राथमिकता होने चाहिए। इस बारे में मुख्य सचिव स्तर से निरंतर समीक्षा होनी चाहिए।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस बैठक को वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने तो अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने के लिए कार्रवाई शुरु कर दी है। सीएम योगी आदित्यनाथ भोपाल में मौसम अचानक खराब होने के कारण नहीं पहुंचे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में केंद्रीय मंत्री अमित शाह की तारीफ करते हुए कहा कि आपके नेतृत्व में देश में आंतरिक सुरक्षा आज अपने बेहतरीन स्थिति की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीम इंडिया के विजन से देश में सहकारी संघवाद की अवधारणा साकार हो रही है। इसकी एक अभिव्यक्ति ही क्षेत्रीय परिषद है। सहकारी संघवाद का सबसे बड़ा उदाहरण सबसे बड़ी महामारी कोरोना के प्रबंधन में देखने को मिला। देश की 135 करोड़ की आबादी को वैश्विक महामारी से बचाने के लिए किए गए प्रयास अत्यंत सराहनीय रहे हैं और इसकी पूरी दुनिया ने सराहना की है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी ने अपनी पहचान को पुर्नस्थापित करने के लिए जो कदम बढ़ाए हैं, उनमें प्रमुख रूप से प्रदेश के अंदर सुरक्षा का माहौल बनाकर विकास की पटरी को पुर्नस्थापित करने के कार्यक्रम हैं। उत्तर प्रदेश में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने के कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

तिरुपति रश: दक्षिण मध्य रेलवे 22 सितंबर से 10 विशेष ट्रेनें चलाएगा

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

विजयवाड़ा/हैदराबाद, 22 अगस्त। दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) ने 10 विशेष ट्रेनों की घोषणा की है जो मंदिर शहर तिरुमाला में आने वाले तीर्थयात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए हैदराबाद से तिरुपति के लिए चलेंगी। जिनमें हैदराबाद - तिरुपति (प्रत्येक शनिवार) ट्रेन संख्या 07510, इस महीने की 27 तारीख से 24 सितंबर तक। तिरुपति-हैदराबाद (हर रविवार) ट्रेन नंबर 07510, इस महीने की 28 तारीख से 24 सितंबर तक। हैदराबाद - तिरुपति (प्रत्येक सोमवार) ट्रेन संख्या 07643, 5 सितंबर से 26 सितंबर तक। तिरुपति-हैदराबाद (प्रत्येक मंगलवार) ट्रेन संख्या 07644, 6 सितंबर से 27 सितंबर तक। तिरुपति-औरंगाबाद (हर रविवार) ट्रेन नंबर 07637, इस महीने की 28 तारीख से 25 सितंबर तक। औरंगाबाद - तिरुपति (प्रत्येक सोमवार) ट्रेन संख्या 07638, इस महीने की 29 तारीख से 26 सितंबर तक। तिरुपति-हुजूर साहिब नांदेड़ (प्रत्येक मंगलवार) ट्रेन संख्या 07642, इस महीने की 30 तारीख से 27 सितंबर तक। तिरुपति-हुजूर साहिब नांदेड़ (हर शनिवार) ट्रेन सं.07640, 3 सितंबर से 1 अक्टूबर तक। हुजूर साहिब नांदेड़ - तिरुपति (प्रत्येक शुक्रवार) ट्रेन संख्या 07639, 2 से 30 सितंबर तक। तिरुपति-काचीगुडा (प्रत्येक बुधवार) ट्रेन संख्या 07614, 7 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेंगी।

ट्रेन संख्या 08583 विशाखापत्तनम-तिरुपति साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन 29 अगस्त से 26 सितंबर तक सोमवार को 19.00 बजे विशाखापत्तनम से रवाना होगी और अगले दिन 09.15 बजे तिरुपति पहुंचेगी।

वापसी दिशा में, ट्रेन संख्या 08584 तिरुपति-विशाखापत्तनम साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष 30 अगस्त से 27 सितंबर तक मंगलवार को 21.55 बजे तिरुपति से रवाना होगी और अगले दिन 10.15 बजे विशाखापत्तनम पहुंचेगी। जैसा कि टीटीडी वेबसाइट में बताया गया है, तिरुमाला में दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की कुल संख्या लगभग 64,438 थी और दर्शन के लिए अनुमानित प्रतीक्षा समय 15 घंटे था।

पीवी सिंधु ने एपी मंत्री आरके रोजा से मुलाकात की

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

हैदराबाद, 22 अगस्त। भारतीय शटलर और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, जिन्होंने हाल ही में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता था, ने शनिवार को आंध्र प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति और युवा उन्नति मंत्री आरके रोजा से शिष्टाचार भेंट की।

पीवी सिंधु और उनके माता-पिता ने बाद में शहर के नोवोटेल में मंत्री और उनके परिवार के सदस्यों के साथ दोपहर का भोजन किया। पीवी सिंधु ने उन्हें दिए गए सभी सहयोग और प्रोत्साहन के लिए एपी राज्य सरकार को धन्यवाद दिया।

आरके रोजा ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों के एकल स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक जीतने वाली सिंधु की जीत पर पूरे देश को गर्व है और उन्होंने भविष्य में और भी कई जीत की कामना की।

हरियाणा के राज्यपाल ने आंध्रा के राज्यपाल से मुलाकात की

अर्थप्रकाश/बोम्मा रेड्डी

विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश)। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने रविवार को यहां राजभवन में आंध्र प्रदेश के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से शिष्टाचार भेंट की। राजभवन पहुंचने पर, दत्तात्रेय का स्वागत पी.एस. सूर्य प्रकाश, राज्यपाल के संयुक्त सचिव एवं राजभवन के अन्य अधिकारी। हरियाणा के राज्यपाल दत्तात्रेय ने राज्यपाल हरिचंदन को पारंपरिक हरियाणा वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। राज्यपाल हरिचंदन ने हरियाणा के राज्यपाल दत्तात्रेय को स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। दोनों राज्यपालों ने अपने-अपने राज्यों में लागू किए जा रहे विकास कार्यक्रमों पर चर्चा की। हरियाणा के राज्यपाल दत्तात्रेय ने राज्यपाल हरिचंदन को अपनी सुविधानुसार हरियाणा राज्य का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया।

आंध्र के मुख्यमंत्री वाईएस जगन व पीएम मोदी में बैठक

मुख्यमंत्री ने पोलावरम परियोजना के निर्माण को जल्द से जल्द पूरा करने में मदद मांगी

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

नईदिल्ली/अमरावती, 22 अगस्त। (आंध्र प्रदेश) के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की और पोलावरम परियोजना, संसाधन अंतराल निधि की भरपाई, कवरेज में तर्कसंगतता सहित राज्य से संबंधित कई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभार्थियों, तेलंगाना डिस्कॉम से राज्य को बकाया, और विशेष श्रेणी की स्थिति सहित अन्य और इस आशय के पत्र प्रस्तुत किए।

बातचीत के दौरान, मुख्यमंत्री ने पोलावरम परियोजना के निर्माण को जल्द से जल्द पूरा करने में मदद करने के लिए प्रधान मंत्री से अनुरोध किया और उनसे 55,548.87 करोड़ रुपये के संशोधित लागत अनुमानों को मंजूरी देने का आग्रह किया, जैसा कि तकनीकी सलाहकार समिति ने पहले ही मंजूरी दे दी थी। साथ ही, उन्होंने उन्हें राज्य सरकार द्वारा पोलावरम परियोजना पर खर्च किए गए 2900 करोड़ रुपये की प्रतिपूर्ति करने के लिए कहा, और प्रधान मंत्री से अन्य राष्ट्रीय परियोजनाओं की तरह कुल पाक्षिक रूप से बिलों को मंजूरी देने का अनुरोध किया, न कि घटक-वार।

इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने उन्हें तदर्थ आधार पर 10,000 करोड़ रुपये प्रदान करने के लिए कहा ताकि परियोजना का निर्माण कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ सके। उन्होंने विस्थापित परिवारों को डीबीटी तरीके से एक आर एंड आर पैकेज प्रदान करने की अपील की, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो। उन्होंने प्रधानमंत्री से 2014-15 की अवधि के दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन और अन्य सहित 10वें वेतन आयोग के तहत विभिन्न लंबित बिलों के लिए संसाधन गैप फंड के तहत 32,625 करोड़ रुपये की धनराशि जारी करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को समझाया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्र व्यक्तियों के चयन में युक्तियुक्तकरण की कमी के कारण राज्य को गंभीर नुकसान हो रहा है और पहले ही इस मामले को उनके ध्यान में लाया है, जहां बड़ी संख्या में जरूरतमंद और योग्य व्यक्तियों को उजागर किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 2.68 करोड़ लाभार्थियों को राशन उपलब्ध करा रही है, जिसमें से 61 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों से और 41 प्रतिशत शहरी क्षेत्रों से हैं। उन्होंने याद दिलाया कि कानून के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में 75 प्रतिशत लोगों और शहरी क्षेत्रों में 50 प्रतिशत लोगों को पीडीएस के तहत लाभ मिलना चाहिए और कहा कि महाराष्ट्र, कर्नाटक और गुजरात जैसे राज्यों में, जो आंध्र प्रदेश की तुलना में आर्थिक रूप से बेहतर हैं, लगभग 10 एपी की तुलना में प्रतिशत अधिक लाभार्थी, जिसके कारण राज्य सरकार 5,527.63 करोड़ रुपये के अतिरिक्त बोझ वाले 56 लाख पात्र लाभार्थियों को राशन प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि नीति आयोग पहले ही राज्य सरकार के अधिकारियों से मिल चुका है और केंद्र सरकार को इस संबंध में आंकड़ों को संशोधित करने की सूचना दी है और प्रधानमंत्री को याद दिलाया कि आंध्र प्रदेश को आवंटन की जांच की जानी चाहिए। उन्होंने प्रधान मंत्री को समझाया कि राज्य को आवंटित 3 लाख टन चावल कोटा हर महीने अप्रयुक्त रहता है, और उन्हें केवल 77,000 टन आवंटित करने के लिए कहा, जो केंद्र पर कोई अतिरिक्त बोझ डाले बिना वितरण के लिए पर्याप्त होगा।

राज्य के विभाजन के दौरान दिए गए वादों पर चर्चा करते हुए, मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने कहा कि विभाजन में कोई तर्कसंगतता नहीं थी, जिसके कारण राज्य को बहुत नुकसान हुआ और प्रधान मंत्री से विशेष श्रेणी की स्थिति सहित संसदीय गवाह के रूप में दिए गए वादों को पूरा करने का अनुरोध किया। . उन्होंने कहा कि विशेष वर्ग का दर्जा औद्योगिक क्षेत्र में वृद्धि, रोजगार सृजन, केंद्र से अनुदान और कर रियायतों को बढ़ावा देगा, जिससे राज्य पर बोझ कम होगा।

साथ ही, मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना सरकार से आंध्र प्रदेश जनरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा प्राप्य 6,756 करोड़ रुपये का बकाया आठ वर्षों से अधिक समय से अनसुलझा है और प्रधान मंत्री से संबंधित अधिकारियों को बकाया का निपटान करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। ताकि राज्य बिजली क्षेत्र को आर्थिक रूप से मजबूत किया जा सके।

इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से राज्य में 26 जिलों को पूरा करने के लिए 12 अन्य मेडिकल कॉलेज स्थापित करने के लिए मंजूरी देने का आग्रह किया। वाईएसआर जिले में एक एकीकृत इस्पात संयंत्र स्थापित करने के संबंध में, उन्होंने संयंत्र को संचालित करने के लिए लौह अयस्क की निर्बाध आपूर्ति के लिए एपीएमडीसी को लौह खदान आवंटित करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इस्पात संयंत्र स्थापित करने के लिए खदानों का आवंटन बहुत महत्वपूर्ण है, जिससे अयस्क के स्थिर परिवहन में मदद मिलती है।

बाद में, उन्होंने प्रधान मंत्री से आंध्र प्रदेश खनिज विकास निगम को समुद्र तट रेत खनिज आवंटित करने की मंजूरी देने के लिए कहा, जो 20,000 करोड़ रुपये के निवेश को आकर्षित कर सकता है। उन्होंने कहा कि 14 स्वीकृतियां लंबित हैं।

सेंसेक्स-निफ्टी डेढ़ फीसदी टूटे

मुंबई 22 अगस्त (अप्रस)। वैश्विक अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी पड़ने की आशंका और फेड रिजर्व के ब्याज दरों में बढ़ोतरी की अटकलों से विदेशी बाजारों में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की चौतरफा बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरता हुआ डेढ़ प्रतिशत उतर गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 872.28 अंक लुढ़ककर 59 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 58773.87 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 267.75 अंक टूटकर 17490.70 अंक पर आ गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की छोटी और मझौली कंपनियों में भी बिकवाली का जोर रहा। इस दौरान मिडकैप 1.80 प्रतिशत गिरकर 24,516.88 और स्मॉलकैप 1.17 प्रतिशत कमजोर होकर 27,844.73 अंक पर रहा।

रुपया 79.84 रुपये प्रति डॉलर पर स्थिर

मुंबई 22 अगस्त (अप्रस)। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में तेजी के बावजूद आयातकों और बैंकरों की बिकवाली के बल पर आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 79.84 रुपये प्रति डॉलर पर स्थिर रहा।

वहीं, पिछले कारोबारी दिवस रुपया 20 पैसे लुढ़ककर 79.84 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था।

शुरुआती कारोबार में रुपया छह पैसे टूटकर 79.90 रुपये प्रति डॉलर पर खुला।

सत्र के दौरान लिवाली के दबाव में 79.92 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। हालांकि बिकवाली से समर्थन पाकर यह 79.780 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस की तुलना में रुपया 79.84 रुपये प्रति डॉलर पर टिका रहा।

मुख्यमंत्री ने की राज्य स्तरीय दिशा समिति की बैठक की अध्यक्षता

खनन क्षेत्रों के 5 किलोमीटर के दायरे में सड़कों का रख-रखाव कॉन्ट्रेक्टर के माध्यम से करवाना सुनिश्चित करें : मनोहर लाल

मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को भू-जल स्तर में गिरावट के कारण खनन सामग्री के अवैध उत्खनन पर कड़ी नजर रखने के दिए निर्देश

- बैठक में सांसद, विधायक और प्रशासनिक सचिवों ने लिया हिस्सा
- स्कूल ड्रॉप आउट पर रीयल-टाइम डाटा प्राप्त करने के लिए बच्चों की आयु-वर्ग के अनुसार ट्रैकिंग प्रणाली तैयार करेगा विभाग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 22 अगस्त। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने संबंधित अधिकारियों को खनन स्थलों के भीतर व आसपास के क्षेत्रों में भू-जल स्तर की वास्तविक स्थितिल का पता लगाने के लिए खनन स्थलों पर पीजोमीटर लगाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खनन पर भू-जल का अत्यधिक दोहन करने के कारण भू-जल स्तर में कमी आ जाती है, जिससे अवैध खनन की संभावना बढ़ जाती है। अतः इस पर नियंत्रण रखने के लिए खनन स्थलों पर पीजोमीटर लगाये जाने आवश्यक हैं।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश आज यहां प्रशासनिक सचिवों, जिला उपायुक्तों, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और जिला नगर आयुक्तों के साथ राज्य स्तरीय दिशा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक की सह-अध्यक्षता विकास एवं पंचायत मंत्री श्री देवेंद्र बबली ने की। बैठक के दौरान केंद्र और राज्य सरकारों की विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में सांसद श्री संजय भाटिया, श्री धर्मबीर सिंह, श्री अरविंद शर्मा और राज्यसभा सांसद लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) डी.पी. वत्स, विधायक श्रीमती निर्मल रानी भी मौजूद रहीं। सांसद श्री बृजेंद्र सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में शामिल हुए।

खनन स्थलों के आसपास के क्षेत्र में सड़कों का रखरखाव सुनिश्चित करने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए कि किसी भी खनन स्थल के 5 किलोमीटर के दायरे में सभी सड़कों का रखरखाव संबंधित कॉन्ट्रेक्टर के माध्यम से ही करवाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त इस संबंध में जिला खनिज फाउंडेशन नियम, 2017 के अनुसार एक प्रस्ताव करें।

स्कूल ड्रॉप आउट पर अंकुश लगाने का प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने स्कूल ड्रॉप आउट पर अंकुश लगाने के लिए अथक प्रयास किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी छात्र किसी भी कारण से शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि अब इस प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए शिक्षा विभाग 5 से 18 वर्ष के आयु वर्ग तक के प्रत्येक छात्र की आयु-वार ट्रैकिंग की एक नई प्रणाली लागू करेगा। इस प्रणाली के तहत, उपरोक्त आयु वर्ग के बच्चे, जो परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) डाटा में पंजीकृत हैं, उन्हें शिक्षा विभाग द्वारा ट्रैक किया जाएगा ताकि ऐसे सभी बच्चों के बारे में वास्तविक समय की जानकारी एकत्र की जा सके ताकि ड्रॉप आउट दर को कम किया जा सके।

स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने का प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अंत्योदय उत्थायन के विजन के साथ कार्य कर रही है। इसके लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम को भी मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना से जोड़ा जाए ताकि पात्र परिवारों को स्वरोजगार के अधिक अवसर मिल सकें।

लाल डोरा से एक किलोमीटर के दायरे तक घरों को मिलेगा बिजली कनेक्शन

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली विभाग लाल डोरा से एक किलोमीटर के दायरे तक सभी घरों में बिजली कनेक्शन देने की संभावनाएं तलाशे। बैठक में मुख्यमंत्री को बताया गया कि प्रदेश में लाल डोरा के भीतर शत-प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है। फिर भी कोई बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन करता है, तो विभाग ने आवश्यकतानुसार कनेक्शन प्रदान करता है।

जिला स्तर पर दिशा समितियों की नियमित बैठकें करें उपायुक्त

मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों को जिला स्तरीय दिशा समितियों की नियमित बैठकें करने के निर्देश दिये ताकि इन बैठकों में उठाये गये सभी महत्वपूर्ण मुद्दों को राज्य स्तरीय दिशा समिति में रखा जा सके। जिससे जिलों में योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली किसी भी प्रकार की समस्या पर तत्काल विचार-विमर्श कर समाधान निकाला जा सके।

उज्ज्वला योजना के तहत कनेक्शन प्रदान करें

उज्ज्वला योजना के तहत दिये जाने वाले रसोई गैस कनेक्शन के संबंध में निर्देश देते हुए श्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रत्येक जिला उपायुक्त सुनिश्चित करें कि कोई भी परिवार गैस कनेक्शन से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि यदि राज्य में अभी भी किसी घर में घरेलू गैस कनेक्शन नहीं है तो ऐसे पात्र परिवार को तत्काल गैस कनेक्शन दिया जाए। मुख्यमंत्री ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को आवास मुहैया करवाने के दृष्टिगत राज्य में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में संभावित लाभार्थियों की पहचान करने के लिए चल रहे सर्वेक्षण कार्य में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

छात्राओं की सुरक्षा के लिए एक शिक्षक को बनाए नोडल अधिकारी

बैठक के दौरान, सासंदों ने छात्राओं के लिए सुरक्षित परिवहन सुविधा सुनिश्चित करने के लिए एक प्रणाली बनाने की मांग उठाई। इसे स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्कूलों में एक शिक्षक को नोडल अधिकारी बनाया जाए, जो सभी रूटों की निगरानी रखेगा, ताकि छात्राओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

न्यूज ब्रीफ

संदिग्ध हालात में दंपति और बच्चे का शव मिला

चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)। थाना आईटी पार्क क्षेत्र एरिया के अंतर्गत किराया के घर में रहने वाले पति, पत्नी और बच्चे का शव मिलने से हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता लग पाएगा। पुलिस मामले को लेकर हर एंगल से जांच में जुट गई है। मृतको की पहचान रेशम, पत्नी और एक ढाई वर्षीय बच्चे के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक पता चला है कि रेशम हाल ही में तीन-चार दिन पहले आईटी पार्क क्षेत्र एरिया के अंतर्गत भगवानपुरा में अपने बच्चों सहित किराए के मकान पर आया था। और इंडस्ट्रीएल एरिया स्थित एक होटल में काम करता था। सोमवार देर शाम पड़ोस में रहने वाले लोगों को मोहल्ले में स्मेल आई थी। जिसके चलते हड़कंप मच गया। आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा की रेशम फंदे से झूल रहा था। जबकि उसकी पत्नी और बच्चा जमीन पर पड़े थे। पुलिस मामले को लेकर हर एंगल से जांच पड़ताल कर रही है। आसपास के लोगो से पूछताछ कर रही है।

शहीद मेजर अमित आहूजा को दी श्रद्धांजलि

अम्बाला (अप्रस/राकेश मक्कड़)। भारत विकास परिषद महर्षि दयानंद शाखा द्वारा संस्कृति पखवाड़े के 9वें दिन शहीद मेजर अमित आहूजा को उनकी 21वीं पुण्यतिथि पर सैक्टर 7 स्थित शहीद मेजर अमित आहूजा पार्क एवं चौंक में उनकी शहादत को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की । इस प्रकल्प में उपस्थिति दीपक आनंद,राकेश जिंदल,नीरज अग्रवाल,मनोज गर्ग, प्रमोद गर्ग, मीना गर्ग,बृजमोहन मेहता,राजेंद्र अग्रवाल, कृष्ण लाल गुलाटी आदि उपस्थित रहे। सांयकाल के प्रकल्प में अम्बाला छावनी के एस डी अंध विद्यालय में भोजन देने की व्यवस्था की गई जिसमें शाखा अध्यक्ष राकेश जिंदल, पूनम रावल, अमित चानना, राजेंद्र अग्रवाल, सतनाम नागपाल, यशस्वी गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

शिक्षक 28 को करेंगे शिक्षामंत्री के घर का घेराव

खरड़ (अप्रस)। बेरोजगार ड्राइंग मास्टर्स संघर्ष कमेटी पंजाब ने बेरोजगारो शिक्षकों की मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री द्वारा अपनाए नकारात्मक व्यवहार के विरोध में 28 अगस्त को गांव गंभीरपुर रोपड़ में पंजाब के शिक्षा मंत्री के घर की घेराबंदी करने की घोषणा की है। बेरोजगार ड्राइंग मास्टर्स संघर्ष कमेटी पंजाब के प्रधान संदीप सिंह ने बताया कि पंजाब सरकार ने 10 वर्षो के बाद आर्ट एंड क्राफ के 250 पदो की भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला। लेकिन इस भर्ती के लिए शैक्षणिक योगता 10वीं या 12वीं कक्षा के बाद आर्ट एंड क्राफट डिप्लोमा करने वाले उम्मीदवारों में से कोई भी इन पदो के लिए योगय नहीं माना गया। इसकी बजाए वर्ष 2018 में बनाए शिक्षक विरोधी सेवा नियमों अनुसार शैक्षणिक योगता बीए,फाइन आर्ट विषय के साथ बीएड और टैट पास निधार्रित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि पंजाब में आज भी सरकारी कॉलेजो में डिप्लोमा करवाया जा रहा है और पड़ोसी राज्यों में डिप्लोमा के आधार पर इस विषय की भर्ती होती है लेकिन पंजाब सरकार के इन नियमों से पंजाब के 33000 आर्ट एंड क्राफट डिप्लोमा धारको का भविष्य बर्बाद हो रहा है। संदीप सिंह ने बताया कि वर्ष 2002 और 2010 में भी पंजाब सरकार ने इस विषय की भर्ती डिप्लोमा के आधार पर की थी। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों से संबंधित नौजवान डिप्लोमा करते है ताकि उन्हें रोजगार मिल सके। संदीप सिंह ने बताया कि कई बार शिक्षा मंत्री और शिक्षा अधिकारियों के साथ मीटिंगे करने के बादवूद उनकी कोई सुनवाई नही हो रही

पंजाब के पूर्व फूड सप्लाई मिनिस्टर आशू गिरफ्तार

टेंडर घोटाले में पकड़ा, दिन में ही विजिलेंस डायरेक्टर को किया था चैलेंज, समर्थकों का प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

लुधियाना, 22 अगस्त। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य के पूर्व फूड सप्लाई मिनिस्टर और कांग्रेसी नेता भारत भूषण आशू को सोमवार देर शाम गिरफ्तार कर लिया। आशू को ट्रांसपोर्टेशन टेंडर घोटाले में गिरफ्तार किया गया। आशू को विजिलेंस टीम ने उस समय दबोचा जब वह एक सैलून में बाल कटवाने गए थे। इस दौरान लुधियाना के कांग्रेसी सांसद रवनीत सिंह बिट्टू भी आशू के साथ मौजूद थे। आशू की गिरफ्तारी के समय बिट्टू विजिलेंस अधिकारियों से भिड़ गए।

विजिलेंस अधिकारियों ने पूरी प्लानिंग के तहत रेड कर आशू को गिरफ्तार किया। राज्य की मंडियों में गेहूं की लोडिंग-अनलोडिंग से जुड़े टेंडर घोटाले में गिरफ्तार ठेकेदार ने आशू का नाम लिया था। उसके बाद से आशू विजिलेंस के रडार पर थे। सोमवार को

विजिलेंस टीम ने सैलून में बाल कटवाने पहुंचे आशू को गिरफ्तार कर लिया। आशू की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस ने लुधियाना विजिलेंस ऑफिस का घेराव शुरू कर दिया है।

सुबह ही एचसी से पिटीशन वापस ली थी

भारत भूषण आशू ने एचसी में पिटीशन दायर की थी। जिसमें गिरफ्तारी से पहले 7 दिन के नोटिस की मांग की थी। हालांकि आज सुबह ही आशू ने यह पिटीशन वापस ले ली। उन्होंने नए सिरे से पिटीशन दायर करने की छूट मांगी। इसकी भनक विजिलेंस को भी लग गई। आशू फिर से हाईकोर्ट पहुंचते, विजिलेंस ने आशू को गिरफ्तार कर लिया।

दिन में विजिलेंस डायरेक्टर को चैलेंज किया था

पंजाब कांग्रेस ने आज चंडीगढ़ में विजिलेंस के डायरेक्टर के ऑफिस के बाहर धरना दिया था। इस दौरान आशू ने चैलेंज किया था कि वह यहां मौजूद हैं, विजिलेंस गिरफ्तार कर ले। उस वक्त विजिलेंस ने कोई एक्शन नहीं लिया। धरने के बाद आशू वापस लुधियाना लौट गए। देर शाम वह फुरसत में सेलून पहुंचे तो विजिलेंस वहां गिरफ्तार करने पहुंच गई।

टेंडर घोटाला: स्कूटर, बाइक पर माल की ढुलाई दिखाई

लेबर ट्रांसपोर्टेशन टेंडर घोटाला में अनाज मंडियों में आरोपी वाहनों पर नकली नंबर प्लेट लगाकर माल की ढुलाई करते थे। वहीं आरोपियों ने टेंडर लेने से पहले विभाग में गलत वाहनों के नंबर लिखवा दिए। जांच के दौरान पता चला कि जो नंबर लिखवाए थे वह स्कूटर, बाइक आदि टू-व्हीलर के थे। जिन वाहनों के यह नंबर हैं, वह माल ढोने के लिए मान्य ही नहीं हैं। इस मामले में करीब 2 महीने पहले कुछ ट्रांसपोर्ट मालिकों व ठेकेदारों की ओर से उस समय के कैबिनेट मंत्री भारत भूषण आशू पर कुछ कॉन्ट्रैक्टर और ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने और करोड़ों रूपए की धोखाधड़ी करने के आरोप लगे थे। अब इस मामले में जांच के बाद विजिलेंस की ओर से एफआईआर दर्ज करके गिरफ्तारी करनी शुरू कर दी गई है। आशू पर टेंडरिंग के 2 हजार करोड़ के घोटाले का भी आरोप है।

मोहाली में आए कोरोना के 29 नए मरीज

मोहाली (अप्रस)। जिले में सोमवार को 29 लोग कोरोना संक्रमित हुए, जबकि 55 मरीज ठीक हुए। सक्रिय मरीज संख्या अब कम होकर 387 रह गई है। डीसी अमित तलवार ने कहा कि भले ही कोरोना के केस कम हो रहे हैं, लेकिन लोगों को पहल के आधार पर टीकाकरण करवाना होगा। तभी कोरोना महामारी को मात दी जा सकती है। सोमवार को मोहाली जिले में कुल 682 लोगों के कोरेना संबंधी सैंपल लिए गए। जिनमें से 160 सैंपल सरकारी व 522 निजी अस्पतालों में से लिए गए। सक्रिय 357 मरीज का घरों पर ही इलाज चल रहा है। 8 गंभीर मरीजों का इलाज सरकारी अस्पताल में चल रहा है। सक्रिय मरीजों में 22 ग्रामीण और शेष शहरी एरिया से संबंधित है। जिले में अब तक 100456 लोगों को कोरोना संक्रमित हो चुके है। वहीं अब तक 1167 लोगों की कोरोना से मौत हुई है।

राज्य स्तरीय जूनियर यूथ वूशु प्रतियोगिता में कैथल ने जीते 24 पदक

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल, 22 अगस्त। फतेहाबाद में 19 से 21 अगस्त तक हुई राज्य जूनियर यूथ वूशु प्रतियोगिता में कैथल के खिलाड़ियों ने जीते 24 पदक जीत कर जिले का नाम रोशन किया।। जिला वूशु संघ के सचिव दीपक कुमार लोट ने बताया कि प्रतियोगिता में 22 जिलों के लगभग 550 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें जिला कैथल के 17 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिन्होंने 18 स्वर्ण 4 रजत व 2 कांस्य पदक प्राप्त किए। इसमें ताओलू इवेंट में जीवन विजेता ने लगातार 8वीं बार अलग अलग इवेंट्स में भाग लेते हुए 4 स्वर्ण पदक प्राप्त किए। सरकारी वूशु सेंटर के योगेश ने 4 स्वर्ण, तरुण ने 2 स्वर्ण, स्नेहा ने 2 स्वर्ण, राजपति ने 1 स्वर्ण 2 रजत, पायल देवी ने 1 स्वर्ण 1 रजत, नवीन ने 1 स्वर्ण 1 रजत पदक प्राप्त किए। आरकेएसडी कालेज के विशाल ने 1 स्वर्ण, 1 रजत, सन राइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल की निशा ने 1 स्वर्ण, 1 कांस्य पदक प्राप्त किया। सीवन से मीनाक्षी ने 1 स्वर्ण, 1 कांस्य पदक प्राप्त किया। सांशु इवेंट में कैथल के अजय, ज्योति, नवदीप, गुहला से हर्ष जगत, सलोनी, सब्बो और हरसिमरनजीत कौर ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। टीम का कैथल पहुंचने पर होली चाइल्ड स्कूल में स्कूल के प्रधानाचार्य अशोक अरोड़ा द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। जिला वूशु संघ के प्रधान प्रयाग राज बालू ने खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी। सनराइज स्कूल के निदेशक खुशी राम, समाज सेवी ओम प्रकाश, बाबा लदाना से भरथरी ने सभी खिलाड़ियों और अभिभावकों, टीम कोच मोनिका, ऑफिशियल रजनी राणा को बधाई दी। संघ के प्रधान ने सचिव दीपक कुमार लोट और सरकारी वूशु कोच रीता रानी को बधाई दी।

सांसद किरण खेर ने की एमपीलैड की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता, बोलीं-

समय पर पूरा करें काम, देरी स्वीकार नहीं

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 22 अगस्त। शहर की सांसद किरण खेर की अध्यक्षता में सोमवार को 17वीं लोकसभा की पहली संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास निधि (एमपीलैड) समीक्षा बैठक हुई। बैठक में यूटी प्रशासन के उपायुक्त विनय प्रताप सिंह के अलावा यूटी प्रशासन व नगर निगम के अन्य अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक के दौरान खेर ने एग्जीक्यूटिंग एजेंसियों से चल रहे कार्यों में तेजी लाने को कहा ताकि समय पर काम पूरा हो सके। उन्होंने कहा कि काम में देरी स्वीकार नहीं होगी। बैठक में खेर की जानकारी में लाया गया कि कार्य पूर्ण होने के बाद भी बड़ी संख्या मं यूटीलाइजेशन सर्टिफिकेट जमा नहीं किये गगए हैं। उन्होंने सभी एग्जीक्यूटिंग एजेंसियों से तत्काल सर्टिफिकेट जमा करने को कहा। प्रत्येक एग्जीक्यूटिंग एजेंसी द्वारा उचित समन्वय के लिए प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और नोडल अधिकारी की नियुक्ति पर बैठक में विशेष जोर दिया गया।

अकाल तख्त के जत्थेदार ने परमवीर को किया सम्मानित

सिंह साहेबान ने की पियरसन स्कालर परमवीर सिंह की सराहना

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

करनाल, 22 अगस्त। पियरसन स्कालर परमवीर सिंह के लिए आज ये बेहद ख़ुशी व गर्व के पल रहे जब उसे सिख क़ौम की सिरमौर हस्ती श्री अकाल तख़ूत साहेब के जत्थेदार सिंह साहेब ज्ञानी हरप्रीत सिंह के हाथों सम्मानित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कनाडा की नम्बर 1 रैंकिंग प्राप्त यूनिवर्सिटी आफ टोरोंटो से मैनज्मेंट की पढ़ाई के लिए परमवीर सिंह को लगभग दो करोड़ से अधिक की स्कालर्शिप प्राप्त होने को समाज के साथ साथ सिख क़ौम के लिए सम्मान की बात बताते हुए जत्थेदार हरप्रीत सिंह ने आज परमवीर सिंह को तख़ूत श्री दमदमा साहेब तलवंडी साबो, ज़िला बठीन्डा में सिरोपा पहनाकर व तख़ूत साहेब का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह क़ौम के लिए मान की बात है कि इस वर्ष पूरी दुनिया से जो 37 बच्चे इस स्कालर्शिप के लिए चयनित हुए हैं, ओर भारत के जो चार बच्चे इस सूची में हैं उन्मे से तीन बच्चे सिख हैं। तख़ूत श्री दमदमा साहेब के प्रबंधक रणजीत सिंह ने कहा कि परमवीर सिंह अमृतधारी नौजवान है। वह उन सिख बच्चों के लिए प्रेरणा है जिन्हें लगता है कि केस क़त्ल करवाकर ही सफलता हासिल की जा सकती है। इस अवसर पर मौजूद शिरोमणि गतका फ़ेडरेशन आफ इंडिया के प्रधान गुरतेज सिंह खालसा ने परमवीर सिंह की सफलता को उसकी कड़ी मेहनत ओर परमात्मा की कृपा का परिणाम बताया। श्री अकाल तख्त साहेब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह के हाथों से मिले सम्मान को अपनी ज़िदगी का सबसे बड़ा सम्मान बताते हुए परमवीर सिंह ने कहा कि श्री अकाल तख्त साहेब वो पवित्र स्थान है जिसकी स्थापना छठे गुरु श्री गुरु हरगोबिंद साहेब ने की थी।

अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@yahoo.com, arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)